✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात



सीएम नीतीश कुमार से शिष्टाचार मुलाकात करते नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सचिन चतुर्वेदी

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 43 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, बुधवार, 9 जुलाई 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

26th ANNIVERSARY

राज्य के शैक्षणिक विकास हेतु अग्रसर

पारामेडिकल, नर्सिंग, फार्मेसी, मैनेजमेंट, कंप्यूटर साइंस, होटल मैनेजमेंट, लॉ एवं वोकेशनल में राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा अब बिहार में

## पारामेडिकल, नर्सिंग एवं मैनेजमेंट में 100 विद्यार्थियों को निःशुल्क नामांकन सह प्रशिक्षण

# बिहार के छात्रों की पहली पसंद बना अम्बेदकर इंस्टीच्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, पटना

**Student Credit Card Facility**

### संचालित कोर्सेस

**मैनेजमेंट (AICTE Approved)**

- MBA- (एच.आर., हेल्थ केयर एंड हॉस्पिटल मैनेजमेंट, फाइनेंस, एडमिनिस्ट्रेशन)
- PGDM – पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट
- PGCM – पोस्ट ग्रेजुएट सर्टिफिकेट इन मैनेजमेंट
- BBA – बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन
- BHM&CT – बैचलर इन होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी

**फार्मेसी**

- डॉक्टर ऑफ फार्मेसी (Pharm D.)
- मास्टर ऑफ फार्मेसी (M.Pharm)
- बैचलर ऑफ फार्मेसी (B.Pharm)
- डिप्लोमा इन फार्मेसी (D.Pharm)

**पारामेडिकल**

- मास्टर ऑफ फिजियोथेरापी (MPT)/ मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी (MMLT)/ ऑप्टोमेट्री एंड ऑफ्थैल्मिक टेक्नोलॉजी (MOOT)
- बैचलर इन फिजियोथेरापी (BPT)/ मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी (BMLT)/ ऑप्टोमेट्री एंड ऑफ्थैल्मिक टेक्नोलॉजी (BOOT)
- डिप्लोमा इन फिजियोथेरापी (DPT)/ ऑपरेशन थिएटर (DOT)/मेडिकल लैब टेक्नीशियन (DMLT) / सैनेटरी इंस्पेक्टर (DSI)/ सर्टिफिकेट इन मेडिकल ड्रेसर (CMD)

**नर्सिंग**

- एम.एस.सी. नर्सिंग (M.Sc. Nursing)
- पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग (P.B.B.Sc. Nursing)
- बी.एस.सी. नर्सिंग (B.Sc. Nursing)
- जी.एन.एम. (G.N.M.)
- ए.एन.एम. (A.N.M.)

**कंप्यूटर साइंस एंड मास कॉम**

- MCA- मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन
- BCA- बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन
- BJMC- बैचलर इन जर्नलिज्म एंड मास कॉम्यूनिकेशन

**पॉलिटेक्निक**

- सिविल • मेकैनिकल • इलेक्ट्रिकल
- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI)

**लॉ कॉलेज**

- मास्टर ऑफ लेजिसलेटिव लॉ (LL.M.)
- बैचलर ऑफ लेजिसलेटिव लॉ (LL.B.)
- बैचलर ऑफ आर्टस एंड बैचलर ऑफ लेजिसलेटिव लॉ (B.A. LL.B.)
- बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन एंड बैचलर ऑफ लेजिसलेटिव लॉ (B.B.A. LL.B.)

**आई.टी.आई.**

- इलेक्ट्रिशियन • फिटर • मैकेनिक डीजल

★★★ 100% JOB ASSISTANCE

for more details scan this QR Code

## मेडिकल लैब, ऑप्टोमेट्री, ओटी., ड्रेसर एवं फिजियोथेरापी में 100 विद्यार्थियों का नामांकन एवं प्रशिक्षण निःशुल्क।

अम्बेदकर इंस्टीच्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, छितनावां, दानापुर, पटना राज्य की दशकों पुरानी संस्थान है जो



अम्बेदकर ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन के अन्तर्गत संचालित है। संस्थान से

**फिजियोथेरापी चिकित्सक तथा पारामेडिकल में बेहतर चिकित्साकर्मी हेतु राष्ट्रीय स्तर के संसाधन एवं प्रशिक्षण उपलब्ध हुआ बिहार में**

पाठ्यक्रम को पूरा कर हजारो विद्यार्थी प्रतिवर्ष रोजगार प्राप्त कर रहे हैं। संस्थान में पारा-मेडिकल में डिप्लोमा, डिग्री एवं मास्टर डिग्री के प्रशिक्षण की व्यवस्था राष्ट्रीय मानक के अनुरूप किया गया है। आज जहाँ पारा-मेडिकल के अंतर्गत मेडिकल लैब टेक्नॉलोजी, ऑपटॉमेट्री, ओ0टी0, ड्रेसर का प्रशिक्षण कर विद्यार्थी टेक्नीशियन एवं लैब असिस्टेंट एवं लेक्चरर बन रहे हैं। वही फिजियोथेरापी करने वाले विद्यार्थी चिकित्सक बन रहे



हैं। आज हमारे सैकड़ो प्रशिक्षित विद्यार्थी फिजियोथेरापी चिकित्सक के रूप में अपनी सेवा सरकारी एवं प्राईवेट हॉस्पिटल में दे रहे हैं तथा सैकड़ों फिजियोथेरापी चिकित्सक अपना क्लिनिक शुरू कर गरीबों एवं मरीजों को सेवा दे रहे हैं। छात्रों को शत-प्रतिशत प्लेसमेंट सहायता उपलब्ध है। सभी चयनित प्रशिक्षुओं को वार्षिक भत्ता के रूप मे संस्थान द्वारा 36 हजार रूपये प्रतिवर्ष प्रदान किया जायेगा द्वितिय वर्ष से।

**MMLT, MOTT, MPT में नामांकन लेनेवाले विद्यार्थियों को रू0. 12,000/-प्रतिमाह स्टाइपेंड प्रदान किया जायेगा।**

## छात्रवृति

### पारा-मेडिकल, नर्सिंग एवं मैनेजमेंट से 100-100 विद्यार्थियों को निःशुल्क प्रशिक्षण

यह नामांकन योग्यता आधारित प्रवेश परीक्षा के माध्यम से किया जाएगा, जिसकी अंतिम तिथि 26 जुलाई 2025 है। जो दिनांक 3 अगस्त 2025 को पटना, सिवान एवं सासाराम में आयोजित की जाएगी। परीक्षा का समय प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक निर्धारित है। इस परीक्षा को छात्र हिंदी अथवा अंग्रेजी भाषा में दे सकते हैं। परिणाम की घोषणा 9 अगस्त 2025 को संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट एवं सूचना बोर्ड पर की जायेगी।

- राष्ट्रीय स्तर के संसाधन
- राष्ट्रीय स्तर के नेटवर्क
- राष्ट्रीय स्तर के प्रबंधन
- राष्ट्रीय स्तर का प्लेसमेंट

**एम फार्म एवं फार्म डी. में नामांकित विद्यार्थियों को रू. 12000 प्रतिमाह स्टाइपेंड**

## डॉक्टर ऑफ फार्मेसी, एम. फार्म, बी. फार्म एवं डी. फार्म की मान्यता प्राप्त करने वाला राज्य का पहला ग्रुप बना अम्बेदकर ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन

कोविड 19 महामारी के बाद दुनिया में प्रशिक्षित एवं पेशेवर फार्मासिस्टों की मांग काफी अधिक हो गयी है। फार्मेसी में प्रति वर्ष हमारे ग्रुप द्वारा 750 विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। विद्यार्थियों के प्रशिक्षण हेतु राष्ट्रीय एजेंसियों द्वारा लैब को तैयार किया गया है, जहाँ विद्यार्थियों हेतु स्मार्ट क्लास रूम, हर्बल गार्डेन एवं इंडस्ट्रीयल ट्रेनिंग की सुविधा उपलब्ध है। अम्बेदकर इंस्टीच्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, दानापुर, पटना, ममता इंस्टीच्यूट ऑफ

**फार्मेसी हेतु राष्ट्रीय स्तर का लैब एवं एडवांस प्रशिक्षण की व्यवस्था अब बिहार में**

एजुकेशन, दरौंधा, सिवान एवं अम्बेदकर कॉलेज ऑफ एजुकेशन अमरातालब, सासाराम, रोहतास का



इंफ्रास्ट्रक्चर संस्थान को देश कि बेहतरीन संस्थानो में अव्वल स्थान दिलाती है।







## राज्य का सबसे बड़ा ग्रुप जहां बीबीए, बीसीए एवं बीजेएमसी में डिग्री के साथ हीं एमबीए एवं पीजीडीएम उपलब्ध है एक हीं परिसर में

**वार्षिक भत्ता रूपये 36 हजार प्रति वर्ष**

राज्य में बेहतर प्रबंधन हेतु मैनेजमेंट प्रोफेशनल की आवश्यक्ता को ध्यान में रखते हुए संस्थान द्वारा बी.बी.ए., एम.बी.ए., पी.जी.डी.एम, पी. जी.सी.एम., बी.सी.ए., एम.सी.ए., मास कॉम. एवं बैचलर ऑफ होटल मैंनेजमेंट एण्ड कैटरिंग टेक्नोलॉजी का संचालन किया जा रहा है जिसे ए.आई.सी.टी.ई. भारत सरकार, नई दिल्ली से मान्यता के साथ हीं आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविलय से संबद्धता प्राप्त है। मैनेजमेंट के प्रशिक्षण में मांग को पूरा करने के लिए बिहार की राजधानी में अम्बेदकर इंस्टीच्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, छितनावां, दानापुर, पटना के साथ-साथ ममता इंस्टीच्यूट ऑफ एजुकेशन, चिंतामनपुर, दरौंधा, सिवान में





भी मैनेजमेंट का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

विद्यार्थियों के बेहतर प्लेसमेंट के लिए कई बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के साथ संस्थान का टाईअप है। आत्मनिर्भर योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को द्वितिय वर्ष से प्रशिक्षण के साथ हीं पार्ट टाइम जॉब का अवसर प्रदान किया जायेगा। सभी चयनित प्रशिक्षुओं को वार्षिक भत्ता के रूप मे संस्थान द्वारा 36 हजार रूपये प्रति वर्ष प्रदान किया जायेगा द्वितिय वर्ष से।

**स्टूडेन्ट क्रेडिट कार्ड के अंतर्गत निःशुल्क नामांकन, प्रशिक्षण एवं आवासीय सुविधा उपलब्ध।**

## एलएलबी, बीए एलएलबी, बीबीए एलएलबी शिक्षण की राष्ट्रीय स्तर की सुविधा पटना में

विगत वर्ष 2023 से अम्बेदकर समूह ने अम्बेदकर लॉ कॉलेज का संचालन छितनावाँ, दानापुर, पटना में किया जा रहा है जिसमें LL.B, B.A.LL.B एवं B.B.A. LL.B पाठ्यक्रमों की शिक्षा दी जाती है।

अम्बेदकर लॉ कॉलेज पाटलीपुत्र विश्व विद्यालय से संबद्ध है एवं बार काउंसिल ऑफ इंडिया, नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त है। इस संस्थान का उद्देश्य राष्ट्रीय स्तर पर कानूनी शिक्षा का विकास बिहार में करना है। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए राष्ट्रीय स्तर का मूट कोर्ट, लाइब्रेरी एवं कंप्यूटर लैब की व्यवस्था है। संस्थान के पुस्तकालय में 50,000 से भी अधिक पुस्तकें एवं सैकड़ों राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय जर्नल्स उपलबध है। भूतपूर्व न्यायाधीश, पटना उच्च न्यायालय एवं भूतपूर्व जिला न्यायाधीश के साथ ही विभिन्न वरिष्ठ अधिवक्ता, पटना उच्च न्यायालय से संस्थान के संचालन एवं शिक्षण- प्रशिक्षण में जुड़े हैं। समय-समय पर विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के




लिए कानूनी एवं सामाजिक परिवर्तन से सम्बधिंत विषयों पर वाद-विवाद एवं सेमिनार करवाए जाते है। यह संस्थान राज्य में लॉ के शिक्षण प्रशिक्षण हेतु राष्ट्रीय स्तर के संसाधनों से युक्त है।

## नर्सिंग के 100 छात्राओं का नामांकन एवं प्रशिक्षण निःशुल्क

बिहार का एक उत्कृष्ट संस्थान जहां अति साधारण पृष्ठभूमि से आए विद्यार्थी असाधारण सफलता अर्जित कर रहे हैं।

**निःशुल्क नामांकन, प्रशिक्षण एवं आवसीय सुविधा उपलब्ध**

ग्रुप के अन्तर्गत नर्सिंग, पाठ्यक्रम का संचालन अम्बेदकर इंस्टीच्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, दानापुर, पटना, आहे प्रोफेशनल इंस्टीच्यूट, आर.के.पुरम, पटना, अम्बेदकर कॉलेज ऑफ एजुकेशन, अमरातालाब, सासाराम एवं ममता इंस्टीच्यूट ऑफ एजुकेशन, दरौंधा, सिवान में किया जा रहा है, जिसे बिहार युनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ सायंस एवं आर्यभट्ट नॉलेज यूनिवर्सिटी से तथा स्टेट नर्सिंग काउन्सिल से मान्यता एवं स्वास्थ्य विभाग से अनुमति प्राप्त है। जहाँ योग्य शिक्षकों की टीम द्वारा प्रशिक्षण दिया जाता है जो हजारो नर्सिंग विद्यार्थियों को प्रति वर्ष प्रशिक्षण देकर रोजगार दिलाने में राज्य में सबसे अव्वल है।

नर्सिंग संस्थान में राष्ट्रीय स्तर के प्रयोगशाला, लाईब्रेरी की व्यवस्था है जहां एक लाख पुस्तकें उपलब्ध है। कम्प्यूटर लैब एवं प्ले ग्राउंड की सुविधा के साथ ही बेहतरीन कैंटीन



उपलब्ध है। हमारा वृहद् सेन्ट्रली ए.सी. ऑडिटोरियम में एक हजार छात्र- छात्राओं के बैठने की व्यवस्था हैं। वाई.फाई. की सुविधा के साथ ही केन्द्रों से विद्यार्थियों को लाने और ले जाने के लिए यातायात सुविधा उपलब्ध है। ऑडियो एवं विजुअल के साथ ही स्मार्ट क्लासरूम की सुविधा उपलब्ध है। व्यवहारिक प्रशिक्षण हेतु प्राइवेट हॉस्पिटल के साथ राज्य के विभिन्न सरकारी हॉस्पिल से संबद्ध है। संस्थान द्वारा 100 विद्यार्थियों को प्रशिक्षण निःशुल्क प्रदान किया जायेगा।

**Colleges running under Ambedkar Group of Institution**

- **Ambedkar Institute of Higher Education (AIHE)** Chhitnawa, Danapur, Patna
- **Aihe Professional Institute (API)** R. K. Puram, Danapur, Patna
- **Ambedkar College of Education (ACE)** Amratalab, Sasaram, Rohtas
- **Mamta Institute of Education (MIE)** Daraundha, Siwan
- **Ambedkar Law College (ALC)** Chhitnanwa, Danapur, Patna

# AMBEDKAR GROUP OF INSTITUTION




**Recognized by:** Deptt. of Health, Govt. of Bihar, Nursing Council, Pharmacy Council of India & Bar Council of India, New Delhi

**Approved by :** A.I.C.T.E, Ministry of H.R.D. Govt. of India, New Delhi

**Affiliated to:** Bihar University of Health Sciences, Aryabhatta Knowledge University, Patliputra University, Patna & SBTE, Science & Technology, Govt. of Bihar

**Admin Office : AGI Campus, Gola Road More (Opp. Bank of Baroda), Bailey Road, Patna - 801503 (Bihar)**

info@ agipatna.in Website : www.agipatna.in | www.aihe.in | www.paramedicalbohar.in | www.aihedu.in | www.mieedu.in | www.ambpharmacy.com | www.amblawcollege.com



















**8102916973 / 6287797757 / 9334687761 / 9386806864 / 9031018239**

### केवीआइसी अध्यक्ष मनोज कुमार ने किया बिहार का एक दिवसीय दौरा

# खादी की गुणवत्ता और उपलब्धता में सुधार का निर्देश

## 102 खादी संस्थाओं के बजट के माध्यम से 9004 कारीगरों को रोजगार मिला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** खादी और ग्रामोद्योग आयोग, सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के अध्यक्ष मनोज कुमार ने सोमवार को बिहार का एक दिवसीय दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खादी केवल वस्त्र नहीं, यह आत्मनिर्भर भारत का प्रतीक बन चुकी है। यह परिवर्तन संभव हुआ है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व के कारण। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में खादी का पुनर्जागरण हुआ है। अध्यक्ष केवीआईसी का यह दौरा राज्य में खादी और ग्रामोद्योग की योजनाओं की समीक्षा एवं भविष्य




की रणनीति तय करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। पटना आगमन के पश्चात मनोज कुमार ने हाजीपुर के औद्योगिक क्षेत्र में स्थित केंद्रीय पूनी संयंत्र का दौरा किया। उन्होंने संयंत्र की नवीनीकरण की स्थिति और गुणवत्ता नियंत्रण के मुद्दों पर विस्तार से समीक्षा की। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि खादी की गुणवत्ता और उपलब्धता में सुधार के लिए आधुनिक तकनीक और कार्य संस्कृति को अपनाया जाए। अध्यक्ष केवीआईसी ने बोधगया में प्रस्तावित खादी अनुभव सह ज्ञान केन्द स्थापित करने की योजना की भी समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि केंद्रीय एमएसएमई मंत्री जीतन राम मांझी और केंद्रीय एमएसएमई राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे के मार्गदर्शन में स्थापित होने वाला यह केंद्र न केवल पर्यटकों के लिए खादी को जानने और खरीदने का मंच होगा, बल्कि स्थानीय कारीगरों को भी सीधा लाभ देगा। उन्होंने कहा कि बोधगया जैसे अंतरराष्ट्रीय स्थल पर खादी का केंद्र स्थापित कर हम भारत की सांस्कृतिक विरासत और स्वदेशी आत्मा को वैश्विक मंच दे सकते हैं। यह प्रस्तावित प्रोजेक्ट इसी दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप केवीआईसी की पहल है।

इस अवसर पर केवीआईसी के राज्य कार्यालय, पटना में राज्य की 100 से अधिक खादी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ 'खादी संवाद' का आयोजन हुआ। संवाद के दौरान खादी विकास योजना, ग्रामोद्योग विकास योजना तथा पीएमईजीपी के अंतर्गत हुई प्रगति, चुनौतियां एवं सुझावों पर विस्तृत चर्चा की गई। अध्यक्ष ने सभी संस्थाओं से कहा कि प्रधानमंत्री का स्पष्ट संदेश है कि ग्रामीण भारत की आत्मनिर्भरता में खादी की केंद्रीय भूमिका होनी चाहिए। हमें इस संकल्प को सिद्धि में बदलना है। उन्होंने आगे कहा कि राज्य कार्यालय, पटना के अंतर्गत यहां के 28 जिलों में 102 खादी संस्थाएं कार्यरत हैं जिनके माध्यम से 9004 कारीगरों को रोजगार मिल रहा है। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत पिछले 11 वर्षों में बिहार में 36,129 नयी इकाइयों की स्थापना हुई है जिसके जरिए यहां पर अनुमानित 2,78,957 लोगों को रोजगार मिल रहा है। इन इकाइयों की स्थापना के लिए भारत सरकार ने 1041.11करोड़ रुपये की मार्जिन मनी सब्सिडी वितरित की है। ग्रामोद्योग विकास योजना के अंतर्गत बिहार में अभी तक लगभग17 हजार से अधिक मशीन और टूलकिट का वितरण किया गया है।

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया अभिलेख भवन में निर्माण कार्य का शिलान्यास

### नरेन्द्र भवन का निर्माण कार्य बेहतर ढंग से पूरा करने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नेहरू पथ स्थित अभिलेख भवन के परिसर में नये भवन के निर्माण कार्य का शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया। शिलान्यास के पश्चात मुख्यमंत्री ने निर्माण स्थल का जायजा लिया और तेजी से निर्माण कार्य करने का निर्देश दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि अभिलेखों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुये अभिलेख भवन परिसर में अभिलेख भवन के पीछे वाले भाग में नये भवन का निर्माण कराया जा रहा है ताकि महत्वपूर्ण रिकॉर्डों को और बेहतर ढंग से संरक्षित रखा जा सके। उन्होंने कहा कि इस नये भवन का निर्माण कार्य बेहतर ढंग से पूर्ण करें। मुख्यमंत्री ने अभिलेख भवन परिसर का भी जायजा लिया और वहां की



व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, अभिलेख भवन के निदेशक डॉ. मो. फैसल अब्दुल्लाह सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## किसान मोर्चा ने 100 करोड़ के अनुदान को बताया 'ऊंट के मुंह में जीरा'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में मानसून की बेरुखी ने कृषि पर गहरा असर डाला है। औसतन 46 प्रतिशत कम वर्षा के कारण राज्य के कई जिलों में जल संकट गहराता जा रहा है। संयुक्त किसान मोर्चा, बिहार ने इसे गंभीर संकट करार देते हुए सरकार द्वारा घोषित 100 करोड़ रुपये के सुखाड़ राहत पैकेज को किसानों के साथ मजाक बताया है। किसान मोर्चा के नेताओं – दिनेश कुमार, अशोक प्रसाद सिंह, आनंद किशोर, अमेरिका महतो और भूप नारायण सिंह ने संयुक्त बयान जारी कर कहा है कि यह अनुदान प्रस्ताव किसानों के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है। उनका कहना है कि इस गंभीर स्थिति में कम से कम 1000 करोड़ रुपये का राहत पैकेज अविलंब घोषित किया जाना चाहिए। बिहार में जलस्तर लगातार नीचे गिर रहा है। नदियों के जलस्तर में गिरावट का एक बड़ा कारण बालू के अंधाधुंध खनन को बताया गया है। चापाकल और बोरिंग फेल हो रहे हैं, पीने के पानी के लिए भी हाहाकार मचा है। बांका, जमुई, मुंगेर, नवादा, गया और औरंगाबाद जैसे जिलों में हालात बद से बदतर हो चुके हैं। यहां पेयजल के लिए त्राहिमाम मचा है। दरभंगा और मधुबनी, जो सामान्यतः बाढ़ प्रभावित होते हैं वहां भी लोग बूंद-बूंद पानी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार जुलाई में भी वर्षा कम होने की संभावना है जिससे किसानों की चिंता और बढ़ गई है। सूखे का प्रभाव खरीफ फसलों पर सीधा पड़ रहा है। राज्य भर में धान की रोपनी बेहद कम स्तर पर है – पूर्णिया में 10 प्रतिशत, सीतामढ़ी में 8 प्रतिशत, कटिहार में 7 प्रतिशत, सिवान, सारण, गोपालगंज, जहानाबाद, पूर्वी चंपारण और मधुबनी जैसे जिलों में मात्र 2-3 प्रतिशत जबकि भोजपुर में अभी तक शुरुआत भी नहीं हुई है। बक्सर, अररिया, भागलपुर, समस्तीपुर और नालंदा में भी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। किसानों का कहना है कि यदि सरकार ने अविलंब पर्याप्त राहत और प्रोत्साहन नहीं दिया तो इस साल धान उत्पादन में 25 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आ सकती है। उमस और भीषण गर्मी के चलते डायरिया, बुखार, सर्दी और खांसी जैसी मौसमी बीमारियों से अस्पतालों में मरीजों की भीड़ बढ़ती जा रही है। संयुक्त किसान मोर्चा ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने स्थिति की गंभीरता को नहीं समझा और किसानों की तत्काल मदद नहीं की, तो राज्यभर में बड़े आंदोलन छेड़े जाएंगे। इसकी पूरी ज़िम्मेदारी सरकार की होगी।

## बिहार में एस.आई.आर. आदेश के तहत मतदाता सूची पुनरीक्षण तेजी पर

### 97.42% मतदाताओं को पूर्व-भरे हुए गणना प्रपत्र वितरित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में मतदाता सूची को अद्यतन करने के लिए एस.आई.आर. आदेश (24.06.2025) के अंतर्गत चल रही प्रक्रिया में तेजी लाई गई है। इस आदेश के चार प्रमुख स्तंभों के आधार पर राज्य भर में मतदाता सूची पुनरीक्षण का काम व्यापक स्तर पर चल रहा है जिसका उद्देश्य 7.89 करोड़ से अधिक मौजूदा मतदाताओं को कवर करना है। चुनाव आयोग के अनुसार अब तक राज्य के 7.69 करोड़ मतदाताओं यानी 97.42 प्रतिशत को



उनके नाम, पता और पुरानी फोटो जैसे विवरणों के साथ पूर्व-भरे हुए गणना प्रपत्र उपलब्ध कराए जा चुके हैं। बी.एल.ओ. द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्र एकत्र करने का कार्य जारी है। पहली बार का दौरा पूरा किया जा चुका है और दूसरा दौरा जारी है। ताकि कोई भी मतदाता छूटे नहीं। गणना के दौरान कई ऐसे नाम सामने आए हैं जो या तो मृत हो चुके हैं, राज्य से बाहर स्थानांतरित हो गए हैं या पलायन कर गए हैं। इन जानकारियों के आधार पर मतदाता सूची को अद्यतन किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिन लोगों ने गणना प्रपत्र 25 जुलाई 2025 तक जमा कर दिए हैं, उन्हें 1 अगस्त 2025 को प्रकाशित होने वाली प्रारूप मतदाता सूची में शामिल किया जाएगा। ई.आर.ओ. मसौदा सूची तैयार कर रहा है जिसमें सभी पात्र मतदाताओं को सम्मिलित किया जाएगा। इस प्रक्रिया में विशेष रूप से बुजुर्ग, बीमार, दिव्यांग, गरीब और अन्य कमजोर वर्गों को सहयोग प्रदान करने पर ध्यान दिया जा रहा है। स्वयंसेवकों की सहायता से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि किसी को भी अनावश्यक परेशानी न हो। मतदाता की पात्रता भारत के संविधान के अनुच्छेद 326 और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 16 और 19 के अनुसार तय की जाएगी।

## बैंक ऑफ इंडिया और बिहार सरकार के बीच वेतन-खाते संबंधी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना में उप मुख्यमंत्री (वित्त) सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित एक विशेष समारोह में बैंक ऑफ इंडिया और बिहार सरकार के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया जिसके तहत बिहार सरकार के समस्त विभागों के समस्त कर्मचारियों के वेतन खाते तथा मंत्रियों, विधान सभा/विधान परिषद के सदस्यों के वेतन खाते अब बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा खोले जाएंगे। यह अभूतपूर्व समझौता ज्ञापन बैंक ऑफ इंडिया की महाप्रबंधक शम्पा सुधीर बिस्वास तथा बिहार सरकार के प्रधान सचिव आनंद किशोर द्वारा हस्ताक्षरित हुआ। बैंक ऑफ इंडिया, पटना अंचल के आंचलिक प्रबंधक ओ. पी. चौधरी ने बिहार सरकार के इस कदम को सरकारी कर्मचारियों के लिए एक वरदान बताया और कहा कि यह द्विपक्षीय सहयोग बैंक ऑफ इंडिया को




बिहार के सरकारी कर्मचारियों को विशेष बैंकिंग सुविधाएं, अनुकूलित वित्तीय समाधानएवं बेहतर सेवा अनुभव देने का एक स्वर्णिम अवसर प्रदान करेगा। इस करार के तहत बैंक ऑफ इंडिया अपने यहां सरकारी कर्मचारियों का जीरो बैलेंस वेतन खाता खोलेगी जिसके साथ 1 करोड़ रुपए तक का व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा निशुल्क उपलब्ध होगा। हवाई यात्रा के दौरान यह दुर्घटना बीमा 2 करोड़ रुपए तक होगा। साथ ही स्थायी एवं पूर्ण विकलांगता पर 50 लाख से एक करोड़ रुपये तक कवर प्रदान करेगा। इसके साथ स्वास्थ्य बीमा भी रियायती दर पर उपलब्ध कराने का प्रावधान है। यदि सरकारी कर्मचारी गृह, वाहन अथवा व्यक्तिगत ऋण लेते हैं तो उन्हें लोन प्रोसेसिंग शुल्क पर 100 प्रतिशत तक छूट तथा ब्याज दरों पर भी रियायत उपलब्ध होगा। इस विशेष खाते के साथ एटीएम से निकासी की सीमा भी एक लाख रुपए प्रतिदिन तक हो सकती है तथा इसमें विविध बैंकिंग सुविधाएं भी निशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। बैंक ऑफ इंडिया बिहार सरकार के साथ अपने संबंधों को और प्रगाढ़ बनाते हुए, मूल्य-आधारित बैंकिंग सेवा प्रदान करने हेतु सदैव कृत्संकल्पित हैं।

## फोर्ड हॉस्पीटल एवं रिसर्च सेंटर के साथ कर्मचारी राज्य बीमा निगम का टाई-अप




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना जिले में फोर्ड हॉस्पीटल एवं रिसर्च सेंटर के साथ कर्मचारी राज्य बीमा निगम का टाई-अप कर्मचारी राज्य बीमा निगम, पटना के क्षेत्रीय कार्यालय और फोर्ड हॉस्पीटल, पटना के निदेशक के बीच एक अनुबंध संपादित किया गया है। इस अनुबंध के तहत फोर्ड हॉस्पीटल के माध्यम से पटना जिले में ई.एस.आई. के पंजीकृत लाभार्थियों को कैशलेस चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जाएगी। प्रस्तुत सुविधा में हृदय, मस्तिष्क, नेफ्रोलॉजी एवं डाइलिसिस, यूरोलॉजी, गेसट्रोलाजी एवं गी आई सर्जरी संबंधित रोग के उपचार की अच्छी सुविधा उपलब्ध है। यह अस्पताल पटना जिले के खेमनीचक, बाईपास में अवस्थित है।

## आइजीआइएमएस में जल्द शुरु होगी रोबोटिक सर्जरी : मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ मंत्री एवं अध्यक्ष शासी निकाय इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान मंगल पांडेय के कर कमलों द्वारा क्षेत्रीय चक्षु संस्थान के विभिन्न नई सुविधाओं का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर स्थानीय विधायक संजीव चौरसिया तथा एमएलसी नवलकिशोर यादव की भी गरिमामय उपस्थिति रही। इस नए क्षेत्रीय चक्षु संस्थान के परियोजना का उद्घाटन सितंबर 2024 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ था जिसके तहत विभाग को 24 घंटे इमर्जेन्सी सुविधाओं को उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। अपने संबोधन में स्वास्थ्य मंत्री श्री पांडेय ने कहा कि आज अत्यंत गौरव महसूस हो रहा है कि इस 24 घंटे इमर्जेन्सी की सुविधा मरीजों को प्राप्त हो गयी जिसके तहत इस इमर्जेन्सी सेवा में अल्ट्रासाउंड, एक्स रे, आंखों की जांच हेतु विभिन्न



अत्याधुनिक उपकरण एवं दो अत्याधुनिक मॉडयूलर ऑपरेशन थिएटर का भी उद्घाटन कर दिया गया। श्री पांडेय ने कहा कि इस परियोजना के तहत आये हुए अत्याधुनिक ल्यूमरा -आई माइक्रोस्कोप का भी लोकार्पण किया गया जिससे कि इमरजेंसी में आए हुए मरीजों को तत्काल ऑपरेशन की सुविधाएं उपलब्ध हो सके। हमारी यह कोशिश है कि बिहार के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से भी आए हुए मरीजों को कम से कम समय में उच्चतम गुणवत्ता वाली चिकित्सा उपलब्ध कराई जा सके। इस इमरजेंसी में राउंड द क्लॉक चिकित्सक की उपलब्धता सुनिश्चित कर दी गई है। इसके अलावा लैब सर्विसेज का भी उद्घाटन किया गया है जिसमें सारे बेसिक्स लैब इन्स्ट्रुमेंट साथ ही पीसीआर, बायो केमिकल ऐनालाइजर, एबीजी मशीन तथा अन्य उपकरणों का लोकार्पण हो गया। ताकि इस भवन में एक ही छत के नीचे मरीजों को तमाम सुविधाएं दी जाए। उन्होंने ऐलान किया कि जल्द ही यहां 100 बेड का दंत चिकित्सालय एवं 50 सीट वाले डेंटल कॉलेज की स्थापना होगी। श्री पांडेय ने कहा कि आज इन सुविधाओं के अलावा दो अन्य सुविधाओं रेटिना सर्विसेज व ग्लूकोमा सर्विसेज का भी उद्घाटन कर दिया गया। रेटिना सर्विसेज में 30 दिन के बच्चों से लेकर वृद्ध मरीजों तक का इलाज किया जा रहा है और यह अत्यंत गौरव का विषय है। इसके अलावा ग्लूकोमा सर्विसेज में भी एक एक्स्ट्रा फील्ड ऐनालाइजर, इसपेकूलर माइक्रोस्कोप, अल्ट्रासाउंड मशीन का भी लोकार्पण किया गया जिससे की मरीजों के जांच में तेजी आएगी ।

## जदयू ने पटना में निकाली मतदाता जागरूकता साइकिल रैली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण को लेकर चल रही कवायद के बीच जदयू ने मंगलवार को पटना में मतदाता जागरूकता साइकिल रैली निकाली। यह रैली जदयू के प्रदेश कार्यालय से शुरू होकर शहर के विभिन्न इलाकों में निकाली गई। इस दौरान जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने कहा कि विपक्ष मतदाता सूची को लेकर भ्रम फैला रहा है। उन्होंने कहा कि गरीब, दलित, पिछड़े या अति पिछड़े किसी भी वर्ग के व्यक्ति का नाम मतदाता सूची से नहीं कटेगा। जदयू इस भ्रम को दूर करने के लिए पूरे बिहार के हर पंचायत में साइकिल रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक करेगी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 'सही नाम कटेगा नहीं, फर्जी नाम छूटेगा नहीं।' उन्होंने विपक्ष के बिहार बंद को नाकाम करने का दावा करते हुए कहा कि जदयू जनता के बीच जाकर सच्चाई बताएगी। उमेश कुशवाहा ने पूरे पटना में साइकिल रैली की अगुवाई की और लोगों से अपील की कि वे मतदाता सूची में अपने नाम की जांच जरूर कर लें, ताकि भविष्य में किसी तरह की परेशानी न हो। बता दें कि बिहार विधानसभा चुनाव होने से पहले चुनाव आयोग मतदाता सूची पुनरीक्षण करा रही है जिसका विपक्ष विरोध कर रहा है। इसको लेकर विपक्ष की ओर से बुधवार को बिहार बंद का आह्वान किया गया है।

### बीओसीडब्लू के नूतन पोर्टल का उद्घाटन

# पारदर्शिता, सुविधा और सशक्तिकरण हमारा लक्ष्य : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** श्रम संसाधन विभाग अंतर्गत बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के नए डिजिटल पोर्टल का उद्घाटन दशरथ मांझी श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान, पटना में विभाग के मंत्री संतोष कुमार सिंह के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विभाग के विशेष सचिव आलोक कुमार, बोर्ड सचिव सुनील कुमार यादव, श्रमायुक्त राजेश भारती, संयुक्त श्रमायुक्त विजय कुमार, संयुक्त सचिव राजीव रंजन, क्षेत्रीय महाप्रबंधक इंडियन बैंक विवेक, उपमहाप्रबंधक इंडियन बैंक अमन कुमार झा, सहायक महाप्रबंधक, सरकारी संबंध विभाग, इंडियन बैंक पटना रुचिर कुमार



सिन्हा एवं विभाग के अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। उक्त अवसर पर मंत्री ने बताया कि इस नूतन पोर्टल के माध्यम से अब बिहार के लाखों श्रमिक बीओसीडब्लू बोर्ड की 16 कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी जानकारी, ऑनलाइन पंजीकरण, नवीकरण, सहायता के लिए आवेदन और आवेदन की स्थिति की रीयल-टाइम ट्रैकिंग की सुविधा पा सकेंगे। मंत्री ने कहा कि यह पोर्टल तकनीक के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है जो श्रमिकों और सरकार के बीच की दूरी को खत्म करेगा और प्रक्रियाओं में पारदर्शिता लाएगा। मंत्री संतोष कुमार सिंह ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस के अवसर पर उन्होंने जनेवा में बिहार की श्रमिक योजनाओं को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत किया था जिसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काफी सराहा गया। उन्होंने इसे बिहार के लिए गर्व की बात बताया और कहा कि राज्य सरकार लगातार श्रमिक हितों की रक्षा व संवर्धन के लिए प्रयासरत है। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बीओसीडब्लू बोर्ड की सभी 16 योजनाएं अब नए पोर्टल के माध्यम से तेजी से और सुगमता से लागू की जाए जिससे अधिक से अधिक पंजीकृत श्रमिकों को लाभ मिल सके। उन्होंने सभी विभागीय पदाधिकारियों से समन्वय बनाकर श्रमिकों को जागरूक करने और पोर्टल के उपयोग के लिए प्रोत्साहित करने का भी निदेश दिया।

## अपराधियों के डर से क्या हम शासन राक्षसों के हाथ में सौंप दें : मांझी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना में बड़े कारोबारी गोपाल खेमका की हत्या के लिए हथियार उपलब्ध कराने वाले एक आरोपी विकास उर्फ राजा को पुलिस एनकाउंटर में मारे जाने पर केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव का नाम लिए बिना उन पर तीखा प्रहार किया है। उन्होंने लिखा है कि अपराधिक घटनाओं का मतलब यह थोड़े न है कि अपराधियों के डर से हम शासन राक्षसों के हाथ में सौंप दें। मांझी ने लिखा है कि यह वह बिहार नहीं जहां माफिया मुख्यमंत्री निवास से आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिलवाते थे। मांझी ने आगे लिखा है कि यह नया बिहार है जहां अपराधियों की ठोकाई शुरू हो गई है। वैसे हम कुछ कहेंगे तो कहेगा सब कि मांझी बहुत बोलता है। खैर खेमका साहब के हत्या में शामिल शूटर ने साबित कर दिया कि तेजस्वी यादव के लोग तकरीबन हर अपराधिक वारदातों में शामिल होते हैं जिनका इलाज भी शुरू हो गया है। बता दें कि गोपाल खेमका हत्याकांड अब राजनीतिक रूप लेता जा रहा है। इसको लेकर कई तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही है।

## सरकार को बदनाम करने के लिए हत्याकांड को दिया जा रहा अंजाम : जदयू

### खेमका हत्याकांड में गिरफ्तार मुख्य शूटर उमेश यादव के महागठबंधन से संबंधों की भी गहन जांच होनी चाहिए

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जदयू ने कहा कि सरकार को बदनाम करने के लिए हत्या की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। पार्टी प्रवक्ता अभिषेक झा ने खेमका हत्याकांड में राजद और उसके नेतृत्व वाले महागठबंधन पर राजनीतिक साजिश रचने का शक जाहिर किया है। उन्होंने कहा है कि इस मामले में गिरफ्तार मुख्य शूटर उमेश यादव के महागठबंधन से संबंधों की भी गहन जांच होनी चाहिए। जदयू का यह बयान उस समय आया है जब इस हत्याकांड में शामिल साजिशकर्ता अशोक शाह, शूटर उमेश यादव और आर्म्स सप्लायर राजा उर्फ विकास में से राजा एनकाउंटर में मारा गया है। अभिषेक झा ने मंगलवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि सरकार ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि ऐसी घटनाओं को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस ने तेजी से कार्रवाई की है, लेकिन अब जांच इस दिशा में भी होनी चाहिए कि शूटर उमेश यादव का किसी राजनीतिक दल विशेष से कोई संपर्क तो नहीं रहा है। उन्होंने आशंका जताई कि कहीं यह पूरी साजिश सरकार को बदनाम करने और जनता में भय फैलाने की पूर्व नियोजित रणनीति का हिस्सा तो नहीं है। अभिषेक झा ने कहा कि 'तार जुड़ते हैं, लिंक सामने आते हैं और यही गहराते हुए शक को जन्म देता है कि यह एक राजनीतिक साजिश हो सकती है।' वहीं जदयू के मुख्य प्रवक्ता एवं विधान पार्षद नीरज कुमार ने कहा कि नीतीश सरकार कानून के माध्यम से अपराध का कलेजा तोड़ देगी। पटना पुलिस की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ेगी, उन चेहरों का भी पर्दाफाश होगा जो अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस हत्याकांड को सिर्फ आपराधिक घटना के रूप में नहीं देखा जा सकता, बल्कि इसके राजनीतिक कनेक्शन और मंशा की भी गहन तफ्तीश जरूरी है।

## जिनके परिवार ने चारा खाया और जमीन लिखवाई, उन्हें घुसपैठ का पाताल समझ नहीं आएगा : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विधानसभा चुनाव की सुगबुगाहट के बीच मतदाता पहचान पत्र और आवासीय प्रमाण पत्र का मुद्दा तूल पकड़ लिया है। खासकर किशनगंज जिले में बीते छह दिनों में 1.27 लाख से अधिक आवासीय प्रमाण पत्र के आवेदनों ने सियासी तूफान खड़ा कर दिया है। इसको लेकर उपमुख्यमंत्री स्रमाट चौधरी ने मंगलवार को आशंका जताई है कि कहीं ये बांग्लादेशी 'घुसपैठिया' तो नहीं हैं। सम्राट चौधरी ने इसे 'शॉकिंग' करार देते हुए कहा कि यह आंकड़ा साफ संकेत देता है कि किशनगंज में बड़ी संख्या में घुसपैठिए मौजूद हैं। उन्होंने राजद पर तंज कसते हुए कहा कि जिनके परिवार ने चारा खाया और जमीन लिखवाई, उन्हें घुसपैठ का पाताल समझ नहीं आएगा। चौधरी ने यह भी स्पष्ट किया कि जो बिहारी या भारतीय नागरिक हैं, उनकी सहमति से मतदाता सूची में नाम जुड़ सकता है, लेकिन बांग्लादेशी घुसपैठियों का नाम नहीं। चौधरी का यह दावा कि इतनी बड़ी संख्या में आवेदन घुसपैठ का संकेत है, भाजपा की रणनीति को दर्शाता है, जो चुनाव से पहले ध्रुवीकरण को हथियार बना सकती है, लेकिन विपक्ष इसे भाजपा की 'सांप्रदायिक' चाल बता रहा है जिससे किशनगंज का माहौल गरमाया हुआ है।

## राजकीय पॉलिटेक्निक गुलजारबाग में भूजल विकास एवं प्रबंधन विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** आई.ई.सी. गतिविधियों के अंतर्गत राजकीय पॉलिटेक्निक, गुलजारबाग, पटना में भूजल विकास एवं प्रबंधन विषय पर एक टीयर-3 प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजीव रंजन शुक्ला, क्षेत्रीय निदेशक, केन्द्रीय भूजल बोर्ड, पटना द्वारा की गई। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में विशिष्ट अतिथि के रूप में नित्यानंद प्रसाद, मुख्य अभियंता-सह-विशेष सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, पटना सम्मिलित हुए। उन्होंने भूजल विकास एवं प्रबंधन विषय पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया तथा इस प्रकार के कार्यक्रमों की सराहना की। राजीव



रंजन शुक्ला, क्षेत्रीय निदेशक, केन्द्रीय भूजल बोर्ड, पटना द्वारा सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए भूजल के महत्व एवं बिहार राज्य के भूजल परिदृश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। संस्थान के प्राचार्य डॉ. श्री भगवान सिंह द्वारा जल प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गईं। उन्होंने कार्यक्रम की प्रासंगिकता पर बल देते हुए जल के समुचित उपयोग की आवश्यकता को रेखांकित किया। कार्यक्रम में लगभग 140 प्रतिभागियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान भूजल के न्यायोचित उपयोग के लिए प्रतिभागियों को शपथ भी दिलाई गई।

✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 43 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, बुधवार, 9 जुलाई 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



गोपाल खेमका हत्याकांड मामले में प्रेस वार्ता करते बिहार के डीजीपी

## नीतीश कैबिनेट की बैठक में 43 प्रस्तावों पर लगी मुहर, डोमिसाइल नीति लागू

# महिलाओं और युवाओं पर नीतीश मेहरबान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश की अध्यक्षता में मंगलवार सुबह आयोजित कैबिनेट बैठक करीब एक घंटे तक चली। बैठक में 43 प्रस्तावों पर मुहर लगा दी गई। इस दौरान बिहार की सभी सरकारी सेवाओं में हर स्तर पर सभी प्रकार की मदों पर सीधी नियुक्तियों में राज्य की मूल निवासी महिला अभ्यर्थियों को ही 35 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का लाभ दिए जाने के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी गई। यानी बाहर के राज्य की महिला को बिहार में 35 प्रतिशत आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। इसमें एक अहम प्रस्ताव बिहार के युवाओं के लिए भी है जिस पर सीएम नीतीश कुमार ने अपनी स्वीकृति दे दी है। यानी अब बिहार में युवा आयोग का गठन किया जाएगा। सीएम नीतीश ने इसका खुद ही एलान किया। इसके अलावा सामान्य प्रशासन विभाग के एक और महत्वपूर्व प्रस्ताव पर सीएम नीतीश कुमार ने



मुहर लगा दी। इसके अलावा समाज कल्याण विभाग मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण योजना संबल अंतर्गत राज्य के पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग एवं सामान्य वर्ग के पुरुष दिव्यांग अभ्यर्थियों को राज्य के सदृश्य सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत कोई आर्थिक सहयोग देय नहीं होगा। बिहार सरकार की ओर से बताया गया कि प्रारंभिक परीक्षा में उत्तीर्ण होने के बाद मुख्य परीक्षा एवं साक्षात्कार की तैयारी के लिए पचास हजार और एक लाख रुपये की राशि दिव्यांगजनों दी जाने के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी गई है। नीतीश कैबिनेट ने कमला बलान नदी पर आरसीसी पुल और पहुंच पथ निर्माण के लिए 15412.13 लाख, पर्यावरण के अनुकूल ऊर्ज़ा की आवश्यकता को देखते हुए बिहार शहरी गैस वितरण नीति 2025, विधि सेवा में भर्ती, पूर्वी चंपारण जिले में माधोपुर-बहुरूपिया से दुबौलिया चौक तक सड़क के चौड़ीकरण के लिए 3170.52 लाख, भोजपुर जिले में कुरमुरी से बंधवा तक सड़के चौड़ीकरण के लिए 3353.24 लाख, नवादा जिले में सड़क चौड़ीकरण के लिए 6970.23 लाख रुपये एवं बिहार नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्ज़ा स्त्रोतों की संवद्धन नीति 2025 को मंजूरी दी है।

## बिहार युवा आयोग का गठन करेगी सरकार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार मंत्रिमंडल की बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यवासियों के लिए बड़ा एलान किया है। उन्होंने बिहार चुनाव से पहले राज्य में युवा आयोग के गठन को मंजूरी दे दी है। बैठक के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि बिहार के युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने, उन्हें प्रशिक्षित करने तथा सशक्त और सक्षम बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने बिहार युवा आयोग के गठन का निर्णय लिया है और आज कैबिनेट द्वारा बिहार युवा आयोग के गठन की मंजूरी भी दे दी गई है। समाज में युवाओं की स्थिति में सुधार और उत्थान से संबंधित सभी मामलों पर सरकार को सलाह देने में इस आयोग की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। युवाओं को बेहतर शिक्षा और रोजगार सुनिश्चित करने के लिए सरकारी विभागों के साथ यह आयोग समन्वय भी करेगा। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार युवा आयोग में एक अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष और सात सदस्य होंगे, जिनकी अधिकतम उम्र सीमा 45 वर्ष होगी। यह आयोग इस बात की निगरानी करेगा कि राज्य के स्थानीय युवाओं को राज्य के भीतर निजी क्षेत्र के रोजगारों में प्राथमिकता मिले, साथ ही राज्य के बाहर अध्ययन और काम करने वाले युवाओं के हितों की भी रक्षा हो। सामाजिक बुराइयों को बढ़ावा देने वाले शराब एवं अन्य मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए कार्यक्रम तैयार कर और ऐसे मामलों में सरकार को अनुशंसा भेजना भी इसका महत्वपूर्ण कार्य होगा। राज्य सरकार की इस दूरदर्शी पहल का उद्देश्य इस आयोग के माध्यम से युवा आत्मनिर्भर, दक्ष और रोजगारोन्मुखी बनाना है।

## संक्षिप्त समाचार

### नवोदय विद्यालय के छात्र ने लगाई फांसी

**दरभंगा(नबिटा ब्यूरो)।** नवोदय विद्यालय में आठवीं कक्षा के एक छात्र ने हॉस्टल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक छात्र की पहचान जितिन गौतम के रूप में हुई है जो केवटी पंचायत की मुखिया रूबी देवी का पुत्र था। घटना मंगलवार सुबह की बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही छात्र के परिजन विद्यालय पहुंचे और वहां जमकर हंगामा किया। सूचना पाकर मौके पर रैयाम और केवटी थाना की पुलिस भी पहुंची और लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**भभुआ (नबिटा ब्यूरो)।** कैमूर के दुर्गावती रेलवे स्टेशन के पास ट्रैक पार करने वक्त एक युवक की अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक की पहचान कर्णपुरा गांव निवासी बृज बिहारी राम के पुत्र के रूप में हुई है। घटना की जानकारी स्थानीय ग्रामीणों ने दुर्गावती थाना को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर कागजी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

### दो नक्सली गिरफ्तार

**जमुई(नबिटा ब्यूरो)।** सोनो प्रखंड के दुधनिया गांव में सुरक्षा बलों को नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी सफलता मिली है। एसएसबी चरकापत्थर और थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में दो हार्डकोर नक्सलियों को पकड़ा गया है। दोनों छह साल से फरार थे। गिरफ्तार नक्सलियों में सुदाम यादव एवं नागो यादव शामिल है। दोनों के खिलाफ चरकापत्थर थाना में कांड संख्या 221/17 दर्ज है।

### युवक की चाकू मारकर हत्या

**मधुबनी(नबिटा ब्यूरो)।** हत्या मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने दरभंगा रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया है। बेनीपट्टी के डीएसपी अमित कुमार ने बताया कि आरोपित की पहचान सिमरी गांव निवासी मोहम्मद आफताब उर्फ अलताब के रूप में हुई है। बिस्फी थाना को सूचना मिली कि सिमरी गांव में मोहम्मद तुफैल को चाकू से घायल किया गया है। ग्रामीणों ने घायल तुफैल को किब्स अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### किशोर की मौत

**नवादा(नबिटा ब्यूरो)।** वारसलीगंज थाना क्षेत्र के बेरमी में मंगलवार सुबह किशोर की सकरी नदी में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान मेहंदीपुर गांव निवासी धनंजय मांझी के बेटे रोशन कुमार के रूप में हुई है। वह सोमवार को अपनी नानी से मिलने नानी घर गया था। आज सुबह वह शौच के लिए घर से निकला। इसी दौरान पैर फिसलने से वह सकरी नदी में गिर गया। स्थानीय लोगों ने उसे नदी से निकाला और अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## मुख्यमंत्री ने पूर्व विधायक स्व. सत्यदेव सिंह कुशवाहा को दी श्रद्धांजलि



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज जिले के देवकुण्ड थाना अंतर्गत भिमलीचक गांव पहुंचे जहां उन्होंने कुर्था के पूर्व विधायक स्व. सत्यदेव सिंह कुशवाहा की श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुये। मुख्यमंत्री ने स्व. सत्यदेव सिंह कुषवाहा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी और शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दिया। इस अवसर पर भवन निर्माण मंत्री जयंत राज, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, विधायक मनोरमा देवी, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, राज्य खाद्य आयोग के पूर्व सदस्य नंदकिशोर कुशवाहा एवं पूर्व विधायक स्व. सत्यदेव सिंह कुशवाहा के परिजन, जनप्रतिनिधिगण सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री ने बहुमंजिला अभिलेख प्रकोष्ठ भवन के निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज नेहरू पथ स्थित अभिलेख प्रकोष्ठ भवन के लिये बहुमंजिला भवन के निर्माण कार्य का शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया। शिलान्यास के पश्चात मुख्यमंत्री ने निर्माण स्थल का जायजा लिया और तेजी से निर्माण कार्य करने का निर्देश दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि अभिलेखों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुये अभिलेख भवन परिसर में अभिलेख भवन के पीछे वाले भाग में नये भवन का निर्माण कराया जा रहा है ताकि महत्वपूर्ण रिकॉर्डों को और बेहतर ढंग से संरक्षित रखा जा सके। उन्होंने कहा कि इस नये भवन का निर्माण कार्य बेहतर ढंग से पूर्ण करें। मुख्यमंत्री ने अभिलेख भवन परिसर का भी जायजा लिया और वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कार्यक्रम




में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव सह अपर मुख्य सचिव मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग डॉ. एस. सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, अभिलेख भवन के निदेशक डॉ. मो. फैसल अब्दुल्लाह सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पितृशोक

**जोधुपर/पटना(नबिटा ब्यूरो)।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के पिता दाऊलाल वैष्णव का आज सवेरे जोधपुर के एम्स अस्पताल में निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे और एम्स में उनका इलाज जारी था। दाऊलाल वैष्णव पूर्व में इनकम टैक्स विभाग में प्रैक्टिस करते थे और जोधपुर के पूर्व विधायक कैलाश भंसाली के साथ उनकी साझेदारी रही थी। वे मूल रूप से पाली जिले के जीवंद कलां गांव के निवासी थे लेकिन 1966 में पाली से स्थाई रूप से जोधपुर आकर बस गए थे। निधन की सूचना मिलते ही रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव एम्स अस्पताल पहुंचे और अपने पिता को अंतिम विदाई दी। तीन दिन पहले भी वे जोधपुर आए थे और अस्पताल में अपने पिता से मुलाकात कर चिकित्सकों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली थी। उनके निधन पर राजनीतिक व सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के पिता दाऊलाल वैष्णव के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

## बैंक ऑफ महाराष्ट्र लूटकांड में वैशाली, गाजियाबाद में छापेमारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** बैंक ऑफ महाराष्ट्र काशीपुर शाखा में 7 मई को हुए 10 किलो सोना और 15.02 लाख रुपये की लूट के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। नगर थाना पुलिस ने एसटीएफ की मदद से लूटकांड के मास्टरमाइंड कुख्यात अपराधी अखिलेश राय उर्फ गोलाई उर्फ गोलू को डीआरएम चौक के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से 1 किलो 382.50 ग्राम सोने के आभूषण, 20 हजार रुपये नकद, दो मोबाइल फोन और बैंक का प्लास्टिक बैग बरामद किया है। अखिलेश की पत्नी सविता देवी को भी सोना छिपाने के आरोप में पटोरी थाना क्षेत्र के तारा धमौन गांव से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि कुछ सोना जमीन में गाड़कर रखा गया था, जिसे खोदकर बरामद किया गया है। अब तक लूटकांड में करीब 3 किलो सोना बरामद हो चुका है, जिसकी कीमत लगभग तीन करोड़ रुपये



आंकी गई है। एसपी अरविंद प्रताप सिंह ने बताया कि अखिलेश राय के खिलाफ समस्तीपुर, वैशाली समेत कई जिलों में कुल 38 आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसने पहले से गिरफ्तार अभियुक्त दीपक मुंशी के साथ मिलकर इस लूट की साजिश रची थी। इस मामले में अब तक कुल 12 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। पुलिस शेष आरोपियों की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है।

## जमीन व बांकीपुर क्लब के विवाद में हुई गोपाल खेमका की हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

पटना। उद्योगपति गोपाल खेमका मर्डर केस का बिहार पुलिस ने उद्भेदन कर दिया है। बिहार पुलिस की ओर से बताया गया कि जमीन विवाद के कारण गोपाल खेमका की हत्या की गई। इस केस का मास्टरमाइंड अशोक साव था। उसने ही डेढ़ महीना पहले हत्या की साजिश रची थी। मंगलवार को डीजीपी विनय कुमार, एडीजी ऑपरेशन कुंदन कृष्णन, पटना रेंज के आईजी जितेंद्र राणा, एसएसपी कार्तिकेय शर्मा, सिटी एसपी सेंट्रल दीक्षा ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता की। बिहार पुलिस की ओर से कहा गया कि एसटीएफ के सहयोग से पटना पुलिस द्वारा तकनीकी अनुसंधान और सीसीवीटी के अवलोकन से सर्वप्रथम घटना करने वाले व्यक्ति का पीछा करते हुए उसके ठिकाने तक पुलिस पहुंची। वहां से गोपाल खेमका की हत्या में प्रयुक्त बाइक को बरामद किया गया। बाइक के मालिक के बारे में आसपास के लोगो से पूछताछ की गई तो पता चला कि यह बाइक उमेश यादव का है। वह सामने वाले मकान में रहता है। उक्त मकान में पहुंच कर तलाशी लिया गया तो घटना के समय पहने गये शर्ट, जूता, हेल्मेट, मास्क, आदि को बरामद किया गया। इसके बाद फौरन उमेश यादव को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में उसने गोपाल खेमका की हत्या की बात स्वीकार की। घटना में प्रयुक्त हथियार और गोली के बारे में पूछने पर बताया कि घटना के बाद यह अपने घर के प्रथम तल पर छिपाकर रख दिये हैं। इनकी निशानदेही पर प्रथम तल के कमरे की तलाशी लेने पर 7.62एमएम का 56 राउंड जिंदा कारतूस, एक 9 एमएम पिस्टल, दो मैगजीन एवं 14 गोली बरामद किए गए। पुलिसिया पूछताछ में उमेश यादव के द्वारा बताया गया कि घटना करने के लिए चार लाख रुपये की सुपारी तय की गई थी। 50 हजार रुपये एडवांस के रूप में दिए गए। शेष बची राशि घटना होने के अगले दिन गंगापथ पर अशोक साव द्वारा दिया गया था। अशोक साव से इनकी मुलाकात बिहारशरीफ में करीब डेढ़ साल पहले एक शादी समारोह में हुई थी। तब से ये इनके लिए छोटे-मोटे काम कर रहे थे। पटना एसएसपी ने बताया कि करीब डेढ़ महीने पहले अशोक साव द्वारा गोपाल खेमका की हत्या करने की षडयंत्र रची गयी थी। अशोक साव द्वारा गोपाल खेमका की हत्या करने के लिए शूटर एवं हथियार की व्यवस्था करने के लिए बोला गया। इसके बाद उमेश यादव ने शूट विकास उर्फ राजा संपर्क किया। विकास ने चार लाख की सुपारी मांगी। लेकिन, बाद में उमेश ने खुद ही गोपाल खेमका को गोली मारने की बात सोची। इसके बाद अशोक साव ने उमेश को 9 एमएम हथियार, दो मैगजीन 18 गोली मुहैया कराया। गोपाल खेमका का फोटो एवं गाड़ी रजिस्ट्रेशन नम्बर उपलब्ध कराया गया। पटना पुलिस ने बताया कि करीब 10 दिनों तक अपराधियों ने गोपाल खेमका के दिनचर्या का पता लगाया। चार जुलाई को गोपाल खेमका अपने कार खुद चलाते हुए अपने अपार्टमेन्ट के गेट पर जैसे ही रूके तो उमेश ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी।

बिहार सरकार
वाणिज्य-कर विभाग
बिहार सरकार

माल और सेवा कर अधिनियम (GST Act) के अंतर्गत निबंधित सामान्य करदाता

प्रत्येक महीने के लिए अगले महीने की 11 तारीख तक GSTR-1 दाखिल करें।

QRMP करदाता

प्रत्येक तिमाही के लिए त्रैमास समाप्ति के बाद वाले महीने की 13 तारीख तक GSTR-1 दाखिल करें।




Nil Return वाले करदाता

14409 नम्बर पर SMS के द्वारा GSTR-1 विवरणी अगले महीने की 11 तारीख तक दाखिल करें।

जैसे यदि किसी का GSTIN-10ABCDE1234Z1Z2 है और उन्हें अप्रैल 2025 का NIL GSTR 1 दाखिल करना है तो SMS इस प्रकार लिखेंगे - NIL R1 10ABCDE1234Z1Z2 042025 एवं 14409 नम्बर पर SMS करेंगे।

कृपया ध्यान रखें -
GSTR-1 समय पर दाखिल नहीं करने पर विधिक कार्रवाई की जा सकती है।

हेल्प डेस्क नंबर
0612-2233512, 2233513
2233514, 2233515 2233516

राज्य-कर आयुक्त सह-सचिव
वाणिज्य-कर विभाग, बिहार पटना

PR No.- 008032 (Commercial Tax)D. 2025-26

CMYK

# छोटे भाई ने की बड़े भाई की हत्या

## शव को जमीन में दफनाया, पुलिस ने चार आरोपितों को लिया हिरासत में, आरोपी की निशानदेही पर शव और सामान बरामद



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रजौली (नवादा)।** रजौली थाना क्षेत्र के गंगटा गांव से मंगलवार को रिश्तों को शर्मसार कर देने वाला एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां आपसी रंजिश में छोटे भाई ने अपने सगे बड़े भाई की बेरहमी से हत्या कर शव को जमीन में दफना दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गंगटा गांव निवासी रामबालक यादव के दो बेटे–रंजीत यादव (मृतक) और छोटन यादव–के बीच कुछ दिन पूर्व मामूली विवाद को लेकर मारपीट हुई थी। इसी विवाद ने जल्द ही रंजिश का रूप ले लिया और छोटे भाई ने बदले की भावना में आकर अपने बड़े भाई की हत्या की साजिश रच डाली। 4 जुलाई को रंजीत यादव अपनी पत्नी से यह कहकर निकला कि वह बाजार जा रहा है बच्चों के लिए किताबें और कॉपियां खरीदने। लेकिन जब देर शाम तक वह घर नहीं लौटा, तो पत्नी नीतू देवी ने खोजबीन शुरू की। कहीं से कोई जानकारी न मिलने पर 5 जुलाई को रजौली थाना में पति की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई।

शिकायत मिलते ही रजौली पुलिस हरकत में आई और जांच शुरू की। जांच के क्रम में पुलिस ने संदेह के आधार पर मृतक के छोटे भाई छोटन यादव सहित चार लोगों को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की। पूछताछ में छोटन यादव ने चौंकाने वाला खुलासा किया कि उसने ही अपने बड़े भाई की हत्या कर शव को गुप्त रूप से गौरी ईंट भट्ठा के पास दफन कर दिया।

पुलिस ने आरोपित की निशानदेही पर मंगलवार दोपहर को सीओ गुफरान मजहरी की उपस्थिति में शव को जमीन से बाहर निकाला और कानूनी प्रक्रिया पूरी कर सदर अस्पताल, नवादा में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मृतक का मोबाइल फोन और पर्स बुढियाशाख के जंगल से बरामद कर लिया है।

इस संबंध में थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि मामले में चार लोगों को हिरासत में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

गांव में इस दर्दनाक वारदात से शोक और सन्नाटा पसरा हुआ है। रिश्तों की हत्या और रंजिश की यह कहानी हर किसी को झकझोर रही है।

# विकसित नवादा हेतु मेरा प्रयास निरंतर जारी : विवेक ठाकुर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** भाजपा नेता एवं नवादा सांसद विवेक ठाकुर ने बताया कि राज्य की एनडीए सरकार ने नवादा के दो लंबित प्रमुख सड़कों के निर्माण की स्वीकृति दे दी है। उन्होंने कहा नवादा संसदीय क्षेत्र के सर्वांगीण विकास हेतु मेरा प्रयास निरंतर जारी रहेगा। विवेक ठाकुर ने बताया कि नवादा के प्रमुख शहर हिसुआ को जाम से निजात हेतु बाईपास के निर्माण की स्वीकृति मिली है। वहीं नवादा जिलांतर्गत लेधा, कझिया, नाद, कुलना, कौशी हवार भुमई, अकबरपुर पथ (एसएच-103) तक पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य की भी स्वीकृति मिली है। सांसद



विवेक ठाकुर ने बताया कि यह नवीन हिसुआ बाईपास हिसुआ - राजगीर एन.एच 82 पर बगोदर से बगोदर करमचक पथ होते हुए हिसुआ - नवादा एस.एच 08 पर उड़सा आहर तक बनेगा। इसके निर्माण हेतु कुल 3519.355 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। सांसद विवेक ठाकुर ने कहा कि यह अतिआवश्यक बाईपास की मांग बहुत दिनों से स्थानीय लोग कर रहे थे। इसके निर्माण को लेकर कुछ दिन पूर्व हमने राज्य सरकार से आग्रह किया था। जिसकी स्वीकृति अब मिली है। उन्होंने कहा कि हिसुआ शहर की आबादी बहुत घनी हो गई है। पूरा शहर वर्तमान समय में जाम से त्रस्त है। गया - नवादा रोड पर हिसुआ बाजार स्थित सड़क काफी संकीर्ण है, जिससे घंटों जाम लगा रहता है। इससे निजात हेतु यह बाईपास अतिआवश्यक था। सांसद विवेक ठाकुर ने इसके लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन के प्रति समस्त नवादा लोकसभा वासियों के तरफ से आभार प्रकट किया है।

# सामाजिक सुरक्षा पेंशन के अंतरण कार्यक्रम की तैयारी तेज, डीएम ने की समीक्षा बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** जिलाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों के खाते में बढ़ी हुई दर से राशि अंतरण कार्यक्रम को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला, अनुमंडल, प्रखंड एवं पंचायत स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बताया गया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अंतर्गत संचालित सभी छह पेंशन योजनाओं की पेंशन राशि जून 2025 से 400 से बढ़ाकर 1100 कर दी गई है। इस बढ़ी हुई राशि का डीबीटी प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से भुगतान 11 जुलाई की सुबह 10 बजे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा किया जाएगा। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिला मुख्यालय से लेकर नगर निकाय वार्डों तक टीवी, लैपटॉप या मोबाइल के माध्यम से दिखाया जाएगा। इसके लिए जिले भर में व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। कार्यक्रम स्थलों पर कम से कम 60 प्रतिशत पेंशनधारियों की उपस्थिति अनिवार्य की गई है। कार्यक्रम का आयोजन जिला स्तर पर बिहारशरीफ स्थित टाउन हॉल में किया जाएगा। वरीय प्रभारी पदाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजन होगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी को कम से कम 300 पेंशनधारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। स्थानीय विद्यालयों या सरकारी भवनों में कार्यक्रम होगा। पंचायतों में पदाधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। वार्डों में कार्यपालक पदाधिकारी आयोजन सुनिश्चित करेंगे।सभी आयोजन स्थलों पर अल्पाहार, पेयजल, कुर्सी, टेबल, जनरेटर, फ्लेक्स, माइक, टीवी, इंटरनेट की व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा कार्यक्रम की वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी अनिवार्य रूप से करानी होगी। उसे ईमेल या व्हाट्सएप (9110141198) पर भेजना होगा। कार्यक्रम की सफलता के लिए नोडलाधिकारी के रूप में सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग, नालंदा को नियुक्त किया गया है। उनके सहयोग के लिए अन्य संबंधित अधिकारियों को भी दायित्व सौंपा गया है। पेंशन योजना के लिए नए आवेदन प्राप्त करने के लिए अलग से स्टॉल भी लगाए जाएंगे, जिससे पात्र लोग मौके पर आवेदन कर सकें।

# नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति की मुख्यमंत्री से शिष्टाचार भेंट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सचिन चतुर्वेदी ने मंगलवार को पटना में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से शिष्टाचार भेंट की। यह कुलपति पद संभालने के बाद उनकी मुख्यमंत्री से पहली औपचारिक मुलाकात थी। बैठक में प्रो.चतुर्वेदी ने विश्वविद्यालय के नेट जीरो कैंपस मॉडल की प्रगति साझा की जो राष्ट्रीय और वैश्विक जलवायु लक्ष्यों के अनुरूप एक पर्यावरणीय पहल है मुख्यमंत्री ने इस नवाचार की सराहना करते हुए इसे बिहार के अन्य विश्वविद्यालयों में भी अनुप्रयोजित (रिप्लिकेट) करने का सुझाव दिया। जिससे राज्य में सतत उच्च शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। बातचीत में पटना-राजगीर के बीच प्रस्तावित सीधा और कम दूरी वाला मार्ग भी चर्चा का विषय रहा।

# साइकिल रैली निकाल मतदाताओं को किया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** निर्वाचन आयोग द्वारा जारी विशेष मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर मतदाताओं को जागरुक करने के लिए मंगलवार को जदयू कार्यकर्ताओं ने रजौली प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में साइकिल सायकिल यात्रा निकाली। रजौली नगर पंचायत के अर्चना नगर में पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता एमएलसी प्रतिनिधि दीपक कुमार मुन्ना तथा प्रखंड जदयू अध्यक्ष सह प्रखंड 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष दिलीप कुमार उर्फ कारू सिंह, बजरंगबली चौक पर नगर अध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा, प्रखंड सचिव सह 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति सदस्य अनिल प्रसाद सिंह, छात्र जदयू प्रखंड अध्यक्ष सुमन खत्री, कौआकोल में तकनीकी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अजय सिंह, आरती नगर में अति पिछड़ा प्रखंड उपाध्यक्ष सह 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति सदस्य अरुण चंद्रवंशी के नेतृत्व में तथा फरका बुजुर्ग पंचायत में पंचायत अध्यक्ष राजू यादव, रजौली पूर्वी में मनोज कुमार, रजौली पश्चिमी में अवधेश पांडेय, मुरहेना में डॉ धर्मेंद्र कुमार, बहादुरपुर में अजय कुमार, अंधरवारी में प्रखंड युवा अध्यक्ष सह प्रखंड 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति सदस्य संदीप कुमार व पंचायत अध्यक्ष सौरभ कुमार, धमनी में विक्रम मोदी, चितरकोली में रवि चंद्रवंशी, हरदिया में पंचायत अध्यक्ष पुरुषोत्तम पांडेय के नेतृत्व में व अन्य पंचायतों में भी पंचायत अध्यक्षों के नेतृत्व में साइकिल यात्रा निकाल कर मतदाताओं को फॉर्म भरने के लिए जागरूक किया गया।

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए दलगत राजनीति से ऊपर उठने की जरूरत : विकास कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)।** मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से जनता दल यूनाइटेड द्वारा मंगलवार को प्रदेशव्यापी साइकिल रैली निकाली गई। इसी क्रम में हिलसा प्रखंड में भी जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों छात्र-युवाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का नेतृत्व युवा जदयू बिहार के प्रदेश उपाध्यक्ष विकास कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदाता पुनरीक्षण अभियान बेहद जरूरी है। यह कोई राजनीतिक कार्यक्रम नहीं बल्कि जनहित से जुड़ा संवैधानिक दायित्व है। इसलिए सभी राजनीतिक दलों को दलगत भावना से ऊपर उठकर इसमें सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जदयू शुरू से ही लोकतांत्रिक मूल्यों की प्रबल समर्थक रही है और इसी भावना से पार्टी ने प्रदेशभर में यह साइकिल रैली आयोजित की है ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रह जाए। इस अवसर पर युवा जदयू हिलसा प्रखंड अध्यक्ष रूपेश पटेल, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय छात्र जदयू अध्यक्ष श्री आशीष कुमार, छात्र जदयू बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष चंदन कुमार, युवा नेता प्रेम कुमार, विक्की कुमार सहित बड़ी संख्या में छात्र-युवा कार्यकर्ता शामिल हुए।

# द्वितीय अपील के तहत शिकायतों का डीएम ने किया त्वरित निपटारा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के अंतर्गत द्वितीय अपील की सुनवाई की गई। इस अवसर पर तीन परिवादी उपस्थित हुए, जिनमें से एक की शिकायत का समाधान ऑन-स्पॉट कर दिया गया। प्रस्तुत द्वितीय अपील अमित कुमार पाण्डेय एवं अंकित कुमार, पिता- राम नरेश शर्मा, ग्राम- माखर, थाना/प्रखंड- अकबरपुर, जिला- नवादा द्वारा ऑनलाइन माध्यम से दर्ज की गई थी। संबंधित पदाधिकारी द्वारा की गई जांच के उपरांत प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर जिला पदाधिकारी द्वारा अपीलार्थी एवं लोक प्राधिकार की उपस्थिति में मामले की विस्तृत सुनवाई की गई। तत्पश्चात परिवाद का निष्पक्ष समाधान किया गया। बिहार लोक



शिकायत निवारण अधिनियम, 2015 के अंतर्गत किसी भी शिकायत का समाधान अधिकतम दो माह की अवधि में सुनिश्चित किया जाता है। अनुमंडलीय स्तर पर नवादा सदर एवं रजौली लोक शिकायत निवारण कार्यालयों में प्रखंड/पंचायत से संबंधित शिकायतें दायर की जा सकती हैं। वहीं, जिला स्तर की समस्याओं के लिए समाहरणालय स्थित लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम भवन में जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, नवादा के कार्यालय में शिकायत दर्ज की जा सकती है। इस अधिनियम की विशेषता यह है कि शिकायत दर्ज करने, सुनवाई तथा निवारण की पूरी प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क है। सभी वादों की सुनवाई दोनों पक्षों की उपस्थिति में की जाती है और यदि आदेश से कोई असंतुष्ट हो, तो वह निःशुल्क अपील भी कर सकता है। अब आम नागरिकों के लिए शिकायत दर्ज करना और भी सरल हो गया है। ऑनलाइन माध्यम से भी शिकायतें व अपील दर्ज की जा सकती हैं।

# गांधी स्कूल नवादा की धरोहर है इसे बचाकर रखें : विभा देवी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नवादा की विधायक विभा देवी ने मंगलवार को जिले के ऐतिहासिक गांधी इंटर स्कूल का निरीक्षण किया और विद्यालय की बदहाल स्थिति पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने विद्यालय परिसर का निरीक्षण कर वहां फैली अव्यवस्थाओं के लिए विद्यालय प्रबंधन को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि गांधी स्कूल नवादा की धरोहर है। यह विद्यालय डेढ़ सौ वर्षों का गौरवशाली इतिहास समेटे हुए है। इसकी रक्षा करना हम सबकी जिम्मेदारी है। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी दीपक कुमार और डीपीओ प्रियंका कुमारी भी मौजूद थीं। विधायक ने देखा कि विद्यालय भवन जर्जर अवस्था में है, पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है, सफाई व्यवस्था बदहाल है, शौचालय अनुपयुक्त हैं और कई कक्षाओं में छात्र अनुपस्थित मिले। उन्होंने बताया कि पुराने छात्रावास और भवनों में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है। लोग यहां जुआ, नशा और अवैध शराब के धंधे में लगे हैं। पश्चिमी बाउंड्री के टूटे होने पर डीईओ ने विद्यालय प्राचार्य को कड़ी फटकार लगाते हुए सुधार की चेतावनी दी।

विधायक विभा देवी ने आश्वस्त किया कि विद्यालय के पुनर्निर्माण, डेंटिंग-पेंटिंग, बिजली व्यवस्था, शौचालय और पेयजल आपूर्ति जैसे कार्यों पर जो भी व्यय आएगा, वह विधायक निधि से उपलब्ध कराया जाएगा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कन्या इंटर विद्यालय का भी जायजा लिया, जहां शिक्षकों की भारी कमी पाई गई। उन्होंने शिक्षा विभाग से शीघ्र प्रतिनियुक्ति की मांग की ताकि छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित न हो।

निरीक्षण में मौजूद अमित सरकार ने डीइओ का ध्यान आकृष्ट कराया कि गांधी इंटर विद्यालय, कन्या इंटर विद्यालय, प्रोजेक्ट कन्या विद्यालय, सत्येंद्र सिंह उच्च विद्यालय और कन्हाई इंटर विद्यालय को आदर्श विद्यालय के रूप में विकसित किया जाए। विधायक विभा देवी के इस दौरे की क्षेत्रवासियों द्वारा सराहना की जा रही है। उन्होंने अपील की कि जिले के लोगों और शिक्षकों को भी इस ऐतिहासिक विद्यालय को फिर से शिक्षा का केंद्र बनाने के लिए पहल करनी चाहिए।

# बाबू जगजीवन राम की पुण्यतिथि पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** नवादा में सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय के सौजन्य से बाबू जगजीवन राम राषट्रिय प्रतिष्ठान, नई दिल्ली के तत्वाधान में बाबू जगजीवन राम के पुण्यतिथि के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के द्वारा कराया गया। प्रतियोगिता में संगीत, डान्स, भाषण, पेंटिंग और नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता कराया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार दिया गया अन्य भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को संतावना पुरस्कार एवं सम्मान-पत्र भी दिया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन छात्र-छात्राओं, अतिथि एवं मुख्य अतिथि के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विनीता मेहता, सदस्य जिला परिषद, रोह पूर्वी, निभा देवी मुखिया ग्राम पंचायत छनौन, श्यामदेव प्रसाद सिंह से0नी0 प्रधानाध्यापक, संटू सिंह सामाजिक कार्यकर्ता एवं बबलू कुमार, उपाध्यक्ष ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का संचालन न्यू प्रगति फाउंडेशन, नवादा, बिहार द्वारा किया गया और इस कार्यक्रम में 205 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

# जिले में 34 फरार अपराधियों की गिरफ्तारी : एसपी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि 6 जुलाई 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, मद्य निषेध में चार एवं अन्य गिरफ्तारी 30 कुल 34 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 146.5 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या-06 एवं कुर्की के निष्पादन की संख्या-03 है। वाहन जांच के क्रम में कुल 215 वाहनों की जॉच की गयी है एवं जुर्माने की कुल राशि 71 हजार 500 रूपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत एक मोटरसाइकिल बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है।

# राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान के तहत सुलह योग्य मामलों के शीघ्र निपटारे पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देशानुसार व्यवहार न्यायालय, नवादा के कॉन्फ्रेंस रूम स्थित पुस्तकालय कक्ष में सोमवार को प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, धनंजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में प्रशिक्षित मध्यस्थ अधिवक्ताओं एवं न्यायिक पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर न्यायाधीश श्री सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर 90 दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान की शुरुआत की गई है, जिसका उद्देश्य है - न्यायिक प्रक्रिया को सरल, सुलभ और समयबद्ध बनाते हुए लंबित मामलों का आपसी संवाद व सहमति से समाधान सुनिश्चित करना। उन्होंने कहा कि इस पहल से पक्षकार ऑनलाइन, ऑफलाइन और हाइब्रिड मोड के माध्यम से भी मामले निपटा सकते हैं। बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव धीरेन्द्र कुमार पांडेय ने कहा कि यह अभियान उन मामलों पर केंद्रित है जिनमें समझौते की संभावना अधिक होती है। इसमें परिवार विवाद, मुआवजा वाद, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, उपभोक्ता विवाद, सुलह योग्य आपराधिक मामले, संपत्ति बंटवारा, मकान मालिक-किरायेदार विवाद, भूमि अधिग्रहण जैसे मामलों को शामिल किया गया है।

प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने बताया कि जुलाई माह में ऐसे मामलों की पहचान कर पक्षकारों को सूचना दी जाएगी और प्रशिक्षित मध्यस्थ अधिवक्ताओं को मामले सौंपे जाएंगे। मध्यस्थता के माध्यम से समाधान की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

इस बैठक में नवादा व्यवहार न्यायालय के अनेक वरिष्ठ न्यायिक पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य था–न्याय को जनसुलभ बनाना और मुकदमों के बोझ को कम कर त्वरित न्याय सुनिश्चित करना, जिसमें सभी न्यायिक अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

# नालंदा पहुंचीं नॉर्वे की राजदूत माई-एलीन स्टेनर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** भारत में नॉर्वे की राजदूत हेर एक्सीलेंसी माई-एलीन स्टेनर मंगलवार को नालंदा जिले के दौरे पर पहुंची। इस दौरान उन्होंने जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और नवजात देखभाल व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने सबसे पहले दीपनगर स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का निरीक्षण किया, इसके बाद बिहारशरीफ सदर अस्पताल के विशेष नवजात देखभाल इकाई (एसएनसीयू) का भ्रमण किया। निरीक्षण के क्रम में राजदूत स्टेनर ने अस्पताल में मौजूद डॉक्टरों, नर्सों और स्वास्थ्यकर्मियों से बातचीत की। उन्होंने नवजात शिशुओं को दी जा रही चिकित्सा



सेवाओं, साफ-सफाई, स्तनपान प्रोत्साहन, कंगारू मदर केयर, टीकाकरण और संक्रमण नियंत्रण जैसी महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने नालंदा में स्वास्थ्य सेवा को सुदृढ़ एवं सुव्यवस्थित बताते हुए कहा कि यह मॉडल अन्य जिलों के लिए प्रेरणास्त्रोत बन सकता है। राजदूत ने विशेष रूप से एसएनसीयू वार्ड की व्यवस्थाओं की सराहना की। निरीक्षण के मौके पर नॉर्वे प्रतिनिधिमंडल की ओर से उंडिस वी. सिंह, एस्पेन आसन, डॉ. अशफाक अहमद भट, डॉ. आशीष श्रीवास्तव, और स्वास्थ्य विभाग की ओर से डीपीएम श्याम कुमार निर्मल, प्रबंधक मोहम्मद इमरान, लेखपाल सुरजीत कुमार समेत अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

# पंचायत समिति सदस्य पद के उपचुनाव के लिए आज होगा मतदान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कौआकोल।** कौआकोल प्रखंड के दरावां पंचायत समिति सदस्य पद के रिक्त स्थान पर बुधवार, 9 जुलाई को उपचुनाव के तहत मतदान संपन्न होगा। पंचायत की कुल 14 वार्डों में मतदाता सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। जानकारी के अनुसार, दरावां पंचायत में कुल 8,954 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें पुरुष मतदाता 4,623 और महिला मतदाता 4,331 शामिल हैं। पूर्व में पंचायत समिति सदस्य रहीं रीता देवी के इस्तीफ़े के बाद यह सीट रिक्त हो गई थी, जिसके उपरांत निर्वाचन आयोग द्वारा उपचुनाव की घोषणा की गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. अखिलेश कुमार ने बताया कि मतदान के लिए 14 मुख्य मतदान केंद्रों के अलावा 3 सहायक मतदान केंद्र भी बनाए गए हैं। वार्ड संख्या 4, 8 और 11 में एक-एक सहायक केंद्र की व्यवस्था की गई है ताकि मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और भयमुक्त चुनाव को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की गई है। मतगणना 11 जुलाई को प्रखंड मुख्यालय परिसर में स्थित कार्यालय भवन में की जाएगी। इसके लिए दो टेबल बनाए गए हैं और सुबह 8 बजे से मतगणना प्रारंभ होगी। इस उपचुनाव में प्रमिला देवी और रूपा सिंह के बीच सीधा मुकाबला है। स्थानीय स्तर पर यह चुनाव चर्चा का विषय बना हुआ है, और दोनों प्रत्याशियों के समर्थकों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

मतदान के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।

# 201 महिला श्रद्धालुओं ने निकाली कलश शोभायात्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** रहुई नगर पंचायत क्षेत्र के ताड़ापर मोहल्ले स्थित देवी मंदिर में अखंड कीर्तन को लेकर मंगलवार को कलश शोभायात्रा निकाली गयी। कलश शोभायात्रा के दौरान मौजूद वार्ड पार्षद प्रतिनिधि रामलालन प्रसाद ने बताया कि समस्त मोहल्ले वासियों के सहयोग से देवी मंदिर परिसर में 24 घंटे का अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया है। अखंड कीर्तन के एक दिन पूर्व मंगलवार की सुबह में 201 महिला श्रद्धालु द्वारा गाजे बाजे के साथ कलश शोभायात्रा निकाली गयी।

# जदयू ने निकाली मतदाता जागरूकता साइकिल रैली, हर वोटर तक पहुंचने का लिया संकल्प

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** बिहार में संभावित विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत जनता दल (यूनाइटेड) की ओर से मतदाता जागरूकता साइकिल रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का नेतृत्व जदयू जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी ने किया। रैली के माध्यम से ग्रामीण और शहरी इलाकों के मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, सुधार कराने और सत्यापन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। रैली पुरानी कचहरी रोड, भगत सिंह चौक और प्रजातंत्र चौक होते हुए नगर के विभिन्न इलाकों से गुजरते हुए मतदाताओं से सीधा संवाद करती रही। जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी ने कहा कि हमारी पार्टी का संकल्प है – 'सत्यापन हम करेंगे, लोकतंत्र को मजबूत बनाएंगे। वोट हमारा अधिकार है, सत्यापन ही उपचार है। सही नाम कटे नहीं, फर्जी नाम जुड़े नहीं।' उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग प्रत्येक 20 वर्ष की उम्र पूरी कर चुके नागरिकों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने और पुराने रिकॉर्ड की शुद्धता के लिए विशेष पुनरीक्षण अभियान चलाता है। इसके तहत बूथ लेवल ऑफिसर घर-घर जाकर फॉर्म वितरित कर रहे हैं। मतदाता को आधार नंबर, मोबाइल नंबर और फोटो संलग्न कर फॉर्म उख्रग को देना है। पार्टी ने हर बूथ पर बूथ लेवल एजेंट नियुक्त किए हैं, जो मतदाताओं को फॉर्म भरने और जमा करने में सहयोग करेंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह प्रक्रिया आसान, पारदर्शी और लोकतंत्र को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। जदयू नेताओं ने बताया कि अक्टूबर-नवंबर 2025 में संभावित विधानसभा चुनावों को देखते हुए निर्वाचन आयोग ने बिहार से ही इस अभियान की शुरुआत की है। जदयू का संकल्प है कि कोई भी योग्य मतदाता वंचित न रहे। इस अवसर पर जिला संगठन प्रभारी अरुण कुमार वर्मा, जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता जयशंकर चंद्रवंशी, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष संजय साव, वरिष्ठ नेता मनोहर पासवान, प्रो. प्रमिला प्रजापति, डॉ. इंद्रजीत वैद्य, डॉ. रियाज खान, विनोद चौधरी, प्रिंस प्रभात डांगी, संदीप कुमार चुन्नू, विपिन चौधरी, अंकित राय, नरेंद्र कुमार यादव, किशोरी सिंह, विक्की कुमार, विवेक कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मगध विश्वविद्यालय के छात्रों के करियर में उड़ान देगा 'सारथी': कुलपति एसपी शाही

## मगध विश्वविद्यालय में 'काउंसलिंग सेंटर-सारथी' का उद्घाटन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय में छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य और समग्र विकास के उद्देश्य से स्थापित 'काउंसलिंग सेंटर-सारथी' का भव्य उद्घाटन सोमवार को किया गया। यह आयोजन विश्वविद्यालय के काउंसलिंग सेल और स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग द्वारा आईक्यूएसी के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति शशि प्रताप शाही ने किया। इस अवसर पर कुलसचिव विपिन कुमार, कुलानुशासक उपेंद्र कुमार, समाज विज्ञान संकायाध्यक्ष आर. एस. जमुआर, दीपक कुमार, आईक्यूएसी समन्वयक मुकेश कुमार, विनोद कुमार यादवेन्दु और बी. पी. नलिन सहित कई प्रख्यात शिक्षकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और विश्वविद्यालय कुलगीत से हुई। इसके बाद काउंसलिंग सेल की चेयरपर्सन मीनाक्षी ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। कुलसचिव विपिन कुमार ने कहा कि यह केंद्र विद्यार्थियों को मानसिक मजबूती देने के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनने की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करेगा। मुकेश कुमार ने कहा कि आज मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना समय की आवश्यकता है और इस तरह के केंद्र नैक के मानकों की पूर्ति में भी अहम भूमिका निभाते हैं। इस मौके पर कुलपति शशि प्रताप शाही ने 'नई शिक्षा नीति 2020 : शिक्षा से स्वरोजगार तक' विषय पर विशेष व्याख्यान दिया। उन्होंने नई शिक्षा नीति को शिक्षा के पारंपरिक ढांचे से आगे बढ़कर नवाचार, कौशल विकास और उद्यमिता की दिशा में उठाया गया क्रांतिकारी कदम बताया। उनका कहना था कि आज के युवा केवल नौकरी तलाशने की बजाय रोजगार सृजक बनने की क्षमता विकसित करें और अपनी रचनात्मकता व सामाजिक जिम्मेदारी को पहचानें। उन्होंने 'सारथी' केंद्र की स्थापना को एक दूरदर्शी पहल बताया जो छात्रों को मनोवैज्ञानिक परामर्श, करियर मार्गदर्शन, वैयक्तिक विकास और भावनात्मक मजबूती प्रदान करेगा। धन्यवाद ज्ञापन मनोविज्ञान विभाग की अध्यक्ष सुनीति सुमन ने किया। उन्होंने कहा कि यह केंद्र छात्रों के मानसिक, शैक्षणिक और सामाजिक विकास का एक महत्वपूर्ण मंच बनेगा और उन्हें आत्मनिर्भरता की राह पर मजबूती से आगे बढ़ाएगा। कार्यक्रम में विभाग के शिक्षकगण – सुप्रीति सुमन, हिमालय तिवारी, प्रगति चतुर्वेदी और काउंसलिंग सेल के सदस्य – कविता कुमारी, प्रियंका सिंह, श्वेता गोयल, मुस्सरत जहां, जियाउल्लाह, रेनू रानी, अमित कुमार, तरन्नुम जहां, अल्का मिश्रा, राहुल सिंह, जन्मेजय सिंह और वंदना कुमारी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन मीनाक्षी प्रसाद ने किया। 'सारथी' केंद्र को विश्वविद्यालय में एक समसामयिक, प्रभावशाली और दीर्घकालिक पहल के रूप में देखा जा रहा है जो छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# मद्य निषेध विभाग की टीम ने 16 लाख रुपए कैश के साथ एक को दबोचा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** डोभी चेक पोस्ट पर मंगलवार को जांच के दौरान मद्य निषेध विभाग की टीम ने एक व्यक्ति को 16 लाख रुपए कैश के साथ पकड़ा है। आगे की कार्रवाई आयकर विभाग द्वारा की जाएगी। फिलहाल व्यक्ति को डिटेन कर रखा गया है।मद्य निषेध विभाग के सहायक आयुक्त प्रिय रंजन ने बताया कि डोभी चेक पोस्ट पर तैनात टीम मंगलवार की सुबह यहां से गुजरने वाले वाहनों की जांच कर रही थी। उन्होंने बताया रांची (झारखंड) की ओर से गया आ रही महारानी बस को जांच के लिए रोका गया जिसमें शराब की जांच की जांच की जा रही थी। यात्रियों के बैग, कार्टून और बोरिया आदि की जांच के क्रम में एक व्यक्ति के पास रहे बैग की जांच की गई तो उस बैग में नोट के कई बंडल थे। उस व्यक्ति को बस से उतार लिया गया। इसके बाद बाराचट्टी थाना एवं अंचलाधिकारी को इसकी सूचना दी गई। जांच के क्रम में व्यक्ति के पास रहे नोटों की गिनती की गई तो 16 लाख रुपए पाए गए। जांच दल का नेतृत्व कर रहे मद्य निषेध विभाग के निरीक्षक रामप्रीति कुमार ने इसकी सूचना सहायक आयुक्त उत्पाद प्रिय रंजन को दी। प्रिय रंजन ने बताया कि इतनी बड़ी रकम लेकर महारानी बस में सफर कर रहे व्यक्ति ने अपना नाम बबलू सिंह बताया है जो कि झारखंड का रहने वाला खुद को बता रहा है। बरामद रुपए के बारे में विशेष कुछ जानकारी नहीं दी है। उन्होंने बताया कि आयकर विभाग को इसकी सूचना दी जा चुकी है।आगे की कार्रवाई आयकर विभाग द्वारा की जाएगी। बताया गया कि बबलू सिंह रांची से गया आ रहा था।इधर बबलू के पास से बरामद रकम को लेकर इसके दावेदार ने भी निरीक्षक को फोन पर कागजात लेकर उपस्थित होने का दावा किया है।फिलहाल बबलू सिंह को पुलिस अभिरक्षा में बाराचट्टी थाना में रखा गया है।

# जदयू ने चलाया मतदाता जागरूकता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** जदयू कार्यकर्ताओं ने जदयू जिला महासचिव मो. आकिब आलम और प्रखण्ड अध्यक्ष जमीलू रहमान के नेतृत्व में प्रखण्ड के विभिन्न स्थानों में मतदाता जागरूकता अभियान मंगलवार को चलाया जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने लोगों से अपना एवं परिवार का नाम मतदाता सूची में सत्यापित करने की अपील की। कार्यकर्ताओं ने लोगों से अपना एवं परिवार का नाम मतदाता सूची में सत्यापित करने की अपील की, ताकि वे आगामी चुनावों में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। जागरूकता अभियान के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने मतदाता जागरूकता का संदेश दिया और लोगों को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया।

# चुनाव आयोग के तानाशाही फरमान के विरोध में माले ने विरोध मार्च निकाला




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** ट्रेड यूनियनों के मोदी सरकार की 44 श्रम कानूनों को खत्म कर चार श्रम कोड लाने के विरोध में मंगलवार को देश में हड़ताल और बिहार में गरीबों-वंचितों को मताधिकार से वंचित करने की साजिश के खिलाफ चुनाव आयोग का तानाशाही फरमान के विरोध में माले ने विरोध मार्च निकाला। टिकारी नगर के अंदर किला, दुर्गा स्थान, बेलहड़िया मोड़ पर सभा का आयोजन किया गया। सभा में में माले नेत्री सह ऐपवा जिला सचिव रीता बर्णवाल ने कहा कि पिछले बीस वर्षों से शासन में रही भाजपा-जदयू की डबल इंजन सरकार अपनी हार के डर से चुनाव आयोग को आगे कर बड़ी साजिश कर रही है जिसे बिहार की जनता किसी भी हाल में बर्दास्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग में ऐसे समय में निर्णय लिया है जब लोग खेती के मौसम में व्यस्त हैं और बाढ़ की मार झेल रहे हैं। बड़ी संख्या में मतदाता रोजी-रोटी के लिए राज्य से बाहर हैं। ऐसे में एक महीने में दस्तावेज जुटाना संभाव नहीं है। प्रखण्ड सचिव रवि कुमार ने कहा कि अगर गरीब, दलितों, किसानों का वोट काटने वाला सघन पुनरीक्षण का निर्णय चुनाव आयोग को वापस लेना चाहिए।

# गोपाल खेमका हत्याकांड का खुलासा पुलिस की बड़ी कामयाबी : राजीव रंजन प्रसाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जद (यू) राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने गोपाल खेमका हत्याकांड का पुलिस द्वारा बेहद कम समय में उद्भेदन को पुलिस की बड़ी सफलता बताया है। उन्होंने कहा कि खुद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस घटना की जांच की निगरानी कर रहे थे और उन्होंने पुलिस को इस मामले में जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तार के सख्त निर्देश दिए थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शासन में कोई भी अपराधी अपराध कर बच नही सकता है और उसे कानून के शिकंजे में लाने का काम पुलिस करती है।



उन्होंने कहा कि इस मामले में पुलिस ने हत्याकांड के मुख्य शूटर को गिरफ्तार करने में सफलता पायी है साथ ही इस घटना के मास्टरमाइंड को भी पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता पायी है। उन्होंने कहा कि पुलिस इस मामले में फिलहाल गहन जांच कर रही है और जल्दी ही इस घटना के दूसरे आरोपियों की गिरफ्तारी भी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस इस मामले की हर एंगल से जांच कर रही है और किन परिस्थितियों में अपराधियों ने इस घटना को अंजाम दिया वो इसके तह तक जाने का काम करेगी। तेजस्वी यादव को नसीहत देते हुए उन्होंने कहा कि पुलिस और राज्य की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाने वाले नेता प्रतिपक्ष को इस मामले में राजनीति नहीं करनी चाहिए और अगर उनके पास कोई जानकारी है तो उन्हें पुलिस से साझा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कानून का राज स्थापित करना मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सरकार की प्राथमिकता रही है और यही कारण है कि आज बिहार में भय का कोई माहौल नहीं है। शाम हो या फिर देर रात लोग आराम से घरों से बाहर निकलकर घूम फिर रहे हैं और सकुशल अपने घर पहुंच रहे हैं साथ ही महिलाएं आज खुद को बेहद सुरक्षित महसूस कर रही हैं जबकि लालू प्रसाद यादव एवं राबड़ी देवी के शासनकाल के दौरान शाम छह बजे के बाद लोग घरों में कैद हो जाते थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार पर सवाल उठाने से पहले तेजस्वी यादव को जरा अपने माता-पिता के शासनकाल के दौरान बिहार में भय का क्या माहौल था इसे भी याद कर लेना चाहिए।

# हत्यारोपित के घर इश्तेहार चिपकाया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** झारखंड राज्य की पुलिस ने हत्यारोपी के घर आत्मसमर्पण करने का इश्तेहार चस्पा किया। पुलिस द्वारा अलीपुर थाना क्षेत्र के बोहिया ग्राम के रामकुमार सिंह के पुत्र जीतन कुमार उर्फ बादशाह के घर व अन्य सार्वजनिक जगहों पर मंगलवार को इश्तेहार चस्पा किया। इश्तेहार तामिला कराने आये झारखंड पुलिस के एसआई विपिन बिहारी सिंह ने बताया कि वर्ष 2023 में झारखंड राज्य के रामगढ़ जिला अंतर्गत बासल थाना क्षेत्र में बाइक सवार अपराधियों द्वारा होटल कर्मी की गोली मार हत्या कर दी थी जिसे लेकर बासल थाना में कांड संख्या 20/23 दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया था। अनुसंधान के दौरान जीतन का नाम आरोपी के रूप में सामने आया था। जीतन की तलाश पुलिस लगातार कर रही है, लेकिन सफलता हाथ नहीं मिल रही है। एसआई श्री सिंह ने बताया कि इश्तेहार के उपरांत भी गिरफ्तारी या आत्मसमर्पण नहीं करने पर न्यायालय के आदेश पर कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

# जनता दरबार में डीएम ने 100 से अधिक आवेदकों की समस्याओं को सुना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** दैनिक जनता दरबार में जिले के डीएम शशांक शुभंकर द्वारा मंगलवार को 100 से अधिक लोगों के समस्याओं का निदान हेतु संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। आवेदक ने बताया कि वर्ष 2021 से लगान निर्धारण के लिये नगर अंचल कार्यालय में लंबित है। डीएम ने निर्देश दिया है कि लगान निर्धारण कार्य में कोई लापरवाही नहीं बरते। फर्जी जमीन रजिस्ट्री के संबंध में आवेदन आने पर डीएम ने अपर समाहर्ता विभागीय जांच पदाधिकारी एवं पुलिस उपाधीक्षक नगर एवं अवर निबंधन पदाधिकारी संयुक्त रूप से अगले 07 दिनों के अंदर जांच करते हुए अवगत करवाने को कहा है। आवेदक ने बताया कि परवाना की जमीन को किसी दूसरे लोग द्वारा कब्जा किया हुआ है, दूसरे के कब्जा से मुक्त करवाने का अनुरोध किया है। मिट्टी के मकान में रह रहे हैं, उन्हें आवास की आवश्यकता को बताया है। डीएम ने उप विकास आयुक्त को निर्देश दिया कि आवेदक की जांच करवाते हुए अविलंब मदद करवाया जाए। आवेदक ने बताया कि जमीन रजिस्ट्री के बावजूद दूसरे लोग द्वारा उनकी निजी जमीन को कब्जा किये हुए हैं, कब्जा मुक्त करवाने का अनुरोध किया गया। डीएम ने सीओ सदर को जांच करवाने का निर्देश दिए हैं। आवेदक ने बताया कि सरकारी जमीन पर निजी लोगों द्वारा मकान का निर्माण कर दिया है। डीएम ने सीओ को तुरंत जांच करते हुए अतिक्रमण हटवाने को कहा है। जनता दरबार में कुछ आवेदक भूमि कब्जा मुक्त करवाने का अनरोध किया है। डीएम ने संबंधित सीओ एवं थाना प्रभारी को जनता दरबार में सुनवाई करवाने का निर्देश दिए हैं। जनता दरबार में कुछ आवेदकों की समस्याओं को सुनते हुए उन्हें जिला लोक शिकायत निवारण में मामलों को हस्तांतरण किया है, ताकि पूरी टाइम लाइन में सही से मामलों का निराकरण एवं समाधान हो सके।

# 56 किलोग्राम डोडा बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** विश्वनीय सूत्रों की आसूचना के आधार पर सोमवार को एसएसबी 29 वीं बटालियन के कमांडेंट मधुकर अभिताभ के दिशानिर्देश पर 29 वीं बटालियन की ई समवाय धनगई, गया जी के निरीक्षक (सामान्य) प्रवीण कुमार के नेतृत्व में एसएसबी, सर्किल ऑफिस बाराचट्टी तथा स्थानीय पुलिस थाना - बाराचट्टी के साथ संयुक्त सर्च अभियान के दौरान ग्राम-छोटकी चापी, थाना- बाराचट्टी, जिला- गया जी (बिहार) के घने जंगल से 56 किलोग्राम प्रतिबंधित मादक पदार्थ (डोडा) बरामद किया गया।जब्त किये गए 56 किलोग्राम डोडा को थाना-बाराचट्टी, जिला गया जी (बिहार) को विधिक कार्यवाही हेतु सौंप दिया गया।

# सेविका-सहायिका संघ ने सीडीपीओ को नम आंखों से दी विदाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज(गयाजी)।** बाल विकास परियोजना पदाधिकारी अरूणा कुमारी के स्थानांतरित होने पर सेविका - सहायिका संघ ने मंगलवार को समारोह आयोजित कर नम आँखों से विदाई दी।फोरलेन बाइपास में स्थित सुखदेव पैलेस में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए संघ अध्यक्षा अनिता राय ने कहा कि सीडीपीओ अरूणा मैडम हमलोगों के बीच तीन वर्षों तक निर्वाध रूप से कार्यरत रही।इनके कार्यकाल में हमलोगों को अभिभावक की कमी महसूस नहीं हुई।इन्होंने अपने पद का कभी भी दुरूपयोग नहीं किया और एक मार्गदर्शक की भूमिका में रही।केन्द्र संबंधित कार्यों के निष्पादन में इन्होंने मार्गदर्शन देते हुए सभी सेविकाओं एवं सहायिकाओं को सहयोग किया है, जो अनुकरणीय है। इनके स्थानांतरण से हमें दुःख है, लेकिन सरकारी फरमान पर भावनाएं लागू नहीं होती।सीडीपीओ अरूणा कुमारी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि ये बीते तीन वर्ष बहुत याद आयेंगे, भविष्य में आप सभी विभागीय आदेशों का अनुपालन ईमानदारी पूर्वक करते रहें, उसी से मेरा किया कार्य केन्द्र स्थल पर दिखता रहेगा।समारोह के अंत में संघ सदस्यों ने सामुहिक रूप से नम आँखों के साथ उपहार स्वरूप अंग वस्त्र एवं पौधा व अन्य सामग्री देकर सीडीपीओ अरूणा कुमारी को विदाई दी।जिसके बाद सीडीपीओ ने भी सभी सेविकाओं को रिटर्न गिफ्ट देकर आभार प्रकट किया।मौके पर उपस्थित थानाध्यक्ष वेंकेटेश्वर ओझा, पर्यवेक्षिका मैमुना खातुन, अलका सिन्हा, रिंकी कुमारी, प्रियंका कुमारी, समाजसेवी तपेश्वर पुरी, डॉ0 नौलेश सिंह, मुखिया अशोक पासवान, बमबम सिंह, कर्मी धनंजय कुमार, दीपक कुमार, सत्यप्रकाश कुमार सहित अन्य ने सम्बोधित किया।समारोह की अध्यक्षता संघ अध्यक्ष अनिता राय एवं संचालन पिंकु वर्मा ने की।

# गुरुआ में मुहर्रम जुलूस के दौरान लहराया फिलिस्तीन का झंडा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** प्रखंड में मुहर्रम जुलूस के दौरान एक अप्रत्याशित दृश्य सामने आया जब गुरुआ में मुहर्रम जुलूस में फिलिस्तीन का झंडा लहराया गया। यह घटना स्थानीय लोगों और प्रशासनिक हलकों में चर्चा का विषय बन गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जुलूस के दौरान कुछ युवकों ने फिलिस्तीन का झंडा हाथ में लेकर प्रदर्शन किया। यह सब कुछ गुरुआ पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में हुआ, लेकिन पुलिस ने न तो झंडा उतरवाया और न ही किसी प्रकार की आपत्ति दर्ज की। इससे गुरुआ के लोगों में सवाल खड़े हो गए हैं कि क्या यह पुलिस की लापरवाही थी या जानबूझकर चुप्पी साधी गई।

स्थानीय लोगों का कहना है- 'यह धार्मिक जुलूस है, इसमें किसी दूसरे देश के झंडे का क्या काम? यह माहौल बिगाड़ने की कोशिश भी हो सकती है।

# एक दूसरे को मिठाई खिला सौरव गांगुली का जन्म दिन मनाया


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** पूर्व भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान, बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष, भारत के सफलतम कप्तानों में गिने जाने वाले, आईसीसी ट्रॉफी के विजेता तथा पद्मश्री एवं अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित सौरव गांगुली को उनके जन्मदिन के मौके पर मंगलवार को राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के बिहार प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने हृदय से बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डॉ. मिश्रा ने कहा कि सौरव गांगुली न सिर्फ एक शानदार क्रिकेटर रहे हैं, बल्कि एक प्रेरणादायी नेता भी हैं जिन्होंने भारतीय क्रिकेट को एक नया आत्मविश्वास दिया। उनके नेतृत्व में भारत ने कई ऐतिहासिक जीतें दर्ज कीं और एक आक्रामक, निर्भीक और विजयी मानसिकता के साथ खेलने की परंपरा की शुरुआत की। डॉ. मिश्रा ने गांगुली जी के जन्मदिन को विशेष रूप से मनाते हुए बच्चों के बीच मिठाइयां एवं एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने सौरव गांगुली के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही और बताया कि किस प्रकार कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य और मेहनत से सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि सौरव गांगुली जी का जीवन युवाओं के लिए एक प्रेरणा है। चाहे वो कप्तान के रूप में विदेशी धरती पर जीत हो या बीसीसीआई अध्यक्ष के रूप में भारतीय क्रिकेट का नेतृत्व, उन्होंने हर भूमिका को गरिमा और कर्तव्यनिष्ठा से निभाया है। बधाई और शुभकामनाएं देने वालों में राजेन्द्र प्रसाद अधिवक्ता, तेजस सिन्हा, नेहा कुमारी, सपना राजमणि, श्याम किशोर मिश्रा, कल्पना झा, आकाश कुमार, महेश मिश्रा, इंदु भूषण मिश्रा, पूनम कुमारी, सुधीर कुमार, अशोक कुमार, दिनेश कुमार, संतोष कुमार, सुनील मिश्रा, राजू मिश्रा, डॉ मिहिर कुमार आदि शामिल रहे।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

**आवश्यक सूचना**

**(लापता मुकेश कुमार उम्र- 21 वर्ष)**



गढ़वा थाना सनहा सं0—30/2025, दिनांक—06.03.2025 में लापता मुकेश कुमार, उम्र—21 वर्ष, पिता— अमृत रजवार, सा0—नारायणपुर, थाना+जिला—गढ़वा, राज्य— झारखण्ड के रहने वाले हैं। उक्त लापता लड़का के भाई एवं आवेदक छोटू कुमार रजवार के द्वारा आवेदन में उल्लेख किया गया है इनका भाई मुकेश कुमार दिनांक— 29.02.2025 को कुम्भ मेला प्रयागराज जाने एवं वहाँ से वापसी के क्रम गलत ट्रेन पकड़ कर बरौनी चले जाने एवं वहाँ से गुम हो जाने के संबंध में थाना में आवेदन दिया गया है। उक्त लापता मुकेश कुमार का काफी खोजबीन किया गया परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि लापता मुकेश कुमार किसी व्यक्ति को कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0—9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0—9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलिया :— रंग—गोरा, भाषा—हिन्दी एवं स्थानीय,
पहनावा— जींस तथा टी शर्ट एवं जुता।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 356818 Police (25-26)_D


# आईआईएम बोधगया में नए बैच के ओरिएंटेशन के लिए एकत्रित हुए उद्योग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया(गयाजी)।** आईएमआई बोधगया ने 542 छात्रों को अपने 2025-27 पोस्टग्रेजुएट और पीएचडी कार्यक्रमों में शामिल किया जिसमें कई प्रतिष्ठित अतिथियों ने छात्रों के नए समूह को प्रेरित करने के लिए अपने विचार साझा किये। देश में सबसे तेजी से बढ़ते आईआईएम में से एक, आईआईएम बोधगया ने 5 जुलाई को अपने ओरिएंटेशन प्रोग्राम की शुरुआत की जिसमें 354 छात्रों का स्वागत किया गया जिनमें 51 छात्र आईपीएम (इंटीग्रेटेड प्रोग्राम इन मैनेजमेंट) स्ट्रीम के माध्यम से अपने प्रमुख एमबीए के 11वें बैच में शामिल हुए। साथ ही 18 छात्र पीएचडी प्रोग्राम के 6वें बैच में शामिल हुए। एमबीए-डीबीएम और एमबीए-एचएचएम (हॉस्पिटल एंड हेल्थकेयर मैनेजमेंट) प्रोग्राम के तीसरे बैच के लिए ओरिएंटेशन 6 जुलाई को शुरू हुआ, जिसमें प्रत्येक में 94 छात्र शामिल थे। आईआईएम बोधगया की निदेशक प्रो विनीता एस सहाय ने दोनों दिन नए बैच का स्वागत किया और संस्थान की जागरूकता को बढ़ावा देने तथा सामाजिक रूप से जिम्मेदार व्यावसायिक नेताओं को विकसित करने की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। आईआईएम बोधगया के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष एल. रामकुमार और बीओजी सदस्य संदीप घोष ने उद्घाटन सत्र में छात्रों को संबोधित किया। आरबीआई इनोवेशन हब में ऑडिट कमेटी के अध्यक्ष श्री मृत्युंजय महापात्रा, एओएन इंडिया में पार्टनर और कंट्री हेड-टैलेंट एंड रिवार्ड्स कंसल्टिंग रूपांक चौधरी, बीसीजी में पार्टनर आशीष कुलकर्णी और एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया के सीईओ वेंकट चलसानी ने विभिन्न क्षेत्रों में बदलते रुझानों और उभरते अवसरों के बारे में विस्तार से बात की। इन-स्पेस के निदेशक प्रफुल्ल कुमार जैन, गया के डीएम शशांक शुभंकर और एसएसपी आनंद कुमार सहित सार्वजनिक सेवा के नेताओं ने छात्रों से इस बात पर विचार करने का आग्रह किया कि किस प्रकार व्यवसाय और शासन व्यापक सामाजिक भलाई के लिए तालमेल बिठा सकते हैं। मध्य प्रदेश के विशेष डीजीपी डॉ. वरुण कपूर ने साइबर अपराधों और साइबर सुरक्षा के महत्व पर जानकारी साझा की। ऑस्ट्रेलिया के एडिथ कोवान विश्वविद्यालय के एसोसिएट डीन डॉ. सुकु सुकुनेसन, ई एंड वाई में सरकारी सार्वजनिक क्षेत्र के आर्थिक विकास सलाहकार पार्टनर जयंत प्रकाश और आईआईएम कलकत्ता के प्रोफ़ेसर विद्यानंद झा ने भी उद्घाटन के दिन छात्रों से बातचीत की। दूसरे दिन के मुख्य वक्ता एनईटीएफ और एनबीए के अध्यक्ष डॉ अनिल सहस्त्रबुद्धे, प्रबंध निदेशक और पार्टनर, बीसीजी, हितेश टाक, पार्टनर, केपीएमजी, उदित सेठी, हेड एचआर, अगप्पे डायग्नोस्टिक्स, विनीत पी. मैथ्यू, ग्लोबल हेड ऑफ अलायंस, टाइगर एनालिटिक्स, बद्रीश प्रकाश, एसोसिएट पार्टनर, मकिंसी, देबोप्रियो भट्टाचार्य, सीईओ, एजीडी बायोमेडिकल्स, डॉ. राजेश एम. पटेल और मगध के प्रमंडलीय आयुक्त डॉ. सफीना ए.एन थे। अध्यक्ष - एमबीए, प्रोफ़ेसर आशीष शर्मा, अध्यक्ष - एमबीए एचएचएम, स्वप्नराग स्वैन और अध्यक्ष - एमबीए डीबीएम, प्रोफ़ेसर मोल्ला रामिजुर रहमान ने कार्यक्रमों का परिचय दिया। अध्यक्ष - एडमिशंस, प्रोफ़ेसर सी.वी. सुनील कुमार ने बैच प्रोफ़ाइल प्रस्तुत की, जिसमें आने वाली कक्षा की विविधता और क्षमता पर प्रकाश डाला गया।स्वास्थ्य देखभाल प्रबंधन और जैव चिकित्सा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में ज्ञान के आदान-प्रदान, कैरियर के अवसरों और अनुसंधान-संचालित नवाचार को सुविधाजनक बनाने के लिए आईआईएम बोधगया और एजीडी बायोमेडिकल्स के बीच एक मेमोरेंडम ऑफ़ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। नए एमबीए बैच में 78 छात्राएं और 225 छात्र शामिल हैं।इनमें से 123 छात्रों के पास पहले से कार्य अनुभव है, जिनकी औसत अवधि 23 महीने है।बैच में उल्लेखनीय शैक्षणिक विविधता है, जिसमें 50.83% इंजीनियर और 49.17% नॉन-इंजीनियर हैं।एमबीए-डीबीएम बैच में 94 छात्र हैं, जिनमें 14 छात्राएं शामिल हैं।


## DISTRICT HEALTH SOCIETY, PALAMAU
NATIONAL TUBERCULOSIS ELIMINATION PROGRAMME
Regd. No. :-13/1999 -2000
SADAR HOSPITAL PALAMAU , JHARKHAND
E-mailu :- dtojhplm@rntcp.org

**Request for Proposal**

पत्रांक .................... दिनांक ..................

राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम, पलामू ( NTEP ) के अन्तर्गत टीबी मुक्त भारत अभियान के सफल संचालन हेतु राज्य यक्ष्मा पदाधिकारी,झारखण्ड,राँची से निर्देश प्राप्त है। उक्त Campaign के संचालन के दौरान टीबी संक्रमण की उच्च जोखिम वालें संभावित मरीजों का Chest X-Ray करने में Hand Held X-Ray Machine की भूमिका महत्वमपूर्ण है।

इस संबंध में पलामू जिले में टीबी मुक्त भारत अभियान के दौरान संभावित यक्ष्मा मरीजों को Hand Held X-Ray Machine X-Ray Machine के द्वारा X-Ray सुविधा प्रदान किया जाना है। इसके लिए इच्छुक, योग्य एवं सक्षम ऐजेंसी से निम्नांकित शर्तों के अन्तर्गत अपना प्रस्ताव अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा करेगें ,जिसका विवरण निम्नांकित है।

| क्र0स0 | कार्य विवरणी | Specification of X-Ray Machine Should be as under |
|---|---|---|
| | पलामू जिले में टीबी मुक्त भारत अभियान के संचालन के दौरान सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र/टी0यू0 के अन्तर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर ( AAM ) के क्षेत्र के मरीजों को आवष्यकतानुसार उपलब्ध Route Chart के आधार पर Hand Held X-Ray सुविधा उपलब्ध कराया जाना। | (1) X-Ray Machine Remex KA-6 (2) Should be approved by AERB India |

कोटेशन की शर्ते
1. प्रस्ताव अन्तर्गत दिये गये दर में सभी तरह का कर समाहित होगा।
2 प्रस्तावित दर के अतिरिक्त अन्य कोई शुल्क देय नहीं होगा।
3. किसी प्रकार के वाद—विवाद की स्थिति में न्यायायिक क्षेत्र मेदिनीनगर होगा।
4. इच्छुक फर्म/संस्थान अपना प्रस्ताव बन्द लिफाफे में दिनांक—14.07.2025 तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में अपराहन् 2.00 बजे तक जमा कर सकते हैं।
5. बिना कारण बताए कोटेशन रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
6. प्राप्त प्रस्तावों का निस्तारण दिनांक—14.07.2025 को अपराहन् 4.00 बजे सिविल सर्जन, पलामू की अध्यक्षता में उनके कार्यालय में किया जाएगा।
7. भुगतान निधि प्राप्त होने के उपरान्त ही किया जायेगा।

जिला यक्ष्मा पदाधिकारी,
पलामू।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,पलामू।

PR 356790 (District) 25-26 (D)

संपादकीय

# ठाकरे एकता, लेकिन कब तक?

महाराष्ट्र के स्कूलों हिंदी अनिवार्यता के विरोध और मराठी के समर्थन में 19 साल बाद परस्पर विरोधी उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे का एक साथ आना राज्य की राजनीति की महत्वपूर्ण घटना है, लेकिन इसी के साथ यह सवाल भी जुड़ा है कि यह एकजुटता कब तक टिकेगी? हालांकि दोनों भाई इस बात की दुहाई दे रहे हैं कि वो आगे भी साथ रहेंगे, लेकिन राजनीतिक प्रेक्षकों का मानना है कि दोनो भाइयों और उनकी पार्टियों का साथ रहना मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) के चुनाव नतीजों पर काफी कुछ निर्भर है। अगर इसमें शिवसेना जीती तो दोनों का साथ लंबा चल सकता है, लेकिन हारी तो उद्धव और राज के रास्ते फिर अलग हो सकते हैं। बहुतों का मानना है कि दोनों का साथ आना दरअसल दोनों के राजनीतिक जीवन मरण का प्रश्न बन गया है, इसलिए यह संकटकालीन संधि है। मुंबई के वरली डोम में उद्धव की शिवसेना और राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह था। दो दशकों से एक दूसरे के खिलाफ काम कर रहे कार्यकर्ता गले मिलते दिख रहे थे। सभा में उद्धव की तुलना में राज ठाकरे का भाषण ज्यादा प्रभावी था। उन्होंने कहा कि जो काम बाला साहब ठाकरे नहीं कर सके, वो देवेन्द्र फडणवीस ने कर दिखाया। अर्थात् हम दोनों को साथ ला दिया। उद्धव ने कहा कि अगर मराठी की रक्षा के लिए हमे गुंडागर्दी भी करनी पड़ी तो हम करेंगे। लेकिन महाराष्ट्र में जबर्दस्ती हिंदी लादने नहीं देंगे। उधर राज्य के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा कि दोनों भाइयों की संयुक्त सभा राजनीतिक रूदाली थी। हालांकि भाजपा यहां भी राज से ज्यादा उद्धव पर कटाक्ष कर रही है। दो भाइयों के इस मिलन से इतना तो तय है कि दो माह बाद होने वाले बीएमसी के चुनाव में हिंदी विरोध अहम मुद्दा होगा। दरअसल एक माह पहले फडणवीस सरकार ने शासकीय संकल्प जारी कर कहा था कि अब राज्य पहली कक्षा से बच्चों को त्रिभाषा फार्मूले के तहत तीन भाषाएं सीखनी होंगी। जिसका तीव्र विरोध शुरू हो गया। इसका जायज आधार यह था कि आखिर पहली क्लास का बच्चा तीन भाषाएं एक साथ कैसे सीखेगा? तीन भाषाएं यानी मातृभाषा मराठी, अंग्रेजी और हिंदी। सरकार चाहती तो हिंदी कक्षा तीसरी से या चौथी से भी लागू कर सकती थी। लेकिन लगता है कि यह संकल्प भी भाषा के आधार पर मुंबई में वोटों के विभाजन की महीन राजनीति के मकसद से जारी किया गया था। यही अब आकार लेता दिख रहा है। वरना सरकार चाहती तो इसे बीएमसी चुनाव के बाद भी जारी किया जा सकता था। उधर ठाकरे बंधुओं की राजनीति भी संकट में है। लिहाजा उन्हें लगा कि हिंदी विरोध उनकी सियासत के लिए संजीवनी हो सकती है। लेकिन सवाल यह भी है कि इससे दोनों सेनाओं को कितना लाभ होगा। अगर मुंबई में भाषा के आधार पर वोटरों का सीधा विभाजन हो गया तो अंततः भाजपा और महायुति को ही फायदा होगा। क्योंकि 2011 की जनगणना के अनुसार मुंबई में मराठी भाषियों की संख्या करीब 36 प्रतिशत है, जबकि गैर मराठी भाषियों की तादाद 64 प्रतिशत है, जिनमें हिंदी को मातृभाषा मानने वालों की संख्या करीब 23 फीसदी है। बीएमसी में कुल 227 सीटें हैं। दूसरा, सवाल दोनों सेनाओं में सीटों के बंटवारे और विपक्षी महाविकास आघाड़ी के भविष्य का भी है। ठाकरे बंधुओं की मिलन सभा में राकांपा शरद पवार की पार्टी की सुप्रिया सुले और अन्य नेता भी थे। इसका अर्थ यह है कि राकांपा(श) उद्धव व राज के साथ मिलकर ही चुनाव लड़ेगी। असली मुश्किल कांग्रेस के लिए है कि वह मआवि में रहेगी या नहीं या फिर अलग चुनाव लड़ेगी।

# गांधी का स्वराज और केरल हाईकोर्ट की टिप्पणी

**केरल हाई कोर्ट के जस्टिस ए मोहम्मद मुस्ताक और जस्टिस पी कृष्ण कुमार की बेंच ने 27 फरवरी 2025 को एक याचिका की सुनवाई करते हुए टिप्पणी की थी कि 'गवर्नेंस की समस्याएं काफी बढ़ गई है, महात्मा गांधी द्वारा प्रस्तावित ग्राम स्वराज को खत्म करने की आवश्यकता है।' जस्टिस मुस्ताक ने यह भी कहा कि 'स्थानीयकरण और विकेंद्रीकरण से अपेक्षित परिणाम नहीं मिले हैं। गांधी जी द्वारा प्रस्तावित ग्राम स्वराज का विचार जो अब संवैधानिक रूप से शामिल है उसे खत्म करना चाहिए क्योंकि गवर्नेंस में अब जटिलता आ गई है। पहले छोटे मुद्दे ही हल करने होते थे अब स्थानीय प्राधिकरणों के लिए चुनौती बहुत बड़ी है।' उन्होंने आगे कहा कि हर पंचायत कचरा प्रबंधन नहीं कर सकती हमें पूरे जिले या बड़े क्षेत्र के लिए एक बड़ी संस्था की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि 'संपत्ति और भवन कर जैसे राजस्व संग्रहण भी इस स्थानीय दृष्टिकोण के कारण प्रभावित होते हैं।' जस्टिस मुस्ताक हाई कोर्ट के न्यायाधीश हैं उनका यह अधिकार है कि वह अपने विचार के अनुसार कोई भी टिप्पणी करें और एक नागरिक के नाते मेरा भी संवैधानिक अधिकार है कि मैं जस्टिस साहब पर टिप्पणी करूं।**

रघु ठाकुर

जहां तक महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज और पंचायती राज के विचार में वर्तमान पर स्थितियों में संशोधन और सुधार का प्रश्न तो यह भी समझना होगा कि सुधार मूल विचार में नहीं होता बल्कि मूल विचार को लागू करने की प्रक्रिया में होता है, परंतु जस्टिस मुस्ताक तो गांधी जी के ग्राम स्वराज को ही समाप्त करना चाहते हैं। मुझे लगता है कि उन्होंने गांधी जी को पढ़ा नहीं है या फिर सावधानी से नहीं पढ़ा और उन्होंने गांधी जी के विचारों और अपनी कल्पना के केंद्रीयकरण के खतरों को भी गंभीरता से नहीं समझा, वरना शायद वह ऐसी टिप्पणी नहीं करते। गांधी जी ने आजादी के आंदोलन के दौरान ही अपनी स्वराज की कल्पना को स्पष्ट कर दिया था। उन्होंने 1905 में हिंद स्वराज पुस्तक में स्पष्ट बताया था कि उनके लिए आजादी का मतलब क्या है? बापू के विचारों में आजादी का मतलब ग्राम स्वराज और व्यक्ति स्वराज था, जहां ग्राम हर अर्थों में आर्थिक राजनीतिक और सभी प्रकार से एक स्वतंत्र इकाई हो जो किसी दूसरे पर निर्भर नहीं हो और इसी प्रकार व्यक्ति भी उतना उन्नत हो कि उसे किसी बाहर के शक्ति बंधन या कानून की आवश्यकता ना हो। पंचायती राज की अवधारणा को संविधान में स्थान तो दिया गया था परंतु नीति निर्देशक सिद्धांतों में उस समय उसे संवैधानिक प्रावधान नहीं बनाया गया था, परंतु संविधान निर्माण के लगभग 35 वर्ष के बाद पंचायती राज लाने को संवैधानिक स्वरूप दिया गया और बापू की कल्पना को आधे अधूरे ढंग से या कुछ कुछ बेमन से संविधान में शामिल किया गया। निसंदेह इसके बाद ग्राम पंचायत से लेकर जनपद और जिला पंचायतों तक कुछ अधिकार उन्हें राज्य सरकारों द्वारा दिए गए परंतु उन्हें राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक आजादी नहीं मिली और उन्हें अपने ग्राम विकास के काम को पूरा करने के लिए राज्य और केंद्र सरकारों सांसदों और विधायकों की निधि पर निर्भर रहना पड़ता है। एक बुनियादी फर्क तो आया है कि पंचायत में कौन सा काम कहां उपयोगी है इसमें यद्यपि पूर्णतया तो नहीं परंतु कुछ हद तक सुधार हुआ है। आजादी के बाद के प्रारंभिक काल में जो पंचवर्षीय योजना रूस की नकल के तौर पर लागू की गई थी उसमें नीचे से ग्रामीण समाज की आवश्यकता ऊपर जाती थी और बँटवारा केंद्र सरकार करता था। केंद्र भी केवल संख्या स्वीकृत करता था परंतु स्थान चिन्हित करने का काम राज्य सरकारें ही करती थी और राज्य सरकारों में जो ताकतवर लोग होते थे अधिकांश योजनाओं को वे ही अपने प्रभावित क्षेत्र में ले जाते थे। यद्यपि भी अब पंचवर्षीय योजना नहीं है परंतु प्रशासनिक ढांचा तो लगभग वैसा ही स्थापित है तथा आज भी शासन प्रणाली में वितरण का न्याय नहीं है। बल्कि ज्सिसकी लाठी उसकी भैंस्य का सिद्धांत चल रहा है, यानी जो सत्ता में है या जिसकी भागीदारी है, विकास की योजनाएं वह अपने मर्जी से ले जाता है या बंदरबांट करता है। आम जनता और ग्राम पंचायत से लेकर जनपद पंचायत तक भिखारी जैसी स्थिति होती है, जो मंत्री मुख्यमंत्री, सांसद, विधायकों के आगे हाथ जोड़े खड़ी रहती है। कहीं-कहीं इनके अध्यक्षों को सरकारी रेस्ट हाउस या विश्रामगृह में ठहरने की पात्रता दी गई है या बैठकों आदि में अध्यक्ष पद पर आसीन होने का अवसर मिल जाता है, परंतु पंचायत सचिव से लेकर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालिक अधिकारी तक सारे अधिकारों का प्रयोग लगभग अधिकारी ही करते है। यहां तक कि स्थानीय कर्मचारी, पटवारी, शिक्षक, कंपाउडर, आंगनबाड़ी कर्मचारी आदि पर भी उनका कोई नियंत्रण नहीं होता।

विकेंद्रीकरण के नाम के आधे अधूरे और कुछ हद तक इस विकृत स्वरूप ने भ्रष्टाचार का विकेंद्रीकरण अवश्य कर दिया है और जिले से लेकर ग्राम पंचायत तक सभी अपनी क्षमता के अनुसार भ्रष्टाचार के चंगुल और जाल में फंसे हैं। पंचायत के स्तर पर तो अधिकारियों और निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का भ्रष्टाचार या कमिशन के रेट तय करने का चलन बन चुका है। इन स्थितियों में गांधी जी के ग्राम स्वराज के विचार को दोष देना निरर्थक है। यह स्थानीयकरण और विकेंद्रीकरण के सिद्धांत की असफ्लता नहीं है, बल्कि उसे लागू करने वालों की मानसिक व भावनाओं की कमी है। स्थानीयकरण और विकेंद्रीकरण के बहुत लाभ होते हैं और अधिक हो भी सकते हैं पर शर्त यह है कि उन्हें लागू करने की ईमानदार इच्छा केंद्र व राज्य सरकार की हो तथा उसके लिए वे संवैधानिक प्रावधान सगुण रूप से बनाएं। जस्टिस मुस्ताक ने कचरा प्रबंधन को लेकर विकेंद्रीकृत प्रणाली को अप्रभावी कहा है और इसे बड़े क्षेत्र के लिए जिले, पूरे जिले और बड़ी संस्था की आवश्यकता बताई है। जस्टिस महोदय भूल गए हैं कि बड़े क्षेत्र में भी कचरा प्रबंधन की प्रणाली लगभग असफल ही है। दूसरे छोटे इकाई में कचरा प्रबंधन आसान हो सकता है, क्योंकि वहां कचरा भी अलग प्रकार का और कम मात्रा में होता है। हमारे देश के गांव में आज भी पालीथिन का प्रयोग शहरों की तुलना में बहुत कम है, जो गंदगी और कचरा महानगरों में या बड़े स्तर पर होता है वह स्थिति ग्रामों में नहीं है। अगर ग्रामीण इकाइयों या पंचायत को आवश्यकता आवश्यक उपकरण या सुविधा मुहैया कराई जाए तो ग्रामीण इकाइयों में कचरा प्रबंधन बहुत आसानी से हो सकता है। दूसरी बात यह भी है कि मशीनीकरण ने आम इंसान की आत्मनिर्भरता दूर कर दी। हर बात इस बात पर निर्भरता राज्य सरकार या प्रशासन तंत्र के ऊपर हो रही है।

महात्मा गांधी को ग्राम स्वराज का दर्शन देने का नैतिक अधिकार था क्योंकि वे ग्रामों को न केवल आर्थिक प्रशासनिक, राजनीतिक इकाई के रूप में आजाद बनाना चाहते थे, बल्कि बेहतर इंसान को गढ़कर एक इकाई के रूप में अपना काम खुद करने की मानसिकता वाला बनाना चाहते थे। गांधी जी ने जो कहा और उसका पालन भी किया। जस्टिस साहब जरा याद करें कि जब महात्मा गांधी कोलकाता के कांग्रेस अधिवेशन में भाग लेने गए थे तो वहां मल मूत्र व गंदगी का ढेर लगा था। लोग एक-दूसरे से शिकायत कर रहे थे कि बहुत गंदगी है, और तब की बड़ी इकाई कोलकाता महानगर पालिका या सफाई कर्मी के इंतजार में थे। महात्मा गांधी ने वहां जाकर अपने हाथ से न केवल कचरे को बल्कि मल मूत्र को भी बाल्टी में भर-भरकर फेंकना शुरू किया और बाद में अन्य लोगों ने भी अनुसरण करना शुरू किया। जिसके परिणाम स्वरुप अधिवेशन स्थल साफ हो सका। उसके कुछ दिनों बाद महात्मा गांधी चंपारण गए और उन्होंने वहां भी गांव की गंदगी को खुद हाथ से साफकरना शुरू किया। उनका अनुसरण कर गांव वाले खुद सफाई करने लगे, किसी महानगरी या बड़ी इकाई को किसी मशीन की आवश्यकता नहीं पड़ी। आज अगर किसी गांव या ग्राम पंचायत में सफाई या कचरा प्रबंधन का अभाव है तो यह स्थानीय या विकेंद्रीकरण की असफलता नहीं है, बल्कि हमारी सभ्यता की असफ्लता है। यह बहुत छोटी सी जरूरत है जिसका पालन आसानी से स्थानीय इकाइयां कर सकती हैं।

कचरे को नष्ट करने वाली या तब्दील करने वाली छोटी मशीन या छोटी ट्रॉली भी कचरे के छोटे-छोटे डिब्बे भी ग्राम पंचायत के माध्यम से आसानी से उपलब्ध कराये जा सकते हैं। यह विकेंद्रीकरण की सफलता का आधार हो सकता है और दूसरी तरफ केंद्रीकरण के संभावित दुष्परिणामों पर विचार करें अगर किसी कारण से मशीन बिगड़ जाए या कोई हड़ताल हो जाए या कोई सड़क मार्ग में अवरोध पैदा हो जाए व नल, बिजली की व्यवस्था कुछ समय को बाधित हो जाए तो महानगर एक-दो दिन में ही नरक से बदतर हो जाते हैं। स्थानीयकरण व्यक्ति और उसके हाथ तक जाता है जो कभी भी बाधित नहीं हो सकता है कभी-कभी अयोग्य या बीमार, हो सकता है परंतु मशीनीकरण के समान लंबी या स्थायी परेशानी वाला, कभी नहीं हो सकता।

अध्यात्म

## समय बर्बाद करेंगे तो बड़े अवसर हाथ से निकल जाएंगे




एक आश्रम में एक संत अपने शिष्यों के साथ रहते थे। गुरु का एक शिष्य बहुत आलसी था और वह समय का महत्व नहीं समझता था। जब उसकी शिक्षा का समय पूरा होने वाला था, तब गुरु को लगा कि अगर इस शिष्य को समय की कीमत नहीं समझाई तो इसका जीवन बर्बाद हो जाएगा। इसलिए गुरु ने एक योजना बनाई। गुरु ने शिष्य को एक विशेष पत्थर दिया और कहा कि ये पारस पत्थर है। इसे लोहे की किसी भी वस्तु से स्पर्श करने पर वह सोने में बदल जाएगी। तुम्हारे पास केवल दो दिन हैं। मैं दूसरे गांव जा रहा हूं और दो दिन बाद लौट आऊंगा, तब मुझे ये पत्थर तुम वापस कर देना। शिष्य ने सोचा कि अब उसके पास बहुत बड़ा मौका है। उसने ये ठान लिया कि वह इस पत्थर से बहुत सारा सोना बनाएगा, ताकि जीवन भर उसे मेहनत करने की जरूरत न पड़े, लेकिन जैसे ही गुरु आश्रम से निकले, शिष्य ने सोच लिया कि अभी उसके पास दो दिन हैं तो वह आज आराम करेगा। अगले दिन वह सोना बनाएगा। यही सोचकर वह सो गया। एक दिन आराम करने के बाद अगले दिन शिष्य उठा, फिर उसने सोचा कि पहले थोड़ा खाना लेता हूं, फिर काम करूंगा। भोजन के बाद उसे नींद आने लगी तो उसने सोच लिया कि अब कुछ देर सो लेता हूं, फिर शाम को काम कर लूंगा। जैसे ही शाम हुई, गुरु आश्रम लौट आए और शिष्य से कहा, अब दो दिन पूरे हो गए हैं। अब वह पत्थर मुझे वापस दे दो। गुरु को देखकर शिष्य को अपनी गलती का अहसास हो गया। उसने समय को बर्बाद किया और अब उसके पास कोई सोना बनाने का समय नहीं था। उसे समझ में आ गया कि समय बहुमूल्य है और उसे आलस में बर्बाद करना ठीक नहीं है। जो व्यक्ति समय का मूल्य नहीं समझ पाता, वह आलस में ही घिरा रहता है। सही समय पर पहले किया गया काम जीवन में सफलता की कुंजी है। अगर आप समय का सही इस्तेमाल करते हैं तो आपके पास जीवन की हर मुश्किल को पार करने की शक्ति होगी। इसलिए आलस छोड़ें, समय की कीमत समझें।

# अब एआई के हवाले जिंदगी...

**इन दिनों दुनिया में जो कुछ हो रहा है, वह अंतर्मुखी होकर अपने अहंकार से मुक्त आदमी को इस तेज भागते हुए विश्व की नई परिकल्पना में शांति की गुंजाइश से भर सकता है। यही जीवन जीने की एक नई दिशा का रास्ता है। आज दुनिया विरोधाभास, नए उपभोक्तावाद और आभासी दुनिया की नई परिकल्पना से नहीं, उसके डरावने यथार्थ से जूझ रही है। मन-मस्तिष्क की शांति और आत्मचिंतन की अंतर्दृष्टि ही इससे बचाव का रास्ता है जो हमें शांति समृद्धि और उस सुख की ओर ले जा सकता है, जिसमें जीवन की खोज में जिंदगी बची रहे। यही सवाल आज सबसे बड़ा है, जिसके लिए यह कोशिशें पूरी दुनिया में हो रही हैं, ताकि जिंदगी को युद्ध की तबाही से बचाया जा सके और आत्मचिंतन की शांति की अंतर्दृष्टि से आने वाली नस्लों के लिए इस रंग-बिरंगे विश्व को सुरक्षित रखा जा सके।**

कृष्ण कुमार रत्तू



इन दिनों दुनिया में जो कुछ हो रहा है, वह अंतर्मुखी होकर अपने अहंकार से मुक्त आदमी को इस तेज भागते हुए विश्व की नई परिकल्पना में शांति की गुंजाइश से भर सकता है।

इन दिनों जब पूरी दुनिया युद्ध की दहशत से अभिशप्त दिखती है तो फिर अमन की तलाश में कौन से रास्ते तलाश किए जाएं, ताकि मानव जीवन सुरक्षित रह सके? असल में यही है जिंदगी के लिए शांति की अंतर्दृष्टि का वह आयाम जो जिंदगी को संतुष्टि के साथ शांति के मार्ग पर चलते हुए नई अंतर्दृष्टियों के नए इंद्रधनुषों को खोलता है। शांति की अंतर्दृष्टि का सीधा अर्थ है जीवन में शांति की गहराई को समझना और जीने के नेतृत्व तथा प्रभावों को जानना। मगर यह उन स्थितियों पर निर्भर करता है कि जिस समाज में हम जी रहे हैं, उसमें सामाजिक आर्थिक और मानव प्रकृतियों की प्रक्रिया कैसी है।

वर्तमान समय में जिस तरह आज नई तकनीक और सूचना प्रौद्योगिकी के चलते हर तरह की कृत्रिम बुद्धिमत्ता का वातावरण आदमी को चौबीस घंटों नियंत्रित करने लगा है, उसके लिए यह अति आवश्यक हो गया है कि आज हम अपनी जिंदगी यानी अपनी सांसों को अपने दिल और अपने मन मस्तिष्क को थोड़ा ठहराव प्रदान करने और शोर के इस माहौल को रोकने के लिए शांति की तलाश के वे तरीके तलाशें, जहां शांति का उपवन हो, जिंदगी का शांतिपूर्ण माहौल हो। यह सच है कि आज हमारे जीने के क्रम और जीवन का रास्ता बिखर गया है। इन दिनों हमारी शांति की दुआओं के मद्देनजर बदलती हुई दुनिया और जिंदगी की अंतर्दृष्टि के कई विभिन्न पहलू हो सकते हैं और मन की शांति हमारे तनाव को कम कर सकती है।

भारतीय संस्कृति की ध्यान प्रेक्षा में जीवन में प्राथमिक आवश्यकता आत्मचिंतन अंतर्दृष्टि को ही बताया गया है, लेकिन सामाजिक और आत्मिक शांति इन दिनों जिस तरह से बदल रही दुनिया में एक नई दुनिया का नया स्वरूप अब हमारे सामने परिलक्षित है, वहां पर अंतरराष्ट्रीय शांति के संघर्ष और जड़ों के बजाय जिंदगी को बचाने का प्रयास कहां किया जाए। यह भी सच है कि इन दिनों विश्व में हमने जिस तरह से जंगल, जल और वायु को प्रदूषित किया है, वह आने वाले वर्षों में हमारे उस प्रश्न पर झगड़ों का कारण बनेगा। इसमें असली लड़ाई अब सांसों के लिए वायु प्राण की शांति में जीने की लालसा में होगी। जल की बूंद-बूंद के लिए लड़ाई के मुहाने पर पहुंचा हुआ विश्व शांति और युद्ध के बीच क्या चुनना चाहता है?

दरअसल, जिस दुनिया में हम जी रहे हैं, वह जटिल, विरोधाभासी और परस्पर छोटे युद्ध तथा नफरती बयार से भर गई है। यह तब हो रहा है, जब पूरी दुनिया ज्ञान के नए आकाश को छू रही है। इस आसमान में आदमी प्रकृति तथा ब्रह्मांड के भेद को तो भेदना तो चाह रहा है, पर उसने अपनी भंग शांति में सब कुछ खो दिया है। संघर्षों के कर्म को समझना जीने के नए रास्तों को तय करने और ध्यान, योग की प्रवीण प्रवृत्तियों को सहज पूर्णता के कारण एक नई संस्कृतियों के दौर को स्वीकार करने, सम्मान करने तथा शांति से जीने की एक परंपरा हमारे समाज में है। यही समाज की खूबसूरती है, जिसमें विभिन्न समुदायों और विभिन्न रंग-रूप तथा भाषाओं के रंग-बिरंगे संजाल में लोग सदियों से रह रहे हैं।

यह अलग बात है कि गुलामी का भाव अपने जीने के अस्तित्व और युद्ध के दर्शन ने हमेशा इस धरती पर शांति को तार-तार किया है, लेकिन भारतीय जनमानस में करुणा, सहानुभूति, आत्म जागरूकता, विचारों तथा भावनाओं को ध्यान के जरिए नियंत्रित करना दरअसल शांति के लिए आत्म चिंतन की दूरदृष्टि है। इसको समझने की आज जितनी आवश्यकता है और शांति की प्रासंगिकता के अर्थ जितने प्रासंगिक आज हैं, उतने पहले कभी भी नहीं हुए थे।

असल में अपने विचारों को खुले से प्रस्तुत कर रहे संवाद पर शांतिपूर्ण तरीके से आत्म चिंतन करना इस दुनिया को तथा बदलते समाज को नई संभावनाओं से भर सकता है। शांति की गहराई में अंतर्दृष्टि की एक बहुआयामी अवधारणा व्यक्ति समाज और दुनिया के लिए इन दिनों अति महत्त्वपूर्ण है। यही एक ऐसा रास्ता है जो आत्मचिंतन को स्थिर करते हुए नए जीवन की अंतर्दृष्टियों के साथ चलते हुए हमें एक बेहतर कल की पीढ़ी के लिए एक सुंदर दुनिया की रूपरेखा तथा नई संरचना की ओर ले जा सकता है।

हमारे यहां सभी धर्मों-परंपराओं में शांति का बखान है और सभी के लिए एक अरदास की आत्म दृष्टि और सकारात्मक जीने का खुला हुआ रास्ता है। एक ऐसा भाईचारा और ऐसी परिकल्पना का 'जोग-संजोग' का शांति-समय है, लेकिन यह भी सच है कि इस अंतर्दृष्टि में शांति पाने के जितने तरीके हमारे इतिहास और शास्त्रों में दर्शाए गए हैं, उनमें मन को संभालने के सवालों को ध्यान में सुलझा दिया गया है।

इन दिनों दुनिया में जो कुछ हो रहा है, वह अंतर्मुखी होकर अपने अहंकार से मुक्त आदमी को इस तेज भागते हुए विश्व की नई परिकल्पना में शांति की गुंजाइश से भर सकता है। यही जीवन जीने की एक नई दिशा का रास्ता है। आज दुनिया विरोधाभास, नए उपभोक्तावाद और आभासी दुनिया की नई परिकल्पना से नहीं, उसके डरावने यथार्थ से जूझ रही है। मन-मस्तिष्क की शांति और आत्मचिंतन की अंतर्दृष्टि ही इससे बचाव का रास्ता है जो हमें शांति समृद्धि और उस सुख की ओर ले जा सकता है, जिसमें जीवन की खोज में जिंदगी बची रहे। यही सवाल आज सबसे बड़ा है, जिसके लिए यह कोशिशें पूरी दुनिया में हो रही हैं, ताकि जिंदगी को युद्ध की तबाही से बचाया जा सके और आत्मचिंतन की शांति की अंतर्दृष्टि से आने वाली नस्लों के लिए इस रंग-बिरंगे विश्व को सुरक्षित रखा जा सके।

## आज का कार्टून

मराठी भाषा के नाम पर उद्धव–राज ठाकरे साथ आए




## राशिफल

**मेष**
आप अपने मन में किसी के प्रति ईर्ष्या की भावना ना रखें। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा हो सकता है।

**वृषभ**
आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आपका कोई पुराना मित्र लंबे समय बाद आपसे मेल-मुलाकात करने आ सकता है।

**मिथुन**
आपको किसी काम को लेकर संशय हो, तो आप उस काम में बिल्कुल आगे ना पड़ें। आपका कोई कानूनी मामला आपके लिए सिरदर्द बन सकता है।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए अकस्मात धन लाभ लेकर आने वाला है। आपको अपने धन को लेकर कोई समस्या चल रही थी, तो वह भी दूर हो सकती है।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए बढ़ते खर्चों पर ध्यान देने के लिए रहेगा। नौकरी को लेकर परेशान चल रहे लोगों को अच्छी सफलता मिल सकती है।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपका कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा।

**तुला**
आप अपने बिजनेस में योजनाओं को लेकर काम करेंगे। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। परिवार में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए धैर्य और संयम से कामों को करने के लिए रहेगा। आपको अपने कामों में एकाग्र होकर जुटने की आवश्यकता है।

**धनु**
आपको अपने कामों पर पूरा ध्यान देना होगा। आप किसी काम को लेकर अच्छा खासा खर्च कर सकते हैं। आप अपने घर के रिनोवेशन का भी काम शुरू कर सकते हैं।

**मकर**
आज का दिन राजनीति में कार्यरत लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है आपको काम के लिए कोई पुरस्कार भी मिल सकता है। आपका कोई नया काम करने की इच्छा जागृत हो सकती हैं।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए सेहत के लिहाज से उतार-चढ़ाव से भरा रहने वाला है। आपको किसी काम को लेकर आप विदेश यात्रा पर जाना पड़ सकता है।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए समस्याएं लेकर आने वाला है। आपके घर में मनमुटाव बढ़ेंगे, जिससे सदस्यों के बीच कड़वाहट उत्पन्न हो सकती है और दूरियां आने की संभावना है।

# मिथिला पर्यटन का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा : उपमुख्यमंत्री

## सिमरिया को विश्व पर्यटन मानचित्र पर लाने की कोशिश : केन्द्रीय मंत्री

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बीहट।** सर्वमंगला सिद्धाश्रम सिमरिया धाम में मंगलवार को (भारतीय संस्कृति में सिंदूर का महत्व) संगोष्ठी के दूसरे दिवस के सत्र का शुभारंभ करते हुए बिहार सरकार के उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि भक्ति और शक्ति सामंजस्य का प्रतीक है सिंदूर इसलिए सिंदूर के प्रतीक मां जानकी के इस धरा धाम को सजना ही चाहिए।

इसके लिए बिहार सरकार प्रतिबद्ध है और इसके साथ ही मिथिला का प्रवेश द्वार सिमरिया धाम का संपूर्ण विकास भी किया जाएगा। इसके अतिरिक्त वर्तमान सरकार सभी योजनाओं को करने जा रही है। जिससे संपूर्ण मिथिला और बिहार पर्यटन का महत्वपूर्ण केंद्र बन जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि भारत सरकार के मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि अब हमें सनातनी संस्कृति की रक्षा के लिए शांति के बदले क्रांति का पाठ प्रयोग करना चाहिए। दुनिया की कोई शक्ति हमारे सनातनी संस्कृति को क्षति नहीं पहुंचा सकता है। जिस तरह से यज्ञ की रक्षा के लिए प्रभु श्रीराम का अवतरण हुआ था उसी तरह हमें असुरी प्रवृत्ति को नाश करने के लिए क्रांति पुत्र बनना होगा। आने वाले समय में दोनों सरकार मिलकर सिमरिया का विकास अनुमान से भी अधिक होगा साथ ही सिमरिया विश्व का विशाल पर्यटन केंद्र बनेगा। इस अवसर पर सम्मानित अतिथि के कर कमलों से सर्वमंगला विद्यापीठ द्वारा प्रकाशित कुंभ संस्कृति, और विघ्न विनाशक स्त्रोत्र संग्रह का लोकार्पण किया गया। आज के सत्र में मिथिला विश्वविद्यालय के पूर्व हिंदी विभाग के अध्यक्ष डा. प्रभाकर पाठक, इतिहास विभाग के पूर्व अध्यक्ष डा. फुलेश्वर सिंह, प्राचार्य डा. विपिन कुमार झा, डा. रामकिंकर सिंह, इंजीनियर मनोहर सिंह, प्रो अबधेश झा, ने संगोष्ठी अपने व्याख्यान प्रस्तुत किया। समारोह का संचालन डा. घनश्याम झा ने किया। विजय प्रवेश श्याम सहाय तथा धन्यवाद ज्ञापन दिनेश सिंह ने किया।

सत्र के शुभारंभ में स्वामी चिदात्मन जी महाराज एवं रविन्द्र ब्रह्मचारी जी ने सभी सम्मानित अतिथि को मिथिला परंपरा के अनुसार अंग वस्त्र पाग और पुष्प गुच्छ से सम्मानित किया। इस अवसर पर डक्टर विजय कुमार झा, मीडिया प्रभारी नीलमणि, प्रो प्रेम, गंगानन्द, सुशील चौधरी, विजय कुमार सिंह, राजीव कुमार, पटेल सिंह, तरूण कुमार, आचार्य नारायण झा ,दिनेश झा, राजेश झा, रमेश झा, श्याम झा, राम झा, लक्ष्मण झा, पप्पू कुमार ,पप्पू त्यागी, नीपेनदर सिंह, आदि उपस्थित थे।

## साइकिल यात्रा ने दिया संदेश 'नाम जुड़वाओ, हक निभाओ'

**फुलवारीशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जदयू के आह्वान पर संपूर्ण बिहार में चल रहे मतदाता पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने हेतु फुलवारी विधान सभा क्षेत्र के जगनपुरा मे एक भव्य साइकिल यात्रा का आयोजन किया गया. इस यात्रा का उद्देश्य लोगों को मतदाता सूची में नाम जोड़वाने, संशोधन कराने एवं मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित करना था। इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक एवं जदयू एससी/एसटी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अरुण मांझी ने विशेष रूप से शिरकत की. उन्होंने कहा कि हर नागरिक का मताधिकार लोकतंत्र की नींव है. यह हमारा दायित्व है कि हम अधिक से अधिक लोगों को इस प्रक्रिया से जोड़ें और सुनिश्चित करें कि कोई भी मतदाता सूची से वंचित न रह जाए. उन्होने सभी कार्यकर्ताओ व जनता से अपील किया कि सभी लोग मतदाता पुनरीक्षण अभियान मे शामिल होकर नाम जुड़वा कर सजग व जागरूक होने का हक अदा करें। कार्यक्रम में सुमित कुशवाहा, भोगेंद्र झा, राजू ठाकुर, कारू यादव आदि थे।

## एक नजर

### भाकपा की बैठक में आंदोलन पर चर्चा

**मंसूरचक (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भाकपा अंचल परिषद कि बैठक रंजीत कुमार की अध्यक्षता में हुई। राज्य परिषद सदस्य सत्य नारायण महतो ने मजदूर किसान विरोधी केंद्र सरकार ने जो कानून बनाया और मजदूर के हक में की गई कटौती के विरोध में आम हड़ताल में इंडिया गठबन्धन भी शामिल है जिसको सफल बनाने के लिए हम लोग कल सड़क पर उतर रहे हैं। मंसूरचक के आम आवाम से आग्रह किया शामिल होने के लिए।बैठक को संबोधित करते हुए राम नरेश महतो ने पार्टी के सांगाठनिक बातों को रखते हुए जुलाई महीना में शाखा सम्मेलन और अगस्त के प्रथम सप्ताह में अंचल सम्मेलन करने का प्रस्ताव दिया जिसको उपस्थित लोगों ने सर्वसम्मति से पास किया। बैठक में अंचल मंत्री बिंदेश्वरी महतो ने पिछले कार्यों का रिपोर्ट पेश किया जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया।बैठक में मनीष कुमार, निरंजन कुमार ईश्वर, शिवचंद्र महतो, शंकर कुमार ईश्वर, प्रफुल कुमार चौधरी, मोहम्मद परवेज आलम, मोहम्मद आविद, मोहम्मद मतीन आलम, राजेंद्र महतो, नेपाल पासवान, धर्मेंद्र कुमार महतो सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

### साम्हो पुल निर्माण की मांग को लेकर अनशन

**बेगूसाराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले के बहुप्रतीक्षित शाम्हो और मटिहानी के बीच गंगा पर पुल का निर्माण की मांग को लेकर जनसुराज के नेता डा. रंजन कुमार चौधरी ने मंगलवार से अपना आमरण अनशन शुरूकर दिया है। श्री चौधरी समाहरणालय के दक्षिणी द्वार पर आमरण अनशन पर बैठ गए है। उनके साथ साम्हो के दिलीप कुमार भी अनशन पर बैठे। डा. चौधरी ने कहा की साम्हो पुल इस क्षेत्र के लिए काफी आवश्यक है। 15 किलोमीटर शहर आने के लिए साम्हो निवासी को 70 किलोमीटर की यात्रा करनी पडती है। पिछले 20 वर्षो से पुल के नाम पर सिर्फ जनता को ठगा जा रहा है। भारत सरकार के मंत्री नितिन गडगरी बोले थे कि एक महीना के अंदर यहां पुल बनेगा। लेकिन वो भी कुछ नहीं हुआ। उसी के तहत मैं शाम्हो पुल की बहुप्रतीक्षित मांग को ले कर आमरण अनशन का संकल्प धारण किया हूं। यह आमरण अनशन जारी रहेगा। जब तक कोई ठोस आश्वासन नहीं मिल जाता अनशन जारी रहेगा। उन्होंने सांसद गिरिराज सिंह के बारे में भी कहा कि अगर वो यहां आकर आश्वासन दें कि पुल के संघर्ष जारी रहेगा और पुल बनकर रहेगा तो वो अपना यह अनशन वापस ले लेंगे। अनशन में राजेंद्र मलिक, योगाचार्य रंजीत कुमार, रामकुमार, उदय सिंह, सुधीर सिंह, पूर्व सैनिक भवेश कुमार, रंजीत कुमार, गुलाम रहमानी, ड राहुल कुमार, मंजेश झा सहित काफी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे। वहीं दिलीप कुमार ने कहा कि यह आमरण अनशन जरूरी था। क्योकि पुल निहायत ही जरूरी है। अभी 90 किलोमीटर कि यात्रा करके बेगूसराय हमारे बेटी बेटों को आना पड़ता है।

### उपचुनाव की तैयारी पूरी

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रफीगंज की गोरडहा पंचायत में उपचुनाव को लेकर सरपंच पद के लिए मतदान बुधवार को होगी। प्रखंड विकास पदाधिकारी उपेंद्र दास ने बताया कि सरपंच पद के लिए पांच लोगों ने नामांकन करवाया है। गोरडिहा पंचायत में 14 बुथ बनाए गए हैं। सुबह 7 बजे से लेकर संध्या 5 बजे तक मतदान होगी एवं 11 जुलाई को प्रखंड मुख्यालय के बहुउद्देशीय भवन में मतगणना होगी।

## जदयू ने निकाली साइकिल रैली

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नावकोठी।** प्रखंड के सभी नौ पंचायतों में जदयू कार्यकर्ताओं ने साइकिल रैली निकालकर मतदाता जागरुकता अभियान चलाया। कार्यकर्ताओं ने मतदाताओं को जागरूक करते हुए कहा कि मतदान हमारा सांवैधानिक अधिकार है। इसमें प्रत्येक नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग कर सरकार निर्माण में महती जिम्मेदारी है। इसके लिए गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्य संपादित किया जा रहा है। बीएलओ सभी मतदाताओं को गणना प्रपत्र दे रहे हैं। इस प्रपत्र में मांगी जा रही सूचना को भरकर बीएलओ को वापस करना है। इस कार्य में सभी मतदाताओं को बीएलओ की मदद करने का आह्वान किया, ताकि स्वच्छ मतदाता सूची का निर्माण किया जा सके। मतदान हमारा मौलिक अधिकार है। मतदाता सूची के आधार पर ही मतदान होता है। इसमें थोड़ी सी अनमस्यकता हमें इस अधिकार से वंचित होना पड़ सकता है।

मौके पर प्रखंड अध्यक्ष मुकेश कुमार, प्रवक्ता शुभाकर मिश्र, महिला सेल की अर्चना कुमारी, जिला महासचिव हरि नंदन जायसवाल, रंजीत साह, भुवनेश्वर रांची, कृष्ण नंदन महतो, श्रीधर पाठक, विमल देव रजक, विवेश झा, गोपाल महतो, देव नंदन महतो, अरविंद सिंह, मनोज भारती, अर्जुन शर्मा, केशव कुमार आदि शामिल थे।

## जदयू ने चलाया मतदाता पुनरीक्षण जागरूकता अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**बेगूसराय।** बिहार प्रदेश जनतादल यू के द्वारा निर्देशित कार्यक्रम मतदाता गहन पुनरीक्षण का संदेश हर गावँ, हर मुहल्ला, हर वार्ड तक पहुचाने के लिए जनतादल यू ने जागरूकता अभियान के लिए साइकिल रैली निकाली। जिला जदयू जिलाध्यक्ष रूदल राय ने अपने पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ लाखों पंचायत अयोध्यावाड़ी से सूज पंचायत तक साइकिल रैली के माध्यम से मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्य का संदेश नारो के साथ चलाया। सत्यापन हम सब करायेंगे, मतदान को स्वच्छ बनायेंगे। प्रसिद्ध आर्थोपेडिक सर्जन सह जदयू बिहार प्रदेश राजनीतिक सलाहकार ड प्रवीण कुमार ने कहा हम हर घर तक जायेंगे, मतदाता को सत्यापन के लिए जगायेंगे। यह साईकिल रैली लोकतंत्र के प्रति प्रतिवद्धता एवं जागरूकता हेतु चलाया गया है। ताकि योग्य मतदाताओं को जोड़ा जा सके। मृत व फर्जी मतदाताओं का नाम हटाया जा सके। कार्यक्रम में उपस्थित जदयू नेत्री महिला प्रखंड अध्यक्ष मोनिका कुमारी,श्रम एवं तकनीकी प्रदेश सचिव सत्येंद्र शर्मा, नवल किशोर चंद्रवंशी, जदयू नेता बरूण पटेल, डा. दुर्गेश कुमार, डा. फुलेना राय, चंद्रशेखर सिंह पटेल, आयुष कुमार, सुशील कुमार, सूरज कुमार, आदर्श कुमार, राहुल सरकार, प्रवीण शर्मा, अजय कुमार, अमन कुमार, अभिजीत कुमार, ऋषव कुमार सहित पार्टी के साथीगण और ग्रामीण कार्यक्रम में शामिल थे। इधर तेघरा प्रखंड के कई पंचायतो में जदयू प्रदेश सचिव रीना चौधरी ने जागरूकता अभियान के लिए साइकिल रैली निकाली। जिसमे गांव के अंदर लोगो से मतदाता पुनरीक्षण कार्य में जुरकर सहयोग करने की अपील की है। इस अवसर पर जदयू नेता राजीव कुमार, अविनाश कुमार, राजीव कुमार, सहित दर्जनों महिला, युवा कार्यकर्ता शामिल हुए।

## सभी निर्वाचक पदाधिकारी कार्य में लाएं प्रगति : डीएम

### 2245144 मतदाताओं में से अब तक 1347522 मतदाताओं ने गणना प्रपत्र बीएलओ को भरकर किया है जमा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य जिले में लगातार बीएलओ सुपरवाइजर एव बीएलओ द्वारा मतदाताओं के घर-घर जाकर उनका गणना प्रपत्र भरा जा रहा है। जिले के सातो विधान सभा में सभी मतदाताओं को गणना प्रपत्र उपलब्ध करा दिया गया है। जिले के 2245144 मतदाताओं में से अब तक 1347522 मतदाताओं द्वारा गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ को वापस किया जा चुका है। जिसमें से 227639 मतदाताओं का गणना प्रपत्र पोर्टल पर अपलोड किया जा चुका है। अब तक 60 प्रतिशत मतदाताओं से गणना प्रपत्र भराकर वापस जमा किया जा चुका है, जबकि 10 प्रतिशत मतदाताओं का अनलाइन अपलोड भी किया जा चुका है। 141 चेरियाबरियारपुर विधान सभा में अब तक 280128 मतदाताओं में 175244 मतदाताओं द्वारा गणना प्रपत्र भरा जा चुका है, जिसमें से 32030 मतदाताओं का अनलाईन पोर्टल पर अपलोड किया जा चुका है। इसी प्रकार 142 बछवाड़ा विधान सभा में 324139 मतदाताओं में 189251 मतदाताओं ने गणना प्रपत्र भरकर वापस किया है। जिसमें से 23469 मतदाताओं का पोर्टल पर अपलोड किया जा चुका है। 143 तेघड़ा विधान सभा में 313307 में 179521 मतदाताओं द्वारा गणना प्रपत्र वापस किया गया। जिसमें से 32761 मतदाताओं का अपलोड किया जा चुका है। 144 मटिहानी विधान सभा में 374277 में से 228459 मतदाताओं का गणना प्रपत्र वापस जमा लिया गया है, जिसमें से 36635 मतदाताओं का पोर्टल पर अपलोड किया जा चुका है। 145 साहेबपुर कमाल विधान सभा में 276904 में से 169941 मतदाताओं से गणना प्रपत्र जमा लिया जा चुका है। जिसमें से 34525 मतदाताओं का अनलाईन पोर्टल पर अपलोड किया जा चुका है। 146 बेगूसराय विधान सभा में 371269 में से 212385 मतदाताओं का गणना प्रपत्र वापस जमा लिया जा चुका है, जिसमें से 36460 मतदाताओं का गणना प्रपत्र अनलाइन हो चुका है। 147 बखरी विधान सभा में 305120 मतदाताओं में से 192721 मतदाताओं से गणना प्रपत्र भरकर वापस जमा किया जा चुका है। जिसमें से 31759 मतदाताओं का अनलाईन पोर्टल पर अपलोड हो चुका है। जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला ने सभी निर्वाचक निबंधन पदधिकारी एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी से कार्य में तेजी लाने के लिए प्रखंडों में अधिक से अधिक टीम बनाकर गणना प्रपत्र अपलोड कराने का निर्देश दिया है। साथ ही सभी योग्य मतदाताओं का गणना प्रपत्र भरकर वापस जमा कराने का निर्देश बीएलओ को दिया गया है, ताकि निर्धारित समय मे कार्य पूर्ण हो सकें।

## मनीष को गौरक्षा व सचिन को मिला मिलन प्रमुख का दायित्व

**कोइलवर/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल कोईलवर के द्वारा महावीर मंदिर कुल्हड़ियां के प्रांगण में एक महत्पूर्ण बैठक मंगलवार को की गई। बैठक में नए लोगों को बजरंग दल का दायित्व दिया गया। जिसमें मनीष कुमार को गौ रक्षा प्रमुख, सचिन साहू को मिलन प्रमुख, हर्ष सिंह को विद्यार्थी प्रमुख, मोहन कुमार को प्रचार-प्रसार प्रमुख बनाया गया। इस बैठक में प्रखंड संयोजक सुमित सिंह, प्रांत अर्जक पुरोहित संपर्क प्रमुख उपेंद्र तिवारी, सह संयोजक विष्णु कुमार, छोटू राजपूत, रोहित सिंह, भीम कुमार अमन कुमार, रौनक सिंह, आदित्य सिंह, सुशील सिंह, जनार्दन कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

## फाइलेरिया के बारे में दी गई जानकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**शिवाजीनगर।** प्रखंड अंतर्गत मधुरापुर पंचायत के धर्मपुर स्थित माध्यमिक विद्यालय में पिरामल फाऊंडेशन के प्रोग्राम ऑफिसर संजय कुमार शर्मा ने विद्यालय के सभी बच्चों को एवं शिक्षकों को फाइलेरिया के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि फाइलेरिया मच्छर के काटने से होता है जिसका लक्षण दिखने में 5 से 15 साल लग जाते हैं। उस वक्त तक लोगों को पता नहीं चल पाता और खुद को स्वास्थ्य समझते हैं। फलेरिया से बचाव हेतु सरकार द्वारा साल में चलाए गए अभियान में स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर दवा खिलाने का काम करते हैं उस समय सभी लोगों को स्वास्थ्य कर्मी के समक्ष ही फलेरिया की दवा का सेवन करना चाहिए। अतः बच्चों के साथ-साथ शिक्षकगणों से अनुरोध किया कि अपने परिवार के सभी सदस्यों के साथ-साथ अन्य लोगों को भी समझा बुझाकर दवा सेवन करने में स्वास्थ्य कर्मियों की मदद करें। उन्होंने यह भी बताया कि फाइलेरिया से ग्रस्त लोग एम एम डी पी किट के सहायता से फलेरिया को आगे बढ़ने से रोक सकते हैं। साथ ही दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाकर सरकार से मिलने वाली सारी सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने कालाजार एवं डायरिया के लक्षण एवं बचाव पर भी चर्चा की। मौके पर प्रधानाध्यापिका सरिता कुमारी, सीमा कुमारी, संजीत पोद्दार, अभिषेक कुमार, मनोज कुमार आदि मौजूद थे।

## बेहतर कार्य वाले कर्मियों को डीएम ने किया सम्मानित

### बीएलओ, सुपरवाइजर एवं डाटा इंट्री कर्मियों को किया गया पुरस्कृत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**बेगूसराय।** जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में सराहनीय कार्य कर रहे बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर एवं डाटा इंट्री में सहयोग कर रहे कर्मियों को जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला द्वारा मंगलवार को कारगिल विजय सभागार में सम्मानित किया गया। जिला पदाधिकारी ने 141 चेरियाबरियारपुर विधान सभा के बूथ संख्या 152 के बीएलओ शिव कुमार महतो, बूथ संख्या 183 के बीएलओ रंजीत कुमार, 142 बछवाड़ा विधान सभा के बूथ संख्या 14 के बीएलओ अमृत कुमार, बूथ संख्या 80 के बीएलओ मुकेश कुमार साह, 143 तेघड़ा विधान सभा के बूथ संख्या 153 के बीएलओ एमएमुल हक, बूथ संख्या 30 के बीएलओ रंजन कुमार, 144 मटिहानी विधान सभा के बूथ संख्या 220 के बीएलओ अजय कुमार, बूथ संख्या 268 के बीएलओ श्री अजीत कुमार, 145 साहेबपुर कमाल विधान सभा के बूथ संख्या 110 के बीएलओ प्रवेश कुमार, बीएलओ सुमित कुमार सिंह, 146 बेगूसराय विधान सभा के बूथ संख्या 8 के बीएलओ ललितेश्वर कुमार, बूथ संख्या 63 के बीएलओ संतोष महतो, 147 बखरी विधान सभा के बूथ संख्या 114 के बीएलओ मो एहतेशामुल एवं बूथ संख्या 85 के बीएलओ ललन पासवान को सम्मानित किया गया। बीएलओ सुपरवाईजर में 141 चेरियाबरियारपुर से उपेन्द्र कुमार, 142 बछवाड़ा से रविन कुमार, 143 तेघड़ा से झुमा भंडारी, 144 मटिहानी से अजय रजक, 145 साहेबपुर कमाल से सोनू कुमार, 146 बेगूसराय से सत्यनारायण दास, 147 बखरी से अखिलेश्वर राय को सम्मानित किया गया। वहीं डाटा इंट्री अपरेटर में 141 चेरियाबरियारपुर से सुंजीत कुमार, 142 बछवाड़ा से दीपक कुमार, 143 तेघड़ा से अमित कुमार, 144 मटिहानी से प्रगति कुमार, 145 साहेबपुर कमाल से गौतम कुमार, 146 बेगूसराय से चंचल कुमार, 147 बखरी से अभिमन्यू कुमार को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य मिशन मोड में किया जा रहा है। साथ ही सभी सम्मानित बीएलओ, बीएलओ सुपरवाईजर एवं अपरेटर के द्वारा की जा रही मेहनत की सराहना भी की गई। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त बेगूसराय, श्री प्रवीण कुमार, नगर आयुक्त नगर निगम बेगूसराय, अपर समाहर्ता बेगूसराय, सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सभी संबंधित बीएलओ , बीएलओ सुपरवाईजर एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## पुनरीक्षण जागरुकता रथ को डीएम ने किया रवाना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बेगूसराय।** जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के तहत जागरुकता रथ को जिला समाहरणालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि जागरुकता रथ बेगूसराय जिले के विभिन्न प्रखंडों के पंचायतों एवं गांवों में जायेगी। जहां मतदाताओं को विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को लेकर मतदाताओं को जागरुक करने का काम करेगी। इसके साथ ही सभी पदाधिकारियों को भी क्षेत्र में मतदाताओं के बीच लगातार जागरुकता कार्यक्रम चलाने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों से इस कार्य को मिशन मोड में लेकर करने का निर्देश दिया गया है ताकि यह कार्य ससमय कार्य पूर्ण हो सके। इस अवसर पर बीएमपी-8 समादेष्टा नवजोत सिम्मी, उप विकास आयुक्त, प्रवीण कुमार, नगर आयुक्त नगर निगम, अपर समाहर्ता, सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी बेगूसराय जिला एवं अन्य उपस्थित थे।

## छिनतई के आरोपित को भीड़ ने बांधकर पीटा

### मोबाइल छीनकर भाग रहा था युवक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** नगर थाना क्षेत्र के लोहिया नगर गुमटी के पास दिन दहाड़े बुजुर्ग से मोबाइल छिनतई करते युवक को लोगो ने पकड़ लिया। भीड़ ने पोल में बांध कर उसकी जमकर पिटाई शुरूकर दी। दर्जनों लोगों की भीड़ तमाशबीन बनी हुई थी। दरअसल अझौर गांव का रहने वाला बुजुर्ग रामचंद्र दास बेगूसराय न्यायालय में किसी काम से रिक्शा से आए थे। गुमटी के पास एनएच पार कर रहे थे। तभी एक युवक उनका मोबाइल छीनकर भागने लगा। इस दौरान रामचंद्र दास सड़क पर गिरकर घायल भी हो गए। लेकिन हो हल्ला करने पर स्थानीय लोगों ने खदेड़ कर चोर को पकड़ लिया। सड़क किनारे पोल में हाथ पीछे कर बांध दिया ओर पिटाई कर दी। लोगों ने आधे घंटे तक पोल में बांध कर उसकी पिटाई की। जिसके बाद घटना की सूचना डायल 112 को दी गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और चोर को पोल से खोलकर हिरासत में लेकर थाने ले गई है। मौके पर पहुंचे सब इंस्पेक्टर अरविंद कुमार ने बताया कि एक बुजुर्ग का मोबाइल छीन लिया गया था।

पीड़ित रामचंद्र दास ने कहा कि उसके जेब से मोबाइल छीन लिया। इसके बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से पकड़ कर पोल में बांधा गया है। गिरफ्तार चोर अपना नाम राजा मल्लिक बताया। फिलहाल पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई में जुट गई है। इस दौरान चोर ने छीना गया मोबाइल अपने साथी को दे दिया। जो भागने में सफल रहा।

## आपदा प्रबंधन केवल सरकारी प्रयास नहीं, बल्कि जनसहभागिता का विषय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** बाढ सुरक्षा हेतु कार्यशाला का आयोजन कलेक्ट्रेट के योजना भवन में 'बाढ़ सुरक्षा सप्ताह 2025' अंतर्गत जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के आदेशानुसार आपदा प्रबंधन शाखा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी द्वारा किया गया, जिन्होंने पूरे कार्यक्रम की मेज़बानी (होस्टिंग) की और विषयवस्तु को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर समाहर्ता जय प्रकाश नारायण थे। सांख्यिकी पदाधिकारी मोती कुमार दिनकर ने भी उपस्थित रहे। इस जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बाढ़ से पहले की तैयारियों, बाढ़ के समय अपनाई जाने वाली सावधानियों, तथा बाढ़ के बाद की प्रक्रिया की जानकारी आमजन को प्रदान करना रहा। इस अवसर पर राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल की टीम द्वारा विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। टीम ने बाढ़ और पूर्व बाढ़ तैयारी, डूबने की स्थिति में बचाव तकनीक, तथा सांप काटने पर प्राथमिक उपचार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यावहारिक जानकारी दी। कार्यक्रम में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कैडेट्स ने भी भाग लिया और आयोजन की सफलता में अहम योगदान दिया। इसके अतिरिक्त, कलेक्टरेट के विभिन्न विभागों के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अपर समाहर्ता जय प्रकाश नारायण ने कहा कि आपदा प्रबंधन केवल सरकारी प्रयास नहीं, बल्कि जनसहभागिता का विषय है। यदि हम सभी समय रहते सचेत और प्रशिक्षित हों, तो किसी भी आपदा से प्रभावी ढंग से निपटा जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में एसडीआरएफ टीम द्वारा प्रतिभागियों को जागरूकता संबंधित हैंडबुक, पोस्टर और प्राथमिक उपचार सामग्री वितरित की गई। आपदा प्रबंधन शाखा, औरंगाबाद ने इस प्रकार के कार्यक्रमों को भविष्य में और भी प्रभावी तरीके से आयोजित करने का संकल्प लिया, ताकि जनसामान्य को आपदा प्रबंधन के प्रति और अधिक जागरूक एवं सक्षम बनाया जा सके। सधन्यवाद कार्यक्रम का अंत किया गया।

# मोतिहारी से विकास का नया अध्याय रचेंगे प्रधानमंत्री : डॉ. दिलीप जायसवाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित मोतिहारी दौरे को लेकर बुधवार को एनडीए कार्यकर्ताओं का एक महत्वपूर्ण सम्मेलन आयोजित किया गया। पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण और शिवहर जिलों के सैकड़ों एनडीए कार्यकर्ता अमर रिसोर्ट, मोतिहारी में जुटे और आगामी कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया।




कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और वंदे मातरम् गान से हुई। सम्मेलन का संयोजन एनडीए के संयोजक एवं भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रकाश अस्थाना ने किया, जबकि डॉ. लालबाबू प्रसाद (उप महापौर) व्यवस्था प्रमुख थे। जदयू जिलाध्यक्ष मंजू देवी ने अध्यक्षता की और संचालन भाजपा जिलाध्यक्ष पवन राज ने किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री हर बार बिहार में विकास की नई कहानी लेकर आते हैं। इस बार मोतिहारी का आगमन भी उसी कड़ी का हिस्सा होगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि मोतिहारी पिछली सभी रैलियों के रिकॉर्ड को तोड़ेगा और यह आयोजन पूरे बिहार में सबसे सफल होगा।

**मोदी-नीतीश की जोड़ी से चंपारण को मिलेगा विकास का वरदान**

जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने कहा कि चंपारण की धरती ऐतिहासिक रही है, और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का यह संयुक्त दौरा राज्य के विकास को नई दिशा देगा। दोनों नेताओं की प्राथमिकता सदैव विकास रही है।

**18 जुलाई को दिखेगा जनसमर्थन : राधा मोहन सिंह**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद राधा मोहन सिंह ने कहा कि राजनीति में जनसमर्थन ही सबसे बड़ी ताकत होती है और 18 जुलाई को चंपारण की जनता इसका प्रमाण देगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संपूर्ण ऊर्जा झोंकने का आह्वान किया। सम्मेलन में भाजपा संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया ने कहा कि मोतिहारी की रैली अभूतपूर्व होगी, और इसका माहौल कार्यकर्ताओं के जोश से साफ झलक रहा है। कार्यक्रम प्रभारी मंत्री जीवेश मिश्रा ने कहा कि आजादी के बाद कोई भी प्रधानमंत्री बिहार इतनी बार नहीं आए, जितनी बार नरेंद्र मोदी आए हैं। लोजपा (रामविलास) के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी ने भरोसा जताया कि यह कार्यक्रम बिहार की राजनीति में नया कीर्तिमान स्थापित करेगा। केंद्रीय खनन राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने कहा कि बिहार ने 1990 से जो पीड़ा झेली है, उसे एनडीए ही दूर कर सकता है। आने वाला समय फिर से एनडीए का होगा। सम्मेलन में वाल्मीकिनगर सांसद सुनील कुशवाहा, मंत्री रेणु देवी, कृष्णनंदन पासवान, पूर्व सांसद साबिर अली, विधायक प्रमोद कुमार, रिंकू सिंह, राम सिंह, भागीरथी देवी, रश्मि वर्मा, विनय बिहारी, नारायण प्रसाद, उमाकांत सिंह, प्रमोद सिन्हा, श्यामबाबू यादव, रणधीर सिंह, पवन जायसवाल, सुनील मणि तिवारी, शालिनी मिश्रा, लालबाबू गुप्ता, विधान पार्षद भीष्म सहनी, विनोद नारायण यादव, मछुआरा आयोग अध्यक्ष ललन सहनी, भाजपा उपाध्यक्ष सरोज रंजन पटेल, महामंत्री शिवेश राम सहित एनडीए के सभी घटक दलों के शीर्ष पदाधिकारी उपस्थित रहे। सम्मेलन का धन्यवाद ज्ञापन विधायक प्रमोद कुमार ने किया। नेताओं ने एक स्वर में कहा कि प्रधानमंत्री की अगुआई में बिहार को विकास की नई ऊंचाई मिलेगी और मोतिहारी का आयोजन इतिहास में दर्ज हो जाएगा।

# बढ़ी हुई सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि 11 जुलाई को होगी खाते में ट्रांसफर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** राज्य सरकार द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत लाभार्थियों को अब बढ़ी हुई मासिक पेंशन राशि प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 11 जुलाई 2025 को पूर्वाह्न 10:30 बजे राज्य के लाखों पेंशनधारियों को डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से यह राशि उनके खातों में ट्रांसफर करेंगे। यह ऐतिहासिक कार्यक्रम जिला, प्रखंड, नगर निकाय, पंचायत और गांव स्तर तक आयोजित होगा। इस अवसर पर लाभार्थियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यमंत्री का संदेश भी सीधे प्रसारित किया जाएगा। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण एलईडी स्क्रीन और डिजिटल माध्यमों से सभी प्रखंड मुख्यालयों में किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि जहानाबाद जिले में 1 लाख 34 हजार से अधिक पेंशनधारी विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। 25 जून 2025 को हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में इन योजनाओं की मासिक राशि में वृद्धि को स्वीकृति दी गई थी, जिसका लाभ अब सीधे लाभार्थियों के खातों में भेजा जा रहा है।

## प्रधानमंत्री के संभावित दौरे को लेकर मोतिहारी में विधि-व्यवस्था पर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 18 जुलाई को संभावित मोतिहारी दौरे को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। सोमवार को जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह और पुलिस अधीक्षक डॉ. सौरभ शेखर की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित डॉ. राजेंद्र प्रसाद सभागार में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधि-व्यवस्था की सभी जरूरी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई और विभिन्न विभागीय पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। डीएम ने पूर्व में 7 जुलाई को आयोजित बैठक में दिए गए निर्देशों की प्रगति की भी बिंदुवार समीक्षा की और उपस्थित पदाधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। बैठक के बाद जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने सदर प्रखंड परिसर, जिला स्कूल मैदान, चीनी मिल के समीप हवाई अड्डा मैदान समेत संभावित पार्किंग स्थलों का निरीक्षण कर आवश्यक सुरक्षा और यातायात प्रबंधन से संबंधित तैयारियों का जायजा लिया।

# पंचायत उप-चुनाव को लेकर एसडीओ ने की तैयारी बैठक 9 जुलाई को होगा मतदान, 11 जुलाई को होगी मतगणना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** पंचायत उप-निर्वाचन 2025 के तहत जहानाबाद प्रखंड में आगामी 09 जुलाई (बुधवार) को मतदान संपन्न कराया जाएगा। इसको लेकर मंगलवार को अनुमंडल पदाधिकारी राजीव रंजन सिन्हा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी अनिल मिस्त्री, पंचायती राज पदाधिकारी नीरज कुमार, सभी सेक्टर व जोनल पदाधिकारी, पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान एसडीओ ने सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों व चुनाव कर्मियों को बिहार राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों से अवगत कराया और इनका सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि चुनाव के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता होगी, जिससे मतदान निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और भयमुक्त माहौल में संपन्न हो सके। अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी अधिकारियों को अपने-अपने दायित्वों का पूर्ण निष्ठा व जिम्मेदारी से निर्वहन करने का निर्देश दिया। साथ ही पंचायत क्षेत्र में चुनाव संचालन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं ससमय सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने जानकारी दी कि मतदान और मतगणना की प्रक्रिया बिहार पंचायती राज अधिनियम, 2006 की धारा 72 से 86 के तहत संपन्न कराई जाएगी। मतगणना का कार्य 11 जुलाई (शुक्रवार) को सुबह 8:00 बजे से संबंधित प्रखंड मुख्यालय में आरंभ होगा। एसडीओ ने यह भी बताया कि सभी निर्वाची पदाधिकारी और सहायक कर्मियों को मतगणना प्रक्रिया की तैयारी के लिए पहले ही निर्देशित और प्रशिक्षित किया जा चुका है, ताकि पूरी निर्वाचन प्रक्रिया पारदर्शिता और सुव्यवस्था के साथ पूरी की जा सके।

# संस्कृत व्याकरणाचार्य प्रो. (डॉ.) रामानंद शर्मा को दी भावभीनी विदाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** हुलासगंज स्थित श्री स्वामी पराङ्कुशाचार्य आदर्श संस्कृत महाविद्यालय में मंगलवार को संस्कृत व्याकरण के प्रकांड विद्वान एवं वरिष्ठ आचार्य प्रो. (डॉ.) रामानंद शर्मा के सेवा-निवृत्ति के अवसर पर भावभीन विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन श्रद्धा, स्नेह और उल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 12 बजे महाविद्यालय सभागार में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली के कुलगीत से हुई। मंच संचालन कर रहे श्री मुचकुंद तिवारी ने डॉ. शर्मा के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें हार्दिक भावांजलि अर्पित की। इस अवसर पर डॉ. शर्मा के साथ वर्षों तक कार्य कर चुके आचार्यगण – डॉ. सच्चिदानंद, डॉ. गिरेंद्र शर्मा, डॉ. ईश्वरी दयाल सिंह और डॉ. सृष्टि शर्मा ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि डॉ. शर्मा एक शिक्षक भर नहीं, बल्कि मार्गदर्शक, संरक्षक और संस्कृत भाषा के सजग प्रहरी रहे हैं, जिन्होंने विद्यार्थियों और समाज दोनों को सतत प्रेरणा दी। कार्यक्रम के समापन पर विद्यार्थियों और आचार्यगणों ने पुष्पांजलि, अंगवस्त्र और स्मृति-चिन्ह भेंट कर डॉ. शर्मा को सम्मानपूर्वक विदाई दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के पूर्व छात्र भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और डॉ. शर्मा के सान्निध्य में मिली शिक्षा को जीवन की सबसे बड़ी पूंजी बताया।

# बिहार में युवा आयोग के गठन को मिली कैबिनेट से मंजूरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** बिहार सरकार ने राज्य के युवाओं के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए बिहार युवा आयोग के गठन को मंत्रिमंडल से मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई राज्य कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव को स्वीकृति मिली। लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने इस फैसले का स्वागत करते हुए इसे 'बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट' विजन का अहम हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि बिहार युवा आयोग का गठन मेरे विजन का हिस्सा रहा है। नीतीश सरकार ने इसे धरातल पर उतारने की पहल की है, यह स्वागतयोग्य और दूरदर्शी निर्णय है। यह आयोग राज्य के युवाओं को न केवल रोजगार, बल्कि आत्मनिर्भरता, सम्मान और सुरक्षित भविष्य की दिशा में मार्ग प्रशस्त करेगा। लोजपा (रा) महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. इंदु कश्यप ने भी मुख्यमंत्री के इस निर्णय को ऐतिहासिक बताया और कहा कि आयोग के गठन से राज्य में युवाओं के लिए शिक्षा, रोजगार एवं आर्थिक-सामाजिक सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, यह कदम युवाओं के भविष्य निर्माण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। पार्टी के अन्य नेताओं ने भी मुख्यमंत्री के इस कदम का समर्थन करते हुए कहा कि यह आयोग राज्य के युवाओं को एक सुनवाई और समाधान का मंच प्रदान करेगा, जहां उनकी जरूरतों, समस्याओं और सुझावों को प्राथमिकता दी जाएगी। बिहार युवा आयोग में एक अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष और सात सदस्य होंगे। इनकी अधिकतम आयु 45 वर्ष निर्धारित की गई है। आयोग का उद्देश्य राज्य के युवाओं को रोजगार, शिक्षा और प्रशिक्षण के क्षेत्र में योजनाबद्ध सहयोग प्रदान करना है। यह न केवल निजी क्षेत्र की नौकरियों में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता दिलाने की निगरानी करेगा, बल्कि राज्य से बाहर पढ़ने या कार्यरत युवाओं के अधिकारों की रक्षा भी सुनिश्चित करेगा। यह निर्णय बिहार में युवाओं को सशक्त और स्वावलंबी बनाने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

# मेडिकल कॉलेज स्थानांतरण के विरोध में हुलासगंज रहा बंद, शांतिपूर्ण बंदी में फूटा जनाक्रोश

## स्थानीय लोगों ने मंत्री अशोक चौधरी पर लगाया साजिश का आरोप, सरकार से की पुनर्विचार की मांग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** हुलासगंज से प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज को जिला मुख्यालय स्थानांतरित किए जाने के विरोध में सोमवार को हुलासगंज बाजार पूरी तरह बंद रहा। स्थानीय नागरिकों की अपील पर आयोजित इस शांतिपूर्ण बंद को व्यापारियों, युवाओं और आम लोगों का भरपूर समर्थन मिला। बंद के दौरान सभी दुकानें बंद रहीं और जनजीवन पूरी तरह प्रभावित रहा। कुछ देर के लिए सड़क मार्ग को अवरुद्ध कर प्रदर्शनकारियों ने विरोध दर्ज कराया, जिससे यातायात बाधित रहा। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने प्रदर्शनकारियों को समझा-बुझाकर रास्ता खाली कराया, जिसके बाद यातायात व्यवस्था बहाल हो सकी। प्रशासन की सक्रियता से बंद बिना किसी अप्रिय घटना के संपन्न हुआ।



**जनता का आरोप: हुलासगंज से छीना गया विकास का अधिकार**

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि मेडिकल कॉलेज को हुलासगंज से हटाकर जिला मुख्यालय ले जाना एक सुनियोजित साजिश है, जिससे क्षेत्र को विकास की मुख्यधारा से दूर किया जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी पर साजिश रचने का आरोप लगाते हुए जमकर नाराज़गी जाहिर की। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी प्रगति यात्रा के दौरान जहानाबाद को मेडिकल कॉलेज की सौगात देने की घोषणा की थी, और इसके लिए हुलासगंज को प्रस्तावित स्थल बताया गया था। लेकिन हाल ही में कॉलेज को जिला मुख्यालय स्थानांतरित किए जाने की सूचना से स्थानीय जनता में आक्रोश फैल गया।

**पुलिस रही सतर्क, जनता रही संयमित**

बंद के दौरान पुलिस बल की तैनाती की गई थी और क्षेत्र में हर गतिविधि पर कड़ी निगरानी रखी जा रही थी। थानाध्यक्ष ने बताया कि अप्रिय घटनाओं को रोकने के लिए पर्याप्त प्रबंध किए गए थे। बंद को सफल बनाने में कई सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्थानीय प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी रही।

हुलासगंज बाजार की बंदी में युवाओं, महिलाओं और व्यापारियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विकास के नाम पर हो रहे कथित पक्षपात के खिलाफ अपनी आवाज़ बुलंद की।

**अब क्या उठाएगी सरकार कोई ठोस कदम?**

बंद भले ही शांतिपूर्ण रहा, लेकिन इसके पीछे छिपा जनाक्रोश गहरा और व्यापक है। अब देखना यह होगा कि राज्य सरकार इस जनभावना को कितना गंभीरता से लेती है, या फिर यह मुद्दा आने वाले दिनों में राजनीतिक विमर्श का केंद्र बन जाएगा।

# पीएम-उषा योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर बैठक आज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** प्रधानमंत्री उन्नत समावेशी उच्च शिक्षा (पीएम-उषा) योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर बुधवार को एक अहम बैठक आयोजित की जाएगी। यह बैठक लक्ष्मी नारायण दुबे महाविद्यालय, मोतिहारी के स्वामी विवेकानंद सभागार में आज पूर्वाह्न 11:30 बजे से प्रारंभ होगी। बैठक में जिले के सभी अंगीभूत एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य या आईक्यूएसी के नोडल अधिकारियों को आमंत्रित किया गया है। आयोजन का उद्देश्य पीएम-उषा योजना के लक्ष्यों को सुचारू रूप से लागू करना और महाविद्यालय स्तर पर समावेशी शिक्षा को सशक्त बनाना है।

# सड़क दुर्घटना में शाखा प्रबंधक आभा सिंह घायल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** डोभी-पटना राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या- 22 पर मंगलवार की सुबह सड़क हादसे में भारतीय स्टेट बैंक गयाजी शाखा की शाखा प्रबंधक आभा सिंह गंभीर रूप से घायल हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आभा सिंह पटना से गया जा रही थी। इसी दौरान जहानाबाद के पास अचानक एक जानवर के सड़क पर आ जाने से ड्राइवर ने गाड़ी को बचाने की कोशिश की, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर पलट गयी। इस हादसे में ड्राइवर को मामूली चोटें आई, जबकि आभा सिंह गंभीर रूप से घायल हो गईं।

घटना के तुरंत बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायलों को बाहर निकालकर सदर अस्पताल, जहानाबाद पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद आभा सिंह की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें पीएमसीएच, पटना रेफर कर दिया। दुर्घटना स्थल पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, ग्रामीणों की त्वरित मदद की वजह से बड़ी अनहोनी टल गई। घटना के कारण कुछ देर के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग - 22 पर जाम की स्थिति भी उत्पन्न हो गई थी, जिसे पुलिस ने शीघ्र नियंत्रण में लिया। सदर अस्पताल में घायल आभा सिंह का इलाज करने वाले चिकित्सकों के मुताबिक फिलहाल आभा सिंह खतरे से बाहर हैं लेकिन उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है और परिजनों को सूचित कर दिया गया है।

# मांगों के समर्थन में भूमि सुधार कर्मचारी संघ का धरना प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ की ओर से सोमवार को मोतिहारी कचहरी चौक पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। संघ ने सरकार से पूर्व में हुए समझौतों को लागू करने सहित पुरानी पेंशन योजना की बहाली, राज्य स्तरीय कैडर कमेटी पर रोक तथा कर्मचारियों पर हो रही दमनात्मक कार्रवाई को तत्काल प्रभाव से समाप्त करने की मांग की। धरने का नेतृत्व संघ के जिला अध्यक्ष अमित नाथ तिवारी ने किया। अपने संबोधन में श्री तिवारी ने कहा कि सरकार ने कर्मचारियों से कई स्तरों पर समझौते किए, परंतु अब तक उन्हें लागू नहीं किया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगें शीघ्र पूरी नहीं हुईं तो संघ राज्यव्यापी आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय जहानाबाद में पुस्तक मेला का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जिले के पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में मंगलवार को पुस्तक मेला का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन प्राचार्य रविन्द्र राम ने द्वीप प्रज्जवलित करके किया। स्नातकोत्तर शिक्षक अंग्रेजी मनोज कुमार के द्वारा पुस्तक पढ़ने, खरीदने और पुस्तकालय का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए छात्रों को प्रोत्साहित किया। इस दौरान पुस्तकालयाध्यक्ष वेद प्रकाश आर्य ने जीवन में पुस्तकालय की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। अखिलेश कुमार गुप्ता ने हिन्दी साहित्य के प्रसिद्ध पुस्तकों के बारे में प्राथमिक जानकारी प्रदान करते हुए छात्रों को पुस्तकों को अनवरत रूप से पढ़ने की आदत विकसित करने पर जोर दिया और पुस्तक समीक्षा लिखने के लिए प्रोत्साहित किया।



छात्रों ने इस पुस्तक मेले में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस दौरान छात्र हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा साहित्य के विभिन्न पुस्तकों को पढ़ने के प्रति जिज्ञासु दिखे। इस पुस्तक मेले का आयोजन द मिथि इंटरनेशनल के तरफ से आयोजित किया गया, जिसमे विभिन्न प्रकार की पुस्तकें उचित मूल्य पर उपलब्ध कराई गई थी। इस अवसर पर पुस्तक मेले में पुस्तक समीक्षा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य रवीन्द्र राम ने पुस्तकों के प्रति अपने लगाव को छात्रों के मध्य साझा किया और उन्हें पुस्तकों को अपना अभिन्न मित्र बनाने के लिए प्रेरित एवं मागर्दशित किया। पुस्तक मेले का अवलोकन विद्यालय के प्रत्येक छात्र-छात्रा ने बड़े मनोयोग से किया एवं आवश्यकतानुसार पुस्तकों की खरीद एवं मांग की। पुस्तक मेले के दौरान स्नातकोत्तर शिक्षिका रसायन विज्ञान अर्थप्रीत कौर, कार्यानुभव शिक्षक अमित कुमार, गणित शिक्षक अरविन्द कुमार सिंह एवं अन्य शिक्षक मौजूद रहे। पुस्तक मेला का आयोजन सफल एवं प्रभावशाली रहा।

# कालाजार और फाइलेरिया उन्मूलन हेतु ग्रामीण चिकित्सकों को प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** कालाजार और फाइलेरिया जैसे गंभीर संक्रामक रोगों के उन्मूलन को लेकर अरवल जिले के कुर्था सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सत्र की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार ने की। प्रशिक्षण में खासतौर पर ग्रामीण चिकित्सकों को शामिल किया गया, ताकि वे अपने क्षेत्रों में इन बीमारियों के रोकथाम और उपचार में सक्रिय भूमिका निभा सकें। प्रशिक्षण के दौरान फाइलेरिया और कालाजार के लक्षण, रोकथाम और उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। पिरामल फाउंडेशन से आए विशेषज्ञ विनोद कुमार सिंह और चंदन कुमार मिश्रा ने एमएमडीपी किट, दिव्यांग प्रमाण पत्र की प्रक्रिया और हाइड्रोसील ऑपरेशन से जुड़ी तकनीकी जानकारियां भी साझा कीं।



जनजागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चिकित्सकों के बीच आईपीसी कार्ड और हैंडबिल का वितरण किया गया। इन सामग्रियों की मदद से चिकित्सक ग्रामीण स्तर पर लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सटीक जानकारी दे सकेंगे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक शशांक शेखर समेत कई स्वास्थ्यकर्मियों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। डॉ. प्रमोद कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इन बीमारियों की रोकथाम के लिए यह प्रशिक्षण एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सेवा की गुणवत्ता में सुधार होगा। सरकार द्वारा संचालित इस पहल से ग्रामीण स्वास्थ्य ढांचे को मज़बूती

# एमजीसीयू में नवीन शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ, रुद्राभिषेक के साथ हुआ आत्मिक जागरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय (एमजीसीयू) में शैक्षणिक सत्र 2025-26 का उद्घाटन समारोह मंगलवार को भारतीय ज्ञान परंपरा की पावन छाया में संपन्न हुआ। गांधी भवन, बनकट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में रुद्राभिषेक के माध्यम से सत्र का आरंभ किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय परिवार के सभी शिक्षक, अधिकारी और कर्मचारी श्रद्धा, आस्था और उल्लास के साथ शामिल हुए। समारोह में कुलपति प्रो. संजय सिंह की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष दिव्यता प्रदान की। रुद्राभिषेक के दौरान सभी उपस्थितजनों ने ज्ञान, विवेक और धैर्य की प्राप्ति हेतु सामूहिक प्रार्थना की।

**शिक्षा आत्मा, संस्कार और चरित्र का समन्वय है : कुलपति**

अपने संबोधन में कुलपति ने कहा भगवान शिव केवल संहार के देव नहीं, बल्कि पुनर्निर्माण और ज्ञान के अधिष्ठाता हैं। यह रुद्राभिषेक आत्मिक जागरण और आंतरिक प्रबोधन का अवसर है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान नहीं, बल्कि यह आत्मा, संस्कार और चरित्र के समन्वय से पूर्ण होती है। भारतीय ज्ञान परंपरा हमें यही सिखाती है कि हम विद्यार्थी नहीं, ज्ञान के साधक हैं। हमें आचरण, अध्ययन और आत्मचिंतन के माध्यम से अपने भीतर के प्रकाश को जागृत करना चाहिए।

**आधुनिकता और परंपरा का समन्वय**

कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय अब उस दिशा में अग्रसर है, जहां आधुनिक शिक्षा प्रणाली और भारतीय परंपरा का संतुलित समावेश होगा। यह शैक्षणिक यात्रा विद्यार्थियों को ज्ञान, आत्मबल और नैतिकता की ओर प्रेरित करेगी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के वरिष्ठ संकाय सदस्य एवं पदाधिकारी – प्रो. प्रसून दत्त, प्रो. सुनील महावर, प्रो. शिरीष मिश्रा, प्रो. प्राणवीर, प्रो. शहाना मजुमदार, प्रो. आनंद प्रकाश, ओएसडी सच्चिदानंद सिंह, विभिन्न संकायों के शिक्षकगण एवं प्रशासनिक अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जदयू ने साइकिल रैली निकाल कर मतदाता पुनरीक्षण अभियान के प्रति किया जागरूक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** जनता दल यूनाइटेड द्वारा मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण अभियान को लेकर सोमवार को साइकिल रैली निकाली गई। यह रैली प्रदेश महासचिव दीपक पटेल के नेतृत्व में आयोजित की गई, जो चांदमारी हॉस्पिटल चौक से शुरू होकर स्टेशन होते हुए नगर के विभिन्न क्षेत्रों से गुजरती हुई जिला महासचिव ई. राजीव सिंह एवं नगर अध्यक्ष बृजमोहन गुप्ता के कार्यालय में समाप्त हुई। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने आम मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जोड़ने, सुधार कराने और मतदाता अधिकारों को लेकर जागरूक किया। रैली के दौरान पार्टी नेताओं ने लोकतंत्र में मतदान की अहम भूमिका को रेखांकित करते हुए लोगों से मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की। कार्यक्रम में प्रदेश नेता अमरेंद्र सिंह, जिला प्रवक्ता संजीव श्रीवास्तव, अधिवक्ता प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अमरनाथ गुप्ता, उद्योग प्रकोष्ठ के नगर अध्यक्ष बृजमोहन गुप्ता, कैप्टन हामिद, ग्रामीण अध्यक्ष चुन्नू मिश्रा, राजेश सिंह समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

**सं. सीओएम/पीयूबी/पीआरओ/ई-ऑक्शन/पार्किंग/25-6** **दिनांक:** 03.07.2025

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा अनुबंध प्रदान करने हेतु आईआरईपीएस पोर्टल के जरिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से खुली ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। इसका विवरण इस प्रकार है: **नीलामी का प्रकार:** पार्किंग। **ई-नीलामी कैटलॉग सं.:** एएसएन-पीएआरके-020725, **ई-नीलामी शुरू होने की तिथि और समय:** 17.07.2025 को 12.15 बजे। **स्टेशनों/स्थानों के नाम:** (1) मंडल रेलवे अस्पताल कैम्पस में टू व्हीलर्स पार्किंग। (2) मधुपुर रेलवे स्टेशन पर नए एफओबी रैम्प के पास उत्तरी भाग के सर्कुलेटिंग एरिया में टू व्हीलर्स, थ्री व्हीलर्स एवं फोर व्हीलर्स पार्किंग। (3) बैद्यनाथधाम रेलवे स्टेशन पर नए जीआरपी कार्यालय के पास सर्कुलेटिंग एरिया में टू व्हीलर्स, थ्री व्हीलर्स एवं फोर व्हीलर्स पार्किंग। सभी प्रत्याशित बोलीदाताओं को उपर्युक्त सूची के अनुसार उक्त ई-नीलामी के संपूर्ण विवरण एवं भाग लेने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखने की सलाह दी जाती है।

ASN-112/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर जिला जज ने की अधिवक्ताओं से सहयोग की अपील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** आगामी 13 सितंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता सुनिश्चित करने को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राज कुमार की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला विधि संघ और अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने भाग लिया।



बैठक को संबोधित करते हुए जिला जज ने कहा कि लोक अदालत का उद्देश्य न्याय को जनसामान्य के लिए सुलभ बनाना है। इसके लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार लगातार प्रयासरत है और इसमें अधिवक्ताओं की सक्रिय भूमिका सराहनीय रही है। उन्होंने अपील की कि अधिवक्तागण लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निपटारे के लिए समर्पण के साथ सहयोग करें, ताकि पूर्व के कीर्तिमानों को पार करते हुए इस बार भी एक नई उपलब्धि हासिल की जा सके। उन्होंने कहा कि लोक अदालत का आयोजन सामूहिक प्रयास का परिणाम होता है और इसकी निरंतरता बनाए रखने के लिए सभी की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। जिला जज ने यह भी विस्तार से बताया कि लोक अदालत में किस प्रकार के वादों का निस्तारण संभव है और वादों के निष्पादन में आने वाली चुनौतियों को आपसी समन्वय से दूर किया जा सकता है।
बैठक में अधिवक्ता संघ और विधि संघ के पदाधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि दोनों संघ लोक अदालत में अधिकतम वादों का निष्पादन सुनिश्चित करने के लिए यथासंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस बार पिछली लोक अदालत से अधिक वादों का निपटारा कराया जाएगा। बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव तान्या पटेल, जिला विधि संघ के अध्यक्ष विजय कुमार पांडेय, सचिव जगनारायण सिंह, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय सिंह, सचिव सिद्धेश्वर विद्यार्थी समेत कार्यकारिणी के अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण अभियान को लेकर दानापुर में चला जागरूकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दानापुर।** लोकतंत्र को मजबूत करने और अधिक से अधिक नागरिकों को मताधिकार से जोड़ने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान-2025 को लेकर नगर क्षेत्र में जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को जदयू के प्रदेश महासचिव विनोद कुमार सिंह के नेतृत्व में खगौल रोड, लेखा नगर, ऊर्जा नगर, वीर कुंवर सिंह चौक समेत नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर आम लोगों को इस अभियान की जानकारी दी गई। श्री सिंह ने बताया कि 27 जुलाई तक चलने वाले इस अभियान के तहत मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने अथवा सुधार की प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ की जा रही है। उन्होंने कहा कि हर योग्य नागरिक को इस प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए।

# शमशेरनगर में बाल श्रमिक आयोग के उपाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह का जोरदार स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** बाल श्रमिक आयोग के उपाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह का औरंगाबाद आगमन के क्रम में शमशेरनगर में भाजपा जिला प्रवक्ता अश्विनी कुमार तिवारी के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा, उपाध्यक्ष मनु मिश्रा, सुबोध कुमार शर्मा, बिट्टू शर्मा, पिंटू विश्वकर्मा, सोनू मिश्रा समेत दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। समारोह को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि आने वाले 2025 के विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में एक बार फिर पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अपने-अपने बूथ को सशक्त बनाएं और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करें। भाजपा जिला



प्रवक्ता अश्विनी तिवारी ने कहा कि बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है कि वह अपने बूथ को मजबूत बनाए ताकि औरंगाबाद जिले की सभी छह विधानसभा सीटों पर भाजपा और एनडीए का कब्जा हो सके। श्री तिवारी ने केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, नल-जल योजना, पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, आयुष्मान भारत योजना आदि के माध्यम से सरकार हर घर को खुशहाल करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि युवाओं को ध्यान में रखते हुए शिक्षा विभाग, बिजली विभाग, रेलवे समेत कई विभागों में बहालियों की प्रक्रिया जारी है, जिससे नौजवानों को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। श्री तिवारी ने विश्वास जताया कि वर्ष 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित होगा और एक बार फिर 'सोने की चिड़िया' के रूप में जाना जाएगा।

# शांतिपूर्ण माहौल में निकला तजिया जुलूस, खेल-प्रदर्शन बने आकर्षण का केंद्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** शहर में मंगलवार को पारंपरिक तीजा का जुलूस पूरी शांति, सौहार्द और भव्यता के साथ निकाला गया। ऐतिहासिक रूप से तीजा जुलूस शहरी क्षेत्र और आस-पास के गांवों में ही आयोजित होता है, जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल होकर सामूहिक एकता और सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन करते हैं।
इस वर्ष का जुलूस राजबगिचा, महाराजगंज से आरंभ होकर इमादपुर मस्जिद पहुंचा। इमादपुर में पारंपरिक खेलों की प्रस्तुति हुई, जिसे देखने के लिए भारी संख्या में लोग एकत्रित थे। इसके उपरांत जुलूस किराना पट्टी, थाना गली होते हुए थाना परिसर पहुंचा, जहां प्रतिभागियों ने



अपने करतबों से उपस्थित लोगों का दिल जीत लिया।
आगे जुलूस मुख्य बाजार, मुरली मोड़ चौक, महाराजगंज रोड और ब्लॉक रोड होते हुए चरकवां करबला की ओर रवाना हुआ। पूरे मार्ग में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी पूरे समय मौके पर तैनात रहे। कमेटी के खलीफा सह वार्ड पार्षद नुरुल होदा खान ने बताया कि तीजा का जुलूस हमेशा से भाईचारे और अमन का प्रतीक रहा है। इस बार भी जुलूस को सफल बनाने में स्थानीय जनता, प्रशासन और आयोजन समिति का भरपूर सहयोग मिला। जनसुराज नेता तजम्मुल खां ने कहा कि रफीगंज शहर सदैव सांप्रदायिक सौहार्द का प्रतीक रहा है और इस परंपरा को बनाए रखना हम सबका दायित्व है। इस अवसर पर एसडीपीओ चंदन कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर रामजी प्रसाद, थानाध्यक्ष शंभू कुमार, सीओ भरतेंदु कुमार सिंह, कार्यपालक पदाधिकारी मो. शहाब यहया समेत प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। जुलूस में शामिल गणमान्य लोगों में पूर्व राजद प्रखंड अध्यक्ष रणविजय यादव, जदयू प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा, डॉ. मो. जावेद, हाजी मो. इकबाल हुसैन फिरदौसी, शम्मू खां, नियाज़ असरफी, फहद शाही, खाजा अतीक रज़ा, नेशात अहमद, इरफान आलम, संजय सैनिक, इश्तियाक फरहान, अमीन अफरीदी समेत कई प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता और आम लोग उपस्थित रहे।

# ग्रामीणों ने किया अंचल कार्यालय का घेराव, सीओ ने दिया समाधान का आश्वासन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** जमीन की समस्या को लेकर मंगलवार को महुलान महादलित टोले के ग्रामीणों ने अंचल कार्यालय मदनपुर का घेराव किया और समस्या निदान की मांग की। इस पर अंचलाधिकारी के आश्वासन के बाद ग्रामीण घर चले गए। जमीन समस्या को लेकर मनोज पासवान, नरेश भुईयां, रविरंजन कुमार, चन्दन कुमार, विक्रम कुमार, अजय कुमार का कहना है कि जिस जमीन पर वर्षों से हमलोग बसे हुए हैं। वह जमीन गैर मजरुआ और आम गैर मजरुआ जमीन है। इस जमीन पर पूर्वजों से रहते आ रहे हैं। उस जमीन को महुलान निवासी व पूर्व मुखिया धनंजय यादव द्वारा खरीद लिया गया हैं और वे हम सभी को वहां से हटाना चाहते हैं।इधर, मामले में धनंजय यादव का कहना है कि केवाला जमीन खरीदें हैं और ये लोग उस जमीन को कब्जा किए हुए हैं। सीओ मो. अकबर हुसैन ने बताया कि प्राप्त आवेदन के आधार पर मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। तत्काल जमीन में खेत कार्य करने पर दोनों पक्षों को रोक लगा दिया गया है। शांति बनाए रखने के लिए निर्देश दिए गए हैं।

# 'मानव विकास मंच' के कार्यालय का भव्य उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा।** हसपुरा शहर के नरसंड रोड स्थित सामाजिक संस्था 'मानव विकास मंच' के कार्यालय का मंगलवार को विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत समाजसेवी एवं बीएड कॉलेज, कोईलवां के सचिव राजेन्द्र प्रसाद सिंह द्वारा फीता काटकर की गई। इस अवसर पर एक गरिमामय समारोह का भी आयोजन हुआ, जिसकी अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष अर्जुन सिंह यादव ने की तथा संचालन सचिव विश्वनाथ राय ने किया। अपने संबोधन में अध्यक्ष अर्जुन सिंह यादव ने संस्था की स्थापना के उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि 'मानव विकास मंच' समाज के पिछड़े, वंचित और जरूरतमंद तबके के उत्थान के लिए काम करेगा। संस्था शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में व्यापक कार्य करेगी तथा जरूरतमंदों को गांव-गांव जाकर सहायता पहुंचाएगी। मुख्य अतिथि राजेन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा कि मानव विकास मंच सामाजिक सरोकारों के लिए एक मजबूत आधार बनकर उभरेगा। उन्होंने संस्था को समाज के लिए 'वरदान' बताया और इसके प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में बीस सूत्री अध्यक्ष चंदकांत मुन्ना, जिला परिषद प्रतिनिधि मो. एकलाख खां, रिटायर्ड शिक्षक नागेश्वर राम, रालोसपा प्रखंड अध्यक्ष श्रीकांत कुमार वर्मा, लोजपा प्रखंड अध्यक्ष गंगा दयाल पासवान, व्यवसायी रामबाबू गुप्ता सहित दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस मौके पर लोरिक यादव, सतीश चंद्रवंशी, सुबालाल सिंह, भोला कुरैशी, आनंद कुमार सिंह, ज़ुबैर अंसारी, राजद नेता मुन्ना यादव, अशोक सिंह आदि ने मंच को सतत सक्रिय और प्रभावी बनाए रखने हेतु अपने सुझाव दिए। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि संस्था द्वारा शीघ्र ही सदस्यता अभियान की शुरुआत की जाएगी ताकि अधिक से अधिक लोग सामाजिक विकास से जुड़ सकें।

# बिहार बंद की पूर्व संध्या पर रफीगंज में राजद ने निकाला मशाल जुलूस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण अभियान को लेकर बिहार की सियासत गरमा गई है। महागठबंधन द्वारा 10 जुलाई को घोषित बिहार बंद के समर्थन में मंगलवार की शाम राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने रफीगंज में मशाल जुलूस निकाला। जुलूस का नेतृत्व राजद विधायक नेहलुद्दीन ने किया। मशाल जुलूस स्टेशन परिसर से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार, मुरली चौक, सब्जी बाजार होते हुए बस स्टैंड पर समाप्त हुआ। इस दौरान विधायक नेहलुद्दीन ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनाव आयोग केंद्र के इशारे पर काम कर रहा है। अब तक हुए सभी लोकसभा और विधानसभा चुनाव बिना इस पुनरीक्षण कानून के संपन्न हुए, फिर अचानक बिहार के लिए यह नियम क्यों देशभर में यह कहीं लागू नहीं है। यह सीधे-सीधे बिहार के गरीब मजदूरों और प्रवासियों को मताधिकार से वंचित करने की साजिश है। उन्होंने कहा कि यह कानून अगर वापस नहीं लिया गया तो महागठबंधन इससे भी बड़ा जन आंदोलन करेगा। इस मशाल जुलूस में कई राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रमुख उपस्थित नेताओं में राजद जिला महासचिव रणविजय यादव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह, राजद प्रखंड अध्यक्ष विक्की सिंह यादव, युवा राजद जिला प्रधान महासचिव तारिक इमाम, नगर पार्षद टप्पू यादव, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि माहिद खान, पंचायत समिति उपेंद्र यादव, फहद शाही, हस्सान खान, अजीम खान, जितेंद्र कुमार, सोनू कुमार, दीपक कुमार, सिकंदर यादव, सुदामा यादव, आनंद यादव, सचिन यादव, गौतम कुमार, मनीष कुमार, अमित कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल रहे। जुलूस के दौरान कार्यकर्ताओं ने मताधिकार बचाओ, लोकतंत्र बचाओ, बिहार के साथ भेदभाव बंद करो जैसे नारों से वातावरण को जनआंदोलन में तब्दील कर दिया।

# सरकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक बैंकों को जिम्मेदारी निभाने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक कार्यालय, आरा में सोमवार को प्रधानमंत्री की प्रमुख योजनाओं–प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एलडीएम नीरज कुमार ने की, जबकि जिला उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक मधु कुमारी भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। बैठक में एसबीआई, केनरा बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र और एचडीएफसी बैंक के प्रतिनिधियों के साथ योजना-वार प्रगति की समीक्षा की गई। एलडीएम ने स्पष्ट किया कि इन योजनाओं को मिशन मोड में लागू किया जाना है और बैंकों को आवेदनों की स्वीकृति एवं भुगतान प्रक्रिया में पूरी गंभीरता दिखानी चाहिए। उन्होंने कहा कि बैंकों की भूमिका केवल वित्तीय नहीं, सामाजिक और विकासात्मक भी है, और उन्हें सरकार की योजनाओं को जमीन पर उतारने में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। एलडीएम ने यह भी निर्देश दिया कि कोई भी आवेदन बिना ठोस कारण के अस्वीकृत न किया जाए। सभी आवेदनों की भौतिक सत्यापन और दस्तावेज जांच के बाद ही निर्णय लिया जाए। उन्होंने बैंकों से यह भी कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत आवेदनों का शीघ्र भुगतान करें और 2025-26 के लिए अग्रसारित आवेदनों को तेजी से निष्पादित किया जाए।

**आगामी दिनों की समीक्षा का रोस्टर भी तय किया गया है:**

9 जुलाईः पीएनबी, इंडियन ओवरसीज बैंक, पंजाब एंड सिंध बैंक, आईसीआईसीआई।

10 जुलाईः बिहार ग्रामीण बैंक, यूको बैंक, इंडसइंड बैंक, आईडीबीआई।

11 जुलाईः बैंक ऑफ बड़ौदा, बंधन बैंक, इंडियन बैंक, एक्सिस बैंक।

12 जुलाईः सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ इंडिया। बैठक में कुंवर अजय प्रताप सिंह, कुमुद रंजन, केनरा बैंक के डीसीओ शिव कुमार गुप्ता, एचडीएफसी के विनय साह, एसबीआई के संतोष कुमार, बीओबी के परशुराम चौरसिया, उद्योग विस्तार पदाधिकारी सतीश कुमार, अरविंद कुमार, श्वेता कुमारी, डीआरपी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य जागरूकता विषय पर सेमिनार आयोजित ग्रामीण चिकित्सकों की भूमिका को बताया अहम



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा प्रखंड के पचरुखिया मोड़ स्थित एक निजी कोचिंग संस्थान के सभागार में प्रशिक्षित ग्रामीण चिकित्सक एसोसिएशन के जिला सम्मेलन के अवसर पर 'स्वास्थ्य जागरूकता' विषयक सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. मार्कंडेय कुमार ने की, जबकि संचालन डॉ. राजेश कुमार 'विचारक' ने किया। सम्मेलन का उद्घाटन एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में ग्रामीण चिकित्सकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, लेकिन इसके बावजूद वे लगातार सरकारी उपेक्षा के शिकार हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जिस दिन ग्रामीण चिकित्सकों ने चिकित्सा सेवा से हाथ खींच लिया, उस दिन सरकारी तंत्र से सभी का इलाज कर पाना संभव नहीं होगा। विशिष्ट अतिथि डॉ. मंटू कुमार ने कहा कि ग्रामीण चिकित्सक हमेशा सेवा भावना से समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने का कार्य करते रहे हैं। सम्मेलन में पुरुष नसबंदी, बाल टीकाकरण, जनसंख्या नियंत्रण, प्राकृतिक आपदा से बचाव, पोषाहार व संतुलित आहार जैसे विषयों पर समाज में जागरूकता फैलाने पर जोर दिया गया। डॉ. गोवर्धन कुमार, अशोक कुमार, सुरेंद्र कुमार, चंदन कुमार, कुमारी प्रीति भारती, श्याम कुमार, प्रमोद कुमार, रामभरोसा रजक, उपेंद्र कुमार, रघुनंदन साव एवं श्रीकांत कुमार ने भी अपने विचार रखते हुए स्वास्थ्य जागरूकता की आवश्यकता को रेखांकित किया। कार्यक्रम के अंतिम सत्र में जिला कमेटी का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से डॉ. मनोज कुमार को जिला संयोजक, डॉ. राजेश कुमार 'विचारक' को अध्यक्ष, एवं डॉ. अनुज कुमार को सचिव चुना गया। यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी जिला बैठक में पूर्ण जिला कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा।

# कोईलवर में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार का जोरदार स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोईलवर/भोजपुर।** बाबू जगजीवन राम की पुण्यतिथि पर भोजपुर के चंदवा जाने के क्रम में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश कुमार का कोईलवर थाना मोड़ पर भव्य स्वागत किया गया। कांग्रेस नेत्री रीता सिंह व रंजीत यादव के नेतृत्व में बड़हरा विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने बैंड-बाजे के साथ फूलमालाएं पहनाकर व अंगवस्त्र भेंट कर प्रदेश अध्यक्ष का अभिनंदन किया। इस दौरान अपने संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार ने केंद्र और राज्य सरकार पर सीधा निशाना



साधते हुए कहा कि आगामी दो माह में संभावित विधानसभा चुनाव के बीच चुनाव आयोग द्वारा घोषित विशेष सघन मतदाता पुनरीक्षण अभियान न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रक्रिया के तहत आधार कार्ड, राशन कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, पैन कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस जैसे जरूरी दस्तावेजों को अमान्य करार दिया गया है, जिससे लाखों गरीब, श्रमिक और वंचित तबके के लोग मताधिकार से वंचित हो सकते हैं। उन्होंने इस प्रक्रिया को लोकतंत्र पर हमला बताते हुए कहा कि यह एक सुनियोजित कोशिश है, जिसके माध्यम से नागरिकों की नागरिकता को संदेह के घेरे में लाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह गरीब मतदाताओं के साथ अन्याय है और कांग्रेस पार्टी इसका डटकर विरोध करेगी।

# मताधिकार बचाओ, लोकतंत्र बचाओ के नारों से गूंजा शहर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान के विरोध में इंडिया महागठबंधन द्वारा आहूत 9 जुलाई बिहार बंद को सफल बनाने के लिए मंगलवार की शाम हसपुरा में मशाल जुलूस निकाला गया। मशाल जुलूस की शुरुआत का. रामशरण यादव पुस्तकालय से हुई, जो बस स्टैंड, पटेल चौक, मेन बाजार होते हुए नरसंन रोड तक पहुंचा। जुलूस के दौरान कार्यकर्ता मताधिकार बचाओ, लोकतंत्र बचाओ, लोकतंत्र नहीं चलेगा लाठी से जैसे नारे लगाते हुए लोगों से बिहार बंद को समर्थन देने की अपील कर रहे थे। इस मशाल जुलूस में सीपीआई अंचल मंत्री अधिवक्ता चंद्रशेखर सिंह, भाकपा माले प्रखंड सचिव दिनेश राम, कांग्रेस नेता मिथिलेश सिंह, माकपा के कामाख्या नारायण सिंह, राजद नेता मनीष कुमार, पूर्व प्रमुख विजय कुमार, अरुण कुमार रंजन, भोला कुरैशी, मुन्ना यादव, अशोक यादव, विजय यादव, श्याम किशोर यादव, मनोज यादव, रामाशीष सिंह समेत दर्जनों महागठबंधन कार्यकर्ता शामिल हुए। नेताओं ने आरोप लगाया कि मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया पारदर्शी नहीं है और इससे लाखों गरीब मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। उन्होंने लोगों से लोकतंत्र की रक्षा में भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। जुलूस के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने बंद को लेकर जनसमर्थन जुटाया और आमजन से लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए 9 जुलाई को बिहार बंद में भाग लेने की अपील की। मशाल जुलूस शांतिपूर्ण और अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें आम लोगों की भी उत्साहजनक भागीदारी देखने को मिली।

# खवासपुर की हुंकारः बाढ़ का दर्द समझने वाला चाहिए, वोट उसी को मिलेगा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** बड़हरा विधानसभा क्षेत्र के खवासपुर पंचायत में मंगलवार को जनभावनाओं का सैलाब उमड़ पड़ा। वर्षों से बाढ़ की त्रासदी झेल रहे दर्जनों ग्रामीणों ने डीएन चौधरी के नेतृत्व में आरा पहुंचकर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के युवा नेता रामबाबू सिंह को खुला समर्थन देने का ऐलान किया। ग्रामीणों ने कहा कि अब उन्हें ऐसा जनप्रतिनिधि चाहिए जो भाषण नहीं, हालात में साथ खड़ा हो। मीडिया को संबोधित करते हुए डीएन चौधरी ने कहा कि हम बाढ़ से पीड़ित हैं, पर हौसले नहीं हारे। रामबाबू सिंह हमारे दुख-दर्द के साथी हैं, वह हमारे जैसे लोगों के बेटे जैसे हैं और हम उन्हें ताउम्र समर्थन देंगे। जनसमर्थन के इस मौके



पर खवासपुर की जनता ने स्पष्ट संकेत दिया कि अबकी बार बड़हरा की सियासी लड़ाई एक कर्मठ और जुझारू नेता के पक्ष में लड़ी जाएगी। खवासपुर जब भी खड़ा हुआ है, इतिहास बना है–इस नारे के साथ माहौल पूरी तरह चुनावी रंग में रंग गया। इस अवसर पर बड़हरा विधानसभा के एससी/एसटी प्रकोष्ठ के प्रधान महासचिव दुर्गा पासवान ने कहा कि रामबाबू सिंह ने सिर्फ चुनाव के वक्त नहीं, सालों तक जनता के बीच रहकर काम किया है। यही सच्चे नेतृत्व की पहचान है वहीं, वार्ड सदस्य सुभाष सिंह ने राजद नेतृत्व को स्पष्ट शब्दों में चेताया कि यदि टिकट किसी और को दिया गया, तो पार्टी को इसका नुकसान उठाना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि बड़हरा की जनता अब दिखावे नहीं, सेवा करने वाले नेता को चुनेगी।

# साइकिल रैली निकालकर रफीगंज में मतदाताओं को किया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2025 के तहत मंगलवार को रफीगंज में जनता दल (यू) के कार्यकर्ताओं ने जोरदार जागरूकता अभियान चलाया। इस क्रम में विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में साइकिल रैली निकाली गई, जिसका नेतृत्व जदयू जिलाध्यक्ष एवं रफीगंज के पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह ने किया। रैली भदवा पंचायत सहित कई अन्य पंचायतों से होकर गुजरी, जहां स्थानीय लोगों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने या सुधार की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री सिंह ने कहा कि यह अभियान लोकतंत्र



को सशक्त बनाने की दिशा में एक अहम पहल है। उन्होंने नारा देते हुए कहा–संकल्प हमारा टूटे नहीं, एक भी मतदाता छूटे नहीं। कार्यक्रम के दौरान जदयू कार्यकर्ताओं ने वोट हमारा अधिकार है, सत्यापन ही अधिकार है जैसे स्लोगन के साथ नागरिकों को मतदाता सूची में नाम की जांच करने और आवश्यक सुधार करवाने के लिए प्रेरित किया। जदयू प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि पूरे रफीगंज प्रखंड के हर बूथ पर जदयू कार्यकर्ता बीएलओ के साथ मिलकर अभियान को सफल बनाने में सहयोग कर रहे हैं। इस मौके पर युवा जदयू जिलाध्यक्ष कौशल चंद्रवंशी, पंचायत अध्यक्ष प्रेमचंद वर्मा, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रभा देवी, विवेक कुमार सिंह, कुंदन सिंह, आनंद मोहन सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।

# प्रधानाध्यापक मो. शाहिद परवेज की सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड के उर्दू कन्या मध्य विद्यालय, केराप में प्रधानाध्यापक मो. शाहिद परवेज की सेवानिवृत्ति के उपरांत विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। वर्ष 2020 से विद्यालय में प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत रहे मो. परवेज को विद्यालय परिवार ने गरिमामयी विदाई दी। समारोह की शुरुआत वर्तमान प्रधानाध्यापिका तैयबा खातून ने सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक को स्मृति-चिन्ह और अंगवस्त्र भेंट कर की। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अभय कुमार ने किया। उन्होंने मो. परवेज के सौम्य स्वभाव, अनुशासनप्रियता और शिक्षण के प्रति उनकी निष्ठा को याद करते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना की। विद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मियों ने भावनात्मक क्षणों को साझा करते हुए उनके योगदान को सराहा और उन्हें विभिन्न उपहार भेंट किए। इस दौरान विद्यालय का वातावरण भावुक हो उठा, जब समस्त स्टाफ और छात्र-छात्राओं ने नम आंखों से उन्हें विदाई दी। इस मौके पर शिक्षक अमित कुमार, अरशद अली, शिक्षिकाएं नूरजहां, रेहाना खातून, श्रेया, ताहरा खातून, शिक्षा सेवक पिंटू रजक, बीरेंद्र कुमार, लीलावती देवी, मीना खातून, रसोइया रेणु देवी व प्रेमशिला लालती देवी सहित विद्यालय के सभी विद्यार्थी मौजूद रहे।

# मुहर्रम ताजिया जुलूस के साथ शांतिपूर्ण सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी में चल रहे मुहर्रम पर्व सोमवार देर शाम को ताजिया जुलूस के साथ शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुई। जुलूस के दौरान पुलिस निरीक्षक सह डिहरी थानाध्यक्ष शिवेंद्र कुमार के नेतृत्व में भारी संख्या में सुरक्षा बल तैनात दिखे। जुलूस के दौरान या अली, या हुसैन का नारा लगाते हुए ताजिया जुलूस निकाली गई। बारह पत्थर, निलकोठी, ईदगाह मुहल्ला, जक्खी बिगहा सहित अन्य मुहल्ले से ताजिया जुलूस बारह पत्थर चौक पर पहुंची जहां पर सभी खालीफाओं ने ताजिया का मिलान किया जहां वर्षों पुरानी परंपरा के दौरान आए हुए ताजिया जुलूस के खलीफा को माला, पगड़ी पहना कर स्वागत किया गया तथा जक्खी बिगहा स्थित नौजवान मिल्लत कमिटी के सदस्यों ने आगत अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। वही डिहरी थाना चौक पर समाजसेवी नवाब अख्तर अंसारी पानी वाले के द्वारा मुहर्रम पर्व देखने आए हुए लोगों के लिए शर्बत पानी की व्यवस्था की गई। अख्तर अंसारी के द्वारा नौजवान कमिटी तथा लोगों को सम्मानित किया गया। जुलूस के दौरान तलवार बाजी, गदका, लाठी, बनैठा आदि खेलों का प्रदर्शन किया गया। वहीं समाजसेवी नकीब अहमद, अख्तर अंसारी, दानिश खान, शाहनवाज खान ने कहा कि इमाम हुसैन की याद में मनाया जाने वाला पर्व हमें यह सिख देती है कि हमें कभी भी झूठ के आगे झुकना नहीं है। उन्होंने लोगों से अपील किया कि बड़ों का आदर करना हम सबका कर्तव्य है। वहीं थानाध्यक्ष शिवेन्द्र कुमार ने कहा कि कोई भी पर्व आपसी भाईचारे के साथ मनानी चाहिए। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसडीएम निलेश कुमार बीडीओ अजीत कुमार, नप ईओ विमल सिंह, इंद्रपुरी थानाध्यक्ष माधुरी कुमारी के साथ भारी संख्या में पुलिस बल के साथ क्षेत्र में गश्त लगाते रहे। शरारती तत्वों पर निगरानी ड्रोन से इन्द्रपुरी थानाध्यक्ष माधुरी कुमारी एवं प्रशासन द्वारा रखा जा रहा था। मौके पर ने ताजिया जुलूस में आए हुए लोगों को नगर मुहर्रम कमेटी के अध्यक्ष महफुज अंसारी ने स्वागत करते हुए बधाई दी। मौके पर संचालन कर रहे नौजवान मुहर्रम कमेटी के अब्दुल कलाम आजाद, पूर्व विधायक इंजीनियर सत्यनारायण सिंह, वार्ड पार्षद आनंद चौधरी, सोनू चौधरी कमिटी के कुंवर सिंह, संजय गुप्ता, जदयू जिला अध्यक्ष अजय सिंह कुशवाहा, रुस्तम अंसारी, जुनैद अंसारी, पिन्टू अंसारी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## राष्ट्रयव्यापी बैंक हड़ताल आज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** ऑल इंडिया बैंक इंप्लाइज एसोसिएशन ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर एसोसिएशन बैंक इंप्लाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया के आह्वान पर केंद्रीय श्रमिक संगठनों की मांगों के समर्थन में बुधवार को राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल रहेगा। पंजाब नेशनल बैंक ऑफिसर एसोसिएशन राज्यध्यक्ष अध्यक्ष अखिलेश कुमार के अनुसार उनकी मांगों में बैंकों में निजीकरण को रोकने, पर्याप्त भर्ती सुनिश्चित करने, आउटसोर्सिंग बंद करने, कॉर्पोरेट के बकाया ऋणों की तत्काल वसूली करने, ग्राहकों के लिए बैंकों में सेवा शुल्क कम करने, प्रतिगामी श्रम संहिताओं को लागू नहीं करने, ओपीएस बहाल करने, ट्रेड यूनियन के अधिकारों में हस्तक्षेप बंद करने समेत बैंक कर्मियों के लंबी मांगों के निराकरण शामिल है।

## 18 सौ स्ट्रीट लाइटों से जगमगाएंगे रोड व शहर की गलियां

**नगर पंचायत की बोर्ड की बैठक में सर्वसम्मति से लिया फैसला**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुदरा।** शहर को जगमगाने के लिए नगर पंचायत द्वारा प्लान तैयार कर लिया गया है। इसके लिए शहर में 18 सौ नए स्ट्रीट लाइट लगेंगे जिससे शहर की गलियां अब जगमगाएगी। नगर पंचायत की बोर्ड की मंगलवार को हुई बैठक में सर्वसम्मति से इसका निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता मुख्य पार्षद सुरेंद्र कुमार पाल व संचालन कार्यपालक पदाधिकारी उजाली राज ने किया। बैठक में शहर में वेलकम बोर्ड व साइन बोर्ड लगाने व कुदरा व लालापुर में एक-एक ग्रीन स्पेस व खुला ग्रीन के निर्माण पर विचार विमर्श किया गया और कई योजनाओं को प्रशासनिक स्वीकृति दी गई। मुख्य पार्षद व कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि बोर्ड की बैठक में पिंक शौचालय व डीलक्स शौचालय बनाने, नगर पंचायत के लिए सामग्री खरीदारी करने पर विचार-विमर्श किया गया। पदाधिकारियों ने बताया कि शहर के प्रत्येक गली में स्ट्रीट लाइट लगाई जाएगी जिससे कि रात को नगर पंचायत क्षेत्र में कहीं भी अंधेरा न रहे। अधिकारियों ने बताया कि पूर्व में शहर में विभिन्न जगहों पर पांच सौ स्ट्रीट लाइट लगाई गई है। सभी स्ट्रीट लाइट कारगर है और अभी गारंटी में है जो स्ट्रीट लाइट खराब होता है उसे बदलकर नया लगाया जाता है। बैठक में नगर पंचायत के विकास के लिए कई योजनाओं पर चर्चा के बाद इसे जल्द प्रारम्भ करने की बात कही गई। बैठक में उप मुख्य पार्षद रेखा सिंह, स्वच्छता पदाधिकारी सिमरन सिंह, अशोक शर्मा, दीपा देवी, अभय कुमार सिंह, दूधनाथ राम, विशाल कुमार, सुरेंद्र कुमार, अरुण पाल, बेबी देवी, कुमकुम देवी, कुसुम देवी व चिंता देवी समेत कई वार्ड पार्षद उपस्थित थे।

## मतदाता पुनरीक्षण को लेकर एसडीएम ने की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रामपुर (कैमूर)।** प्रखंड बहुउद्देशीय भवन मंगलवार को एसडीएम अमित कुमार ने मतदाता पुनरीक्षण को लेकर बैठक किया जहां सभी बीएलओ, जीविका दीदियों, सेविका और सहायिका ने भाग लिया। एसडीएम ने कहा युद्धस्तर पर मतदाता पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है। इस कार्य को हल्का में लेने की जरूरत नहीं है जो कार्य दिया गया है उसको समय से पूरा कर रिपोर्ट कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करेंगे ताकि ऑनलाइन किया जा सके। इस कार्य के लिए कम्प्यूटर डाटा ऑपरेटर और कम्प्यूटर शिक्षक को लगाया गया है। अगर कार्य में कोताही करते हैं तो कार्रवाई होना तय है। बीएलओ से कहा कि जो आप के सहयोगी बीएलओ हैं वह सहयोग नहीं कर रहा है तो उसका लिखित दीजिए। उस पर कार्रवाई किया जाएगा। आप को बता दें कि इस कार्य को समय से पूरा करने के लिए 82 बीएलओ, सहायक बीएलओ, जीविका दीदियों, जनवितरण प्रणाली दुकानदारों, सेविका और सहायिकाओं को लगाया गया है। क्षेत्र में कुल 68878 मतदाता की संख्या है। इनका पुनरीक्षण के लिए उक्त कर्मियों को लगाया गया है जिसका लक्ष्य है मतदाता का सत्यापन और दोहरी प्रविष्ट नाम को हटाना है जिसका निरीक्षण प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी कर रहे हैं। बैठक में बीडीओ दृष्टि पाठक, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी तेजस्विनी आनंद, सीडीपीओ सुरेन्द्र मोहन गिलानी, बीपीएम अनिल कुमार चौबे, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी सोनाली चन्द्रा सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रही।

## राष्ट्रीय नाई महासभा की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** 2 अगस्त को पटना के श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल में होने वाले नाई अधिकार महासम्मेलन के तैयारी को लेकर डिहरी के नाई समाज के लोगों की एक बैठक राष्ट्रीय नाई महासभा के राष्ट्रीय महासचिव विनय चंचल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय सचिव संजय ठाकुर और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश महासचिव आदित्य ठाकुर ने विशेष रूप से संबोधित किया। वक्ताओं ने नाई एकता पर बल देते हुए महासम्मेलन में भाग लेने की अपील की। बैठक में अन्य बातों के अलावा राजनीतिक सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु अधिकाधिक संख्या में समाज की भागीदारी तय करने पर चर्चा हुई। बैठक को समाज के जिलाध्यक्ष अरुण शर्मा, नगर अध्यक्ष धनंजय शर्मा, रामाश्रय शर्मा, अभिषेक , भरत शर्मा, हरिदास शर्मा आदि ने संबोधित किया। इस मौके पर कई लोग उपस्थित थे।

## मतदाता पुनरीक्षण को लेकर जदयू ने चलाया जन जागरूकता अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रामपुर (कैमूर)।** प्रदेश जनता दल यूनाइटेड के आह्वान पर मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से मंगलवार को जदयू कैमूर जिलाध्यक्ष अजय कुमार पटेल के नेतृत्व में भभुआ विधानसभा के पंचायत बेतरी, बेलाव, सोनहन, चैनपुर विधानसभा के पंचायत अमाव,चांद, भगवानपुर में पैदल मार्च एवं साइकिल रैली निकाली गई। जिला अध्यक्ष ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि हमारी पार्टी का संकल्प है कि सत्यापन हम करेंगे लोकतंत्र को मजबूत बनाएंगे वोट हमारा अधिकार है सत्यापन ही उपचार है सही नाम काटे नहीं फर्जी नाम जुटे नहीं चलो सत्यापन करते हैं लोकतंत्र को मजबूत बनाते हैं जिले भर की सभी पंचायत प्रखंडों एवं शहरों में साइकिल रैली एवं पैदल मार्च के माध्यम से मतदाताओं को जागरूकता अभियान निकाली गई। रैली के माध्यम से बताया गया कि लोकतंत्र को मजबूत करने में निर्वाचन आयोग की ओर से प्रत्येक 20 वर्ष पर विशेष गहन पुननिरीक्षण कराया जाता है जिसे मत पत्र में मौजूद गड़बड़ियों को ठीक किया जाए। इसमें उपस्थित पार्टी के विधानसभा प्रभारी उत्तम तिवारी, अशोक पटेल, संतोष चौधरी, जिला उपाध्यक्ष लियाकत अंसारी, मनीष कुमार पटेल, अतुल पटेल युवा जिला अध्यक्ष त्रिलोक पटेल, प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, सतीश सिंह, अंशु सिंह सहित पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गुरुपूर्णिमा पर महासंकीर्तन

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** श्री त्रिदंडी देव सत्संग आश्रम में गुरु पूर्णिमा उत्सव का शुभारंभ बुधवार से अष्टयाम महासंकीर्तन से होगा। गुरुवार को हवन, संकीर्तन पूर्णाहुति,आचार्य पूजन,गुरु परंपरा पाठ, कीर्तन, व्याख्यान आरती तथा मंगल प्रसाद वितरण होगा ।

## AFFIDAVIT

I, Jyoti Prakash s/o Yogendra Prasad Yadav R/o Yogiya Chahi, PO- Kushaha, PS- Triveniganj, Distt-Supaul Bihar 852139 do affirm and declare that Ragini Kumari Date of Birth 01.02.2016 is my daughter. My wife correct name is Punam Devi but in my daughter's school record it is mentioned as Pratibha Kumari. That Punam Devi and Pratibha Kumari are both names of my wife only and she is the same and only one person.

## मोहन राम बने मजदूर कांग्रेस बिहार के मीडिया प्रभारी, लोगों में अपार हर्ष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रामपुर (कैमूर)।** समाज के चतुर्दिक विकास में अपनी एक अलग पहचान बनाने वाले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व डॉ अंबेडकर फैलोशिप सम्मान से सम्मानित 'पत्रकार' मोहन राम को समाज हित में बढ़ते लोकप्रियता को देखते हुए 'अखिल भारतीय मजदूर कांग्रेस' के राष्ट्रीय अध्यक्ष विधायक वीर सिंह धिंगान एवं राष्ट्रीय महासचिव अशोक कुमार (झा) ने अखिल भारतीय मजदूर कांग्रेस शाखा बिहार प्रदेश का मीडिया प्रभारी मनोनित किया है जिससे लोगों ने खुशी का इजहार करते हुए संगठन के संस्थापक डॉ ए.पी. बेगी, राष्ट्रीय अध्यक्ष विधायक वीर सिंह धिंगान, राष्ट्रीय महामंत्री व पूर्व उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति आयोग राजस्थान, अशोक कुमार (झा) जेनरल सेक्रेटरी, राजकुमार राउत राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं दामोदर बाल्मीकि (बोध) को राष्ट्रीय वीर अब्दूल हमीद फाउंडेशन के बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष ओंकार प्रसाद गुप्ता, दिलीप गुप्ता पूर्व पैक्स अध्यक्ष, कृष्णा प्रसाद गुप्ता, ललित सिंहा, महासचिव प्रो राम प्रकाश साह, अरविंद कुमार सिंह, सचिव वरुण कुमार सिंह उर्फ रॉकी सिंह, मंटू भट, अरविंद कुमार सिंहा उर्फ मुकुल सिंहा, सुदामा पासवान पूर्व उप प्रमुख, वीर केश्वर् पासवान पूर्व सरपंच, अधिवक्ता रवि कुमार कानूनी सलाहकार मेहतर सेवा संघ बिहार, देवमुनी सिंह कुशवाहा, किरण देवी पूर्व वार्ड पार्षद, डॉ अर्चना गुप्ता सचिव आदर्श सेवा मंच, मो बदरे आलम राइन, अशोक चौधरी, योगेंद्र रावत पूर्व मुखिया नौनेर, रवि रावत पूर्व मुखिया, देवराज पाल प्रदेश सचिव राजद अतिपिछड़ा, डॉ मृत्युंजय मौर्य, नथुनी पासवान पूर्व उप प्रमुख, बबलू रावत कैमूर) शशि कुमार जिलाध्यक्ष, मेहतर सेवा संघ रोहतास, नीलम कुमारी जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ट, रमेश कुमार जिला उपाध्यक्ष, वीर बसंत लाल कोषाध्यक्ष, अशोक राम जिला सचिव, प्रिय रंजन रावत जिलासचिव सुधीर रावत जिलाध्यक्ष भोजपुर आदि ने उपरोक्त पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं व्यक्त किया है।

## जदयू ने मतदाता जागरूकता के लिए निकाला साइकिल मार्च




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** जनता दल यूनाइटेड के द्वारा मंगलवार को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जदयू के जिला अध्यक्ष अजय सिंह कुशवाहा तथा नगर अध्यक्ष विष्णु प्रसाद उर्फ मुन्ना कुशवाहा के नेतृत्व में साइकिल मार्च निकाला गया। साइकिल मार्च मोहन विगहा जगदेव चौक से अम्बेदकर मतदाता चौक तक निकाला गया। संकल्प हमारा टूटे नहीं एक भी मतदाता छूटे नहीं। हर घर तक हम जायेंगे मतदाता को मनायेंगे। सही नाम कटे नहीं फर्जी नाम जुटे नहीं इत्यादि नारे कार्यकर्ता लगा रहे थे। जदयू जिलाध्यक्ष अजय सिंह कुशवाहा ने कहा कि यह कार्य निर्वाचन आयोग का सही कदम है। इससे फर्जी मतदाताओं का नाम हट जायेगा। इसके कार्यक्रम में प्रमोद, विंध्याचल पासवान, अजय मेहता, पिन्टू पासवान, अरुण रावत,

## सात आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** अपराधियों व शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने विभिन्न कांडों के सात आरोपितों को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में विविध मामले, हत्या के प्रयास, वारंटी, शराब तस्कर शामिल है। एसपी ने बताया कि छह लीटर देशी शराब, एक ऑल्टो कार जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों के पालन कराने को वाहन जांच अभियान में 34 हजार 500 रुपए जुर्माने की राशि वसूली गई।


बिहार सरकार

## समाहरणालय, औरंगाबाद

जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय, औरंगाबाद।

**बिहार लोक सेवा आयोग की 71वीं संयुक्त (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा हेतु बिहार के जिला अल्पसंख्यक छात्रावासों में निःशुल्क गैर आवासीय कोचिंग कार्यक्रम हेतु आवेदन आमंत्रण की सूचना**

**आवश्यक सूचना**

अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार सरकार की राज्य अल्पसंख्यक कोचिंग योजनान्तर्गत नोडल एजेन्सी मौलाना मजहरूल हक अरबी एवं फारसी विश्वविद्यालय के पर्यवेक्षण में हज भवन, पटना में बिहार लोक सेवा आयोग की 71वीं संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा की निःशुल्क गैर आवासीय कोचिंग एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम में भाग लेने हेतु अल्पसंख्यक समुदाय (बौद्ध, सिख, पारसी, ईसाई, मुस्लिम एवं जैन) के उम्मीदवारों से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित हैं। इच्छुक अभ्यार्थी जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय, औरंगाबाद में दिनांक 12-07-2025 तक ऑफलाईन आवेदन भर सकते हैं। कोचिंग की व्यवस्था छात्रों के लिए अल्पसंख्यक बालक छात्रावास, औरंगाबाद में संचालित होगा। इच्छुक आवेदकों में जो पूर्व में संघ लोक सेवा आयोग/बिहार लोक सेवा आयोग एवं राज्यों की लोक सेवा आयोग/बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग इत्यादि के साक्षात्कार, प्रारंभिक अथवा मुख्य परीक्षाओं में से किसी में भी सफल हुए हैं उन्हें प्राथमिकता दी जायगी। प्रवेश परीक्षा का पाठ्यक्रम एवं स्तर बिहार लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा के पाठ्यक्रम एवं स्तर के ही अनुरूप होगा।

ऑफलाईन आवेदन भरने की अंतिम तिथि :– 12-07-2025
प्रवेश परीक्षा की तिथि :– 14-07-2025
प्रवेश परीक्षाफल की घोषणा :– 18-07-2025 अपराह्न 04:00 बजे तक
नामांकन प्रक्रिया पूर्ण करने की तिथि :– 20-07-2025 से 21-07-2025 तक

**प्रवेश सम्बन्धी अतिरिक्त जानकारी हेतु जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय औरंगाबाद से सम्पर्क किया जा सकता है।**

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar से भी प्राप्त की जा सकती है।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी
औरंगाबाद।

PR- 008035 ( Minority Welfare ) 2025-26

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।


## 12 अगस्त तक पंचायत विशेष विद्युत कनेक्शन शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रामपुर (कैमूर)।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत में किसानों को फसल सिंचाई के लिए सस्ती दर पर बिजली उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 7 जुलाई से 12 अगस्त तक विद्युत कनेक्शन हेतु शिविर कैंप का आयोजन किया जायेगा। कृषि कनेक्शन पर राज्य सरकार द्वारा मिलने वाले अनुदान के कारण किसानों को पटवन कार्य के लिए बिजली मात्र 55 पैसे प्रति यूनिट पर उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्यमंत्री कृषि विद्युत संबंध योजना का लाभ उठाने के लिए किसान सुविधा एप नजदीकी विद्युत कार्यालय या शिविर के माध्यम से आवेदन आवेदित कर सकते हैं। कनीय अभियंता परमेश्वर कुमार ने बताया कि कृषि विद्युत संबंध योजना फेज 2 अंतर्गत कनेक्शनों को अधिकतम करने तथा कृषि संबंधित आवेदन करने में किसानों की सुविधा के लिए 7 जुलाई 2025 से 12 अगस्त 2025 तक रामपुर प्रखंड के भिन्न-भिन्न पंचायत में शिविर लगाकर आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। ग्राम पंचायत अमाव 8 जुलाई 2025 एवं 2 अगस्त 2025, बड़का गांव 9 जुलाई एवं 4 अगस्त, बेलाव 10 जुलाई एवं 5 अगस्त, भीतरी बांध 11 जुलाई एवं 6 अगस्त, जलालपुर 12 जुलाई एवं 7 अगस्त, खरेंदा 14 जुलाई एवं 8 अगस्त, कुडारी 15 जुलाई 9 अगस्त, पसाई 16 जुलाई एवं 11 अगस्त, सवार पंचायत में 17 जुलाई एवं 12 अगस्त, जिस किसान को कृषि बिजली कनेक्शन लेना है सुविधा के अनुसार शिविर में आवेदन कर विद्युत कनेक्शन प्राप्त कर सकते हैं।

## स्वस्थ जीवनशैली के लिए जेम्स स्कूल के बच्चों की संकल्प-श्रृंखला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास जिले के इंद्रपुरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत सिकरिया स्थित जेम्स इंग्लिश स्कूल के विद्यार्थियों ने सोमवार को मधुमेह (डायबिटीज) से बचाव और शुगर फ्री, स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक प्रभावशाली मानव श्रृंखला का आयोजन किया। यह कार्यक्रम नेशनल कमीशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ चाइल्ड राइट्स के निर्देश पर आयोजित किया गया। स्कूल की प्रिंसिपल फ्लोरेना एलियाबेथ रूबी ने जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा 6 से 8 तक के लगभग 800 छात्रों ने डिहरी-बंजारी पथ पर सिकरिया से लेकर बड़ीहां मुख्य मार्ग तक मानव श्रृंखला बनाई। इस अभियान का मकसद केवल मधुमेह से बचाव नहीं, बल्कि संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और हेल्दी लाइफस्टाइल को लेकर समाज में जागरूकता फैलाना था। बच्चे हाथों में प्रेरक संदेशों वाले पोस्टर लेकर खड़े थे जिन पर लिखा था 'मीठा कम, जीवन लंबा', 'नियमित व्यायाम मधुमेह से समाधान', 'शुगर फ्री जीवन, खुशहाल जीवन'। इस आयोजन में इंद्रपुरी पुलिस थाना की अनुमति और सहयोग भी प्राप्त था। पूरे मार्ग पर पुलिस बल की तैनाती रही जिससे सुरक्षा व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रही। 1983 में स्थापित जेम्स इंग्लिश स्कूल शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य जागरूकता और सामाजिक अभियान में भी लगातार अग्रणी भूमिका निभा रहा है। विद्यालय में नियमित रूप से बच्चों को शुगर कम सेवन करने, संतुलित आहार अपनाने और मधुमेह से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी जाती है। एक घंटे तक चले इस कार्यक्रम ने बच्चों के साथ-साथ आम नागरिकों को भी यह सन्देश दिया कि स्वस्थ भविष्य के लिए आज से जीवनशैली में बदलाव जरूरी है। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत स्कूल के संस्थापक डी. ऑगस्टीन जेबाकुमार, सचिव गोफोर्थ जेबाकुमार और प्राचार्य रूबी मनोहरन ने मानव श्रृंखला की पहली कड़ी बनाकर की।

## अनुमंडल पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** अनुमंडल पेंशनर्स एसोसिएशन के कार्यकारिणी की बैठक शिवदर्श सिंह की अध्यक्षता में हुई। संचालन जगदीश सिंह ने किया। वक्ताओं ने कहा कि सरकार कर्मचारी विरोधी है। पेंशनरों की सुविधा में लगातार कटौती की जा रही है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि 2020 में कोरोना कल के समय 18 माह के रोके गए महंगाई भत्ते का भुगतान आज तक नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि आठवीं वेतन को लागू किया जाए, पेंशनधारियों को 5 लाख तक की मुक्त सेवा चिकित्सा प्रदान किया जाए, रेल किराया में रियायत दिया जाए जैसे मांगों को ले लगातार संघर्षरत है। स्वतंत्रता दिवस पर झंडोतोलन करने पर भी विचार किया गया। बैठक में भैरव राम, राधा प्रसाद सिंह, सीताराम लाल, कृष्ण प्रसाद आदि ने विचार व्यक्त किया।

## रुपये के लेन-देन में मारपीट, फरार आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढ़ीगोला।** आयरकोठा पुलिस ने सोमवार को थाना के नामजद आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष कुसुम कुमार केशरी ने बताया कि थाना कांड संख्या 37/25 के आरोपित टंडवा निवासी चितरंजन सिंह के पुत्र सोनू सिंह को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। उन्होंने बताया कि अप्रैल महीना में राजपुर निवासी मनोज कुमार सिंह ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें बताया था कि पडुंहार गायत्री आई टी आई है।

## प्रेमनगर खेल मैदान में मशाल खेल प्रतियोगिता का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**अकोढीगोला।** प्रेमनगर हाई स्कूल के खेल मैदान में मंगलवार को बिहार सरकार द्वारा आयोजित मशाल खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन बीडीओ रविरंजन, सीओ निधि ज्योत्सना, थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार, शिक्षा पदाधिकारी प्रणव कुमार, जिला परिषद् सदस्य सीमा सिंह, राजद नेता प्रमोद गुप्ता, जदयू नेता अशोक चंद्रवंशी व राजद प्रखंड अध्यक्ष बेशलाल सिंह यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान संकुल स्तर से चयनित छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि शिक्षा विभाग, खेल विभाग व बिहार खेल प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य है कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे-बच्चियों को बढ़ावा देकर खेल के प्रति उत्साहित करना जिसे बच्चे बच्चियों में खेल के प्रति जागरुकता पैदा हो सके। वहीं अंचलाधिकारी ने कही कि बिहार सरकार की मशाल खेल प्रतियोगिता के तहत ग्रामीण क्षेत्र में छिपी प्रतिभा को उजागर करना एक महत्वाकांक्षी योजना में शामिल कर रखी है जहां अभिभावकों को खेलों के प्रति अपने बच्चे-बच्चियों को प्रोत्साहित करना चाहिए। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि संकुल स्तर से चयनित छात्र-छात्राओं को बिहार सरकार के मशाल खेल प्रतियोगिता के 100, 400 व 600 मीटर की दौड़, कबड्डी, हाईजंप, वॉलीबाल, एथलेटिक्स, फुटबॉल साइकिल रेश सहित कई प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी प्रतिभाओं को निखार का मौका मिलता है। उन्होंने बताया कि मशाल खेल प्रतियोगिता को 600 मीटर की दौड़ को बीडीओ, सीओ, थानाध्यक्ष व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि ने हरी झंडी दिखा कर प्रखंड स्तरीय मशाल खेल प्रतियोगिता का शुरुआत किया गया। 600 मीटर के दौड़ में संकुल के 14 वर्ष के 44 छात्र व 34 छात्राओं ने भाग ली थी जिसमें छात्र अभिनव प्रताप सिंह प्रथम स्थान, दूसरे स्थान पर अंकुश कुमार व तीसरे स्थान पर जयप्रकाश कुमार तो छात्रा लक्ष्मीना कुमारी प्रथम, दूसरे स्थान पर दुर्गा कुमारी व तीसरे स्थान पर रीया कुमारी सफलता हासिल की।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा**

**अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं0:–13/2025–26**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विभाग का नाम | :– भवन निर्माण विभाग। |
| 2 | विज्ञापन दाता का नाम | :– कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा। |
| 3 | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय | :– 16/07/2025 को (पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक) |
| 4 | मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | :– 17/07/2025 को अपराह्न 03:00 बजे तक। |
| 5 | मुहरबंद निविदा प्राप्ति खोलने की तिथि एवं समय | :– 17/07/2025 को 03:30 बजे अपराह्न से। |
| 6 | परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान | :– 1. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा द्वारा प्रतिनियुक्त, पदाधिकारी द्वारा .कार्यालय परिसर में। 2. अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02, राँची द्वारा प्रतिनियुक्त, पदाधिकारी द्वारा कार्यालय परिसर में। |
| 7 | निविदा प्राप्ति एवं खुलने का स्थान | :– क्रमांक–6 के क्र0सं0–1 के स्थान पर। |
| 8 | कार्य का विवरण:– | |

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Proposed Watch Tower and Morcha Civil Court Nagar Untari Under Garhwa District. | ₹ 24,87,600.00 | ₹ 50,000.00 | ₹ 5,000.00 | 3 माह |
| 2. | *Construction of (A.D.J) 06 Court Chamber Ejlas Under Nagar Court Campus, Nagar Untari Under Garhwa Distt.* | ₹ 8,44,900.00 | ₹ 17,000.00 | ₹ 1,250.00 | 1 माह |

निविदा की शर्तें *www.jharkhand.gov.in* एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

नोटः– ***Updated Character PAN, GST Return File Latest,*** जिस संवेदक के नाम से पंजीकरण प्रमाण–पत्र है उसी नाम से बैंक ड्राफ्ट/डी0डी0 मान्य होगा। स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति एवं निविदा प्रकाशन होने की तिथि से निर्गत बैंक ड्राफ्ट/डी0डी0 अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही निविदा पत्र निर्गत किया जायेगा।

- **सिर्फ स्थानिय (जिला–गढ़वा) संवेदकों को प्राथमिकता दी जायेगी।**

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, गढ़वा

PR 356802 (Building)25-26*D

# साइकिल रैली निकाल कर वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के लिए जदयू ने चलाया जागरूकता अभियान

## हर वोटर तक पहुंचेगा जदयू, विशेष पुनरीक्षण में करेगा मदद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित करने को लेकर मंगलवार को जदयू के द्वारा भैसवां पंचायत में साइकिल रैली निकाल कर गांव गांव में मतदाताओं को जागरूक किया। जागरूकता कार्यक्रम जनता दल यूनाइटेड मसौढ़ी प्रखंड ग्रामीण अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा की अध्यक्षता में हुई। मौके पर जिलाध्यक्ष मीडिया सेल के प्रभारी धर्मेंद्र कुमार एवं पंचायत के मुखिया साधु पासवान मौजूद रहे। जो साइकिल लेकर गांव के गलियों में घूम-घूम कर हर वोटर के पास पहुंचकर उन्हें मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की अपील की। जिलाध्यक्ष मीडिया सेल के प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि सभी गांवों, टोलों, बसावटों में जाकर मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित करना है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि संकल्प हमारा टूटे नहीं, एक भी मतदाता छूटे नहीं. हर घर तक हम जायेंगे, मतदाता को जगायेंगे. इसी संकल्प के साथ साइकिल रैली के माध्यम से मंगलवार को मतदाताओं से संपर्क किया जा रहा है। जो सभी गांव, शहर, टोला, मुहल्ला में साइकिल रैली करते हुए उन्हे जागरूक कर रहे है। वही मसौढ़ी प्रखंड ग्रामीण अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 20 वर्षों में किये गये कार्यों को मतदाताओं के समक्ष रखना है। और उनके विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचना है। जदयू मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर आम लोगों को जागरूक करने के लिए साइकिल रैली कर गांवों में पात्र मतदाताओं को उन्हें आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही गणन फॉर्म भरवाने से लेकर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने तक हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगा। कार्यक्रम में अनिल कुमार वर्मा, गजेंद्र कुमार, कारू प्रसाद, राकेश कुमार, जगनारायण प्रसाद, आत्मानंद मेहता समेत कई लोग शामिल रहे।




## अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों के चुनाव की तिथि घोषित

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अधिवक्ता संघ के सत्र 2025-2026 तक के चुनाव की अधिसूचना निर्वाचन पदाधिकारी शिव कुमार यादव ने मंगलवार को जारी किया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी शिव कुमार यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि मंगलवार को संघ के पुस्तकालय भवन में निर्वाचन पदाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में तीन सदस्यीय समिति के सहायक निर्वाचन पदाधिकारी और संघ के सदस्य मौजूद थे। सर्वसम्मति से चुनाव कराने के कराने का निर्णय लिया गया है। निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि नामांकन 14 जुलाई को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक किया जायेगा। 16 जुलाई को नामांकन वापसी और 17 जुलाई को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। मतदान 24 जुलाई की सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक होगा और उसी दिन शाम 6 बजे के बाद मतगणना पूरी होने पर चुनाव परिणाम घोषित किया जाएगा। 1 अगस्त को निर्वाचित पदाधिकारियों के बीच प्रमाण पत्र वितरण किया जायेगा।

## एक नजर

### बेहतर कार्य के लिए सम्मानित हुए इंस्पेक्टर

**भागलपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पूर्व रेलवे के चितरंजन रेल कारखाना में पदस्थापित रेलवे सुरक्षा बल के क्राइम इंस्पेक्टर नरेंद्र सिंह को आज बेहतर कार्य हेतु जीएम अवार्ड प्रदान किया गया। इस अवसर पर आयोजित एक समारोह में मंगलवार को चितरंजन रेल कारखाना के महाप्रबंधक विजय कुमार ने रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के आईजी सत्यप्रकाश की उपस्थिति में तेज तर्रार क्राइम इंस्पेक्टर नरेंद्र सिंह को जून महीने में ड्यूटी के दौरान बेहतर प्रदर्शन करने के लिए जीएम अवार्ड से नवाजा। इसके पहले श्री सिंह को अपने बेहतर कार्य कुशलता के लिए सातवें बार जीएम अवार्ड मिल चुका है। इधर चालू वर्ष के जून महीने में चितरंजन कारखाना के आवासीय परिसर में मोटरसाइकिल की बढ़ती चोरी और एक ठेकेदार के गोदाम में हुई चोरी के मामले में शामिल अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु आरपीएफ के आईजी की ओर से गठित विशेष टीम के सदस्य क्राइम इंस्पेक्टर नरेंद्र सिंह ने कम समय में दोनों मामलों के अभियुक्तों को दबोच लिया था। वही श्री सिंह को जीएम अवार्ड मिलने पर रेलवे सुरक्षा बल के स्थानीय अधिकारियों एवं कर्मियों और शुभचिंतकों ने बधाई दी है।

### शराब की डिलीवरी करने जा रहा सप्लायर धराया

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** धनरूआ में वीर चकिया के पास में एक्साईज पुलिस ने दो बड़े-बड़े पॉलिथीन में देसी शराब भरकर डिलीवरी करने जा रहे एक सप्लायर को रंगे हाथ शराब के साथ दबोच लिया है। गिरफ्तार शराब सप्लायर का नाम अमलेश कुमार यादव उम्र 42 वर्ष पिता स्वर्गीय विजेंद्र यादव चकहरिया गौरीचक का रहने वाला बताया जाता है। एक्साईज सुपरिंटेंडेंट ने बताया की नदी उस पार बन रहे धड़ल्ले से अवैध देशी शराब को पॉलिथीन में भरकर धनरूआ जाकर इधर-उधर अन्य जगहों पर वह सप्लाई कर रहे थे, जिसकी सूचना मिली थी, सूचना सत्यापन करते हुए एक्साईज पुलिस ने छापेमारी करते हुए वीर चकिया के पास में दो बड़े पॉलिथीन में 40 लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है।

### चोरी के सामान के साथ दो गिरफ्तार

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रूपसपुर पुलिस ने बंद घर का ताला तोड़कर सामान चुराने वाले एक गिरोह का खुलासा करते हुए दो चोरों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार चोर सोनू नुरूदीनगंज पटनासिटी व सुमित कुमार उर्फ छोटका लोहा का पुल मेंहदीगंज पटना निवासी है. गिरफ्तार चोरों के पास से एक बाइक, एक टीवी, दो इनर्भर, एक मोबाइल, चांदी का जेवरात बरामद किया गया है. सिटीएसपी पश्चिमी भानू प्रताप सिंह ने मंगलवार को पत्रकारों को बताया कि पिछले 20 मई को रूपसपुर थाने के आईएएस कॉलोनी स्थित मुरलीधर वाटिका के फ्लैट संख्या 202 निवासी आशुतोष कुमार के बंद फ्लैट का ताला तोडकर चोरों ने चोरी का अंजाम दिया था. सिटीएसपी ने बताया कि एक टीम गठित किया गया था. गठित टीम ने वैज्ञानिक व तकनीकी अनुसंधान से संलिप्त गिरोह के दो चोरों को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार चोरों के निशानदेही पर चोरी का एक बाइक, एक टीवी, दो इनर्भर,एक मोबाइल, चांदी का जेवरात बरामद किया गया है. गिरफ्तार चोर सोनू व सुमित से पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### 43,603 ट्रैक्टरों की बिक्री दर्ज की



**पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भारत से ट्रैक्टर एक्सपोर्ट में नंबर 1 ब्रांड, सोनालीका ट्रैक्टर्स अपने हेवी ड्यूटी ट्रैक्टरों द्वारा नए मानक स्थापित करने के लिए जाना जाता है, जो किसानों को बेहतर उत्पादकता और समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए अनुकूलित हैं। इस दृष्टिकोण ने कंपनी को अप्रैल-जून 2025 के दौरान कुल 43,603 ट्रैक्टरों के साथ अब तक की सर्वाधिक क्यू1 बिक्री दर्ज करने में मदद की है। यह महत्वपूर्ण छलांग हर किसान के लिए 'दम आगे बढ़ने का' वादा और 20-120 एच पी ट्रैक्टर सेगमेंट में कंपनी की अत्याधुनिक इंजीनियरिंग क्षमताओं का प्रमाण है। देश भर में मॉनसून के कारण खरीफ की बुआई में पिछले साल के आंकड़ों की तुलना में ज़बरदस्त वृद्धि देखी जा रही है। सोनालीका सुनिश्चित करता है कि हर किसान को उसकी फसल और मिट्टी की ज़रूरत के अनुसार उत्पाद मिले। कंपनी के पास 400 से ज़्यादा कुशल इंजीनियरिंग विशेषज्ञ हैं जो सबसे उन्नत तकनीक से चलने वाले ट्रैक्टर विकसित करने के लिए हर किसान की प्रतिक्रिया पर कार्य करते हैं। इस उपलब्धि पर अपने विचार साझा करते हुए, श्री रमन मित्तल, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड, ने कहा, '' हमने हर किसान की यात्रा में अपने हैवी ड्यूटी ट्रैक्टरों से 'दम आगे बढ़ने का' के वादे के साथ सार्थक योगदान देने का लक्ष्य रखा है। हमें खुशी है कि हमने कुल 43,603 ट्रैक्टरों की अब तक की सर्वाधिक क्यू1 ट्रैक्टर बिक्री दर्ज की है, जिसमें हमारा अब तक का सर्वश्रेष्ठ जून बिक्री प्रदर्शन भी शामिल है।

### मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन

**भागलपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार में भागलपुर जिले के नाथनगर थाना क्षेत्र में जिला पुलिस और एसटीएफ ने मिलकर आज एक मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया। भागलपुर के नगर पुलिस अधीक्षक शुभम मिश्रा ने मंगलवार को यहां बताया कि इस क्षेत्र के रतीपुर दियारा में कुछ लोगों द्वारा हथियार बनाने की सूचना मिलने पर आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस उपाधीक्षक (नगर) के नेतृत्व में गठित विशेष टीम एवं एसटीएफ ने मिलकर आज रतीपुर दियारा में एक ठिकाने पर छापेमारी की। उन्होंने बताया कि छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में अर्द्धनिर्मित हथियारों और हथियार बनाने के औजारों के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। चारों की पहचान मुकेश महतो, मो. इम्तियाज, प्रमोद मंडल एवं बैजनाथ मंडल के रुप में हुई और ये लोग भागलपुर तथा मुंगेर जिलों का रहने वाला है।

## धनरूआ में मशाल कार्यक्रम के तहत खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के तहत प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। ऐसे में इस कार्यक्रम का उद्देश्य गांव में छिपी हुई प्रतिभाओं को निखारने और उसे जिला एवं राज्य स्तर मुकाम पाने की कोशिश की जा रही है, ऐसे में मंगलवार को धनरूआ प्रखंड में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां प्रखण्ड के अन्तर्गत 20 संकुल से चयनीत प्रतिभागी मशाल खेल कुद के अन्तर्गत प्रखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता में क्रिडा स्थल बरनी में आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी मिथलेश कुमार द्वारा किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता में प्रखंड स्तर पर 60 मी0 दौड, 100 मी0 दौड़ लम्बी कूद साइकिलिग रेस में प्रथम, द्वितीय, तृतीया स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को मेडल, एंव प्रशस्ती पत्र देकर संयुक्त रूप से सम्मानित किया गया। इस मशाल कार्यक्रम का संचालन हाईस्कूल बहरामपुर के शिक्षक जयंनंदन कुमार ने किया इस कार्यक्रम में शिक्षक' नेता संजय चौधरी सोनल कुमारी, लेखापाल नदीम अनवर, प्रखण्ड साधन सेवी विदा कुमार, सर्वेश कुमार अभिनाश कुमार सैकई वच्ची एवं शिक्षक उपस्थित रहे।



## देसी पिस्तौल और जिंदा कारतूस के साथ सेवती गोली कांड का अभियुक्त गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** धनरूआ पुलिस ने बीते सोमवार की देर शाम को एक देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस के साथ नितिश कुमार को मधुबन गांव के समीप से गिरफ्तार किया गया है, गिरफ्तार आरोपी बीते 8 जून को हुए सेवती जमीन विवाद गोलीकांड में अभियुक्त रहा है। प्रभारी इंचार्ज अंकित कुमार ने बताया कि धनरूआ थाना कांड सं0-372/25 के आर्म्स एक्ट के प्राथमिकी नामजद अभियुक्त नितीश कुमार उम्र करीब 35 वर्ष पे0 विजय यादव उर्फ बबुली यादव सा0-सकरपुरा को पकड़ा गया। गिरफ्तार नितीश कुमार के निशानदेही पर एक देशी कट्टा एवं एक जिन्दा गोली बरामद किया गया है। बरामद देशी कट्टा एवं गोली के संबंध में धनरूआ थाना कांड सं0-435/25 के तहत आर्म्स एक्ट दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार - 25/1-अभियुक्त नितीश कुमार का अपराधिक कई इतिहास रहा जिसमें तीन अलग-अलग कांडों में आर्म्स एक्ट के मामले में इस पर दर्ज है जिसमें धनरूआ थाना कांड सं0-31/20, 258/20, और 372/25 दर्ज है।

गौरतलब है कि जमीन विवाद में सेवती में हुए गोली कांड मामले में कुल 13 लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जिसमें अब तक कुल चार लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। गोलीकांड मामले में बताया जा रहा है की जमीन विवाद में पंचायती के दौरान दो दर्जन से अधिक गोली चली थी जिसमें तीन लोग जख्मी हुए थे।

## मसौढ़ी विधानसभा में 2,34550 गणना पत्र का वितरण, 95 हजार 941 का हुआ संग्रहण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** निर्वाचक सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान, 2025 में विभिन्न चौक-चौराहों पर जीविका दीदियों, आंगनबाड़ी सेविकाओं-सहायिकाओं एवं विकास मित्रों द्वारा बीएलओ के नेतृत्व में लोगों के बीच मतदाता गोष्ठी, परिचर्चा एवं संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। निर्वाचकों को गणना प्रपत्र भरने एवं इसे सब्मिट करने की प्रक्रिया को फैसिलिटेट किया जा रहा है। बहरहाल मसौढ़ी विधानसभा में 394 मतदान केंद्रों पर 3 लाख 60 हजार मतदाताओं का मतदाता का सत्यापन किया जाना है। ऐसे में अब तक कुल 2, लाख 34 हजार 550 गणना पत्र का वितरण किया जा चुका है। जिसमें कुल 95 हजार 941 कुल संग्रहित गणना प्रपत्र एवं दस्तावेज संग्रहित किया जा सके हैं। जिसमें 64077 गणना प्रपत्र को ऑनलाइन अपलोड कर दिया गया है। दरअसल बताया जाता है कि मसौढ़ी विधानसभा में 394 मतदान केंद्र हैं। जिसमें मसौढ़ी में सिर्फ 209 मतदान केंद्र बनाए गए हैं जहां पर 1,34,600 मतगणना पत्र का वितरण कर दिया गया है। जबकि धनरूआ प्रखंड में 185 मतदान केंद्र बनाए गए हैं जहां अब तक सभी बीएलओ ने 99,950 गणना पत्र फार्म का वितरण कर दिया गया है, ऐसे में अब तक मसौढ़ी विधानसभा में कुल 51,512 गणनापा पत्र का फॉर्म संग्रहित कर लिया गया है। वही धनरूआ में 44,429 गणना पत्र फार्म संग्रहित किया जा चुका है। इसके अलावा बीएलओ एप पर अब तक कुल 64 077 गणना प्रपत्र अपलोड कर दिए गए हैं, सबसे लो परसेंटेज वाले बीएलओ को युद्धस्तर पर गणना पपत्र अपलोड करने के लिए निर्देशित किया जा रहा है।



## ग्रामीण आवास सहायक से मारपीट, सरकारी दस्तावेज फाड़ा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी प्रखंड के निशियावां पंचायत के ग्रामीण आवास सहायक शिव कुमार के साथ मंगलवार की दोपहर उस्मानचक गांव में सरकारी कामकाज के दौरान मारपीट की घटना घटी है। पीड़ित ग्रामीण आवास सहायक ने बताया कि उस्मानचक से गांव में गांव भ्रमण में गए हुए थे, इसी दौरान एक व्यक्ति शुधन कुमार पिता बखोरा मोची ने गाली गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की है। इसके अलावा उसे जान से मारने की धमकी दी है। मारपीट के दौरान उसके बैग में रखे हुए कई अत्यंत महत्वपूर्ण सरकारी दस्तावेज को फाड़ दिया जिसके खिलाफ जख्मी ग्रामीण आवास सहायक ने लहसुना थाने में आरोपित शुधन कुमार के खिलाफ थाने में प्राथमिक की दर्ज कराई है, इसके अलावा अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और आयुक्त को भी इसकी लिखित सूचना दी है कि पंचायत मे फील्ड विजिट के दौरान मारपीट और जान से मारने की धमकी मिलने पर नौकरी कर पाना संभव नहीं है ऐसे में उक्त आरोपी पर कठोर कार्रवाई की जाए।

इसके साथ ही उन्होंने आरोप लगाया है कि आरोपी शुधन कुमार उग्रवादी प्रवृत्ति का भी है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

## समान शिक्षा प्रणाली की मांग को लेकर सोशलिस्ट पार्टी (इण्डिया) की पदयात्रा जारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना/फुलवारीशरीफ।** सोशलिस्ट पार्टी (इण्डिया) ने जन विकास शक्ति संगठन, कोशी नव निर्माण मंच और जन जागरण शक्ति संगठन के साथ मिलकर बिहार में समान शिक्षा प्रणाली लागू कराने की मांग को लेकर 6 जुलाई से समस्तीपुर जिले के कर्पूरीग्राम से पदयात्रा शुरू की है जो 10 जुलाई को पटना स्थित जे.पी. निवास, कदम कुआं में समाप्त होगी।

यह पदयात्रा गोखुल, कर्पूरी, फुलेश्वरी डिग्री कॉलेज से शुरू होकर कर्पूरी ठाकुर के पैतृक आवास तक पहुंची जहाँ उनके भतीजे नित्यानंद ने यात्रियों का स्वागत किया। पदयात्रा के दौरान गांधी मूर्ति, ताजपुर, बहुआरा, बाजितपुर, इभैच जैसे स्थानों पर नुक्कड़ सभाएं आयोजित की गईं जिनमें बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी रही। पदयात्रा के दौरान पर्चा वितरण कर आम लोगों को समान शिक्षा प्रणाली की जरूरत और इसके लाभ के बारे में जागरूक किया जा रहा है। इस अभियान में 6 जुलाई को पटना से धनंजय सिन्हा, आलोक कुमार, शशिकांत प्रसाद, राष्ट्र सेवा दल से शाहिद कमाल, सहरसा से प्रोफ़ेसर अरमान खान, मधुबनी से प्रोफ़ेसर जावेद अब्दुल्लाह शामिल हुए. वहीं 8 जुलाई को पटना से उद्यमी नशूर अजमल और सामाजिक कार्यकर्ता सर्फराज पदयात्रा से जुड़े। नशूर अजमल नुशी ने कहा कि जब तक हर तबके के बच्चों को एक जैसी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिलेगी, तब तक समाज का संतुलित विकास संभव नहीं है इसलिए शिक्षा के निजीकरण पर रोक लगाकर सरकार को अपनी संवैधानिक जिम्मेदारी निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत में 1968 में कोठारी आयोग और 2007 में बिहार में मुचकुंद दूबे आयोग ने समान शिक्षा प्रणाली की सिफारिश की थी, लेकिन अब तक इसे लागू नहीं किया गया. जबकि विश्व के कई देशों ने प्राथमिक शिक्षा के लोकव्यापीकरण का लक्ष्य समान शिक्षा प्रणाली से ही हासिल किया है। पदयात्रा में आज महेन्द्र यादव, भागवत पंडित, इन्द्रजीत, दुखीलाल यादव, बबीता, अजय साहनी, पिंकी, फूलकुमारी, सुधा, राजो, गौतम यादव, आरती, रिंकी, अविरल अरमान, पवन, संतराम यादव, अशोक चौरसिया, शंकर सिंह, मीनाक्षी सिंह, संदीप पाण्डेय (महासचिव, सोशलिस्ट पार्टी इण्डिया), विजेन्द्र कुमार (अध्यक्ष, सोशलिस्ट पार्टी इण्डिया, बिहार), धनंजय सिन्हा (महासचिव, बिहार), महेन्द्र यादव (पर्यवेक्षक, बिहार) और राजीव कुमार आदि शामिल थे।

## भारत में आरएसवी के प्रति जागरूकता और टीकाकरण की जरूरत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भारत के मेडिकल एक्सपर्ट्स के अनुसार छोटे बच्चों में तेजी से फैलने वाली एक गंभीर बीमारी- रेस्पिरेटरी सिंसिशियल वायरस (आरएसवी) पर ध्यान देने की सख्त जरूरत है। यह एक ऐसा वायरस है, जो पाँच साल से छोटे बच्चों और नवजातों के सीने में इन्फ़ेक्शन करता है, और बहुत तेजी से फैलता है, यानि छोटे बच्चों के यह फ़ेफड़ों में संक्रमण का बड़ा कारण बनता है। आरएसवी को अक्सर लोग मामूली मौसमी सर्दी-खाँसी समझ बैठते हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि हर साल दुनिया भर के पाँच साल से कम उम्र के करीब 36 लाख बच्चों को इसके कारण अस्पताल में भर्ती होना पड़ता है और करीब 1 लाख बच्चों की जान चली जाती है। भारत में हर साल लगभग 2.5 करोड़ बच्चों का जन्म होता है, जिससे इस बीमारी का बोझ हमारे देश पर भी काफी भारी पड़ता है। खासतौर पर, मानसून और सर्दी की शुरुआत में तो हालात और बिगड़ जाते हैं, जब नवजात शिशु आईसीयू (एनआईसीयू) में भर्ती होने वाले बच्चों की संख्या तेजी से बढ़ जाती है। चौंकाने वाली बात यह है कि आरएसवी का असर सिर्फ बीमार या कमजोर बच्चों पर नहीं होता, बल्कि कई बार बिल्कुल स्वस्थ और समय पर जन्मे बच्चों को भी ऑक्सीजन या वेंटिलेटर की जरूरत पड़ जाती है। इसलिए जरूरी है कि माता-पिता और डॉक्टर दोनों ही इस वायरस को लेकर सतर्क रहें और जो बचाव के तरीके उपलब्ध हैं, उनके बारे में जागरूक रहें, ताकि मासूम बच्चों की ज़िंदगी को इस खतरनाक वायरस से बचाया जा सके।

## मॉनसून में अपनाएं आयुर्वेदिक डाइट, पाएं प्राकृतिक रूप से दमकती त्वचा : डॉ. मधुमिता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बारिश के मौसम में त्वचा अक्सर बेजान और रूखी हो जाती है। ऐसे में आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. मधुमिता कृष्णन का मानना है कि प्राकृतिक आहार और जीवनशैली अपनाकर त्वचा को भीतर से स्वस्थ और चमकदार बनाया जा सकता है। डॉ. मधुमिता बताती हैं कि इस मौसम में बादाम, हर्बल चाय, हल्दी, मौसमी फल, हरी पत्तेदार सब्जियां और घी को डाइट में शामिल करना बेहद फायदेमंद होता है। बादाम जहां वात दोष को संतुलित करते हैं, वहीं हर्बल चाय पाचन को दुरुस्त कर त्वचा की गंदगी बाहर निकालती है। हल्दी अपने एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों के कारण मुंहासों को कम करती है और त्वचा की चमक बढ़ाती है। उन्होंने यह भी बताया कि हरी सब्जियां जैसे पालक और मेथी शरीर को डिटॉक्स करती हैं और मौसमी फल जैसे अनार व सेब त्वचा को पोषण देते हैं। वहीं, आयुर्वेद में घी को अमृत समान माना गया है, जो त्वचा को भीतर से नमी और कोमलता देता है। डॉ. मधुमिता ने कहा ह्लत्वचा की देखभाल केवल बाहरी नहीं, आंतरिक होनी चाहिए। सही खानपान और आयुर्वेदिक दिनचर्या अपनाकर न सिर्फ त्वचा को बल्कि पूरे शरीर को सेहतमंद बनाया जा सकता है।

## सुधा डेयरी आरा द्वारा ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम अंतर्गत सुधा डेयरी, आरा द्वारा ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय, बामपाली, आरा के छात्रों/छात्राओं के साथ एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में सुधा डेयरी के प्रबंध निदेशक, धनंजय कुमार ने सुधा डेयरी की कार्य प्रणाली, डेयरी अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों, दुग्ध उत्पादन, संग्रहण, प्रसंस्करण तथा दुग्ध विपणन पर स्कूली बच्चों के साथ विस्तृत जानकारी सांझा की। श्री कुमार ने सुधा डेयरी द्वारा बनाए जाने वाले विभिन्न दुग्ध जन्य उत्पादों जैसे- दही, लस्सी, पेड़ा, मिठाई इत्यादि के बारे में भी बच्चों को विस्तृत रूप से बताया । दुग्ध एक संपूर्ण आहार है, के बारे में सुधा डेयरी के अन्य पदाधीकारियों ने विस्तृत जानकारी दी। ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय के निदेशक श्री आदित्य विजय जैन ने बताया कि सुधा डेयरी द्वारा आयोजित किए जा रहे इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम सराहनीय होने के साथ साथ जन मानस के लिए अत्यंत ही लाभकारी है। जागरूकता कार्यक्रम में डेयरी से संबंधित अन्य विषयों पर विस्तृत चर्चा हेतु सुधा डेयरी के कर्मीगण शिव शंकर श्रीवास्तव, कुमार अभिषेक आनंद, अरविंद कुमार सिंह, शिफाली भारद्वाज, श्री अनुराग प्रियदर्शी इत्यादि उपस्थित रहे।




**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक** 07.07.2025, मंडल अभियंता/III, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं.: टीएन-95-25-26, कार्य का नाम:** डीईएन/III/सियालदह के क्षेत्राधिकार में कृष्णनगर-लालगोला शाखा में रूफ कवर्ड आरसीसी यू-ट्रफ सहित एयर पुशिंग सिस्टम द्वारा आरसीसी बॉक्सों के जरिए लिमिटेड हाइट सबवे (एलएचएस) के निर्माण द्वारा लेवल क्रॉसिंग (एलसी) गेट नं. 92/ई, 165/ई और 171/ई को हटाया जाना। **निविदा मूल्य :** रु.25,54,60,246.01, **बयाना राशि :** रु. 14,27,300/-, **कार्य की समापन अवधि:** 06 माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 04.08.2025 को 15.00 बजे। (1) निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। (2) **निविदा के खुलने की तिथि और समय दिनांक** 04.08.2025 को 15.30 बजे है।

SDAH-113/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# जागरूकता से बाल श्रम मुक्त बनेगा बिहार : अरविन्द

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार को बाल श्रम मुक्त राज्य बनाने के लिए सभी को संकल्प लेना होगा। ये तभी संभव होगा जब समाज के लोगों को जागरूक होंगे। बच्चों के अभिभावक को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया जाए और बच्चों का दाखिला स्कूल कराया जाए। यह बात बाल श्रमिक आयोग के उपाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह ने सोमवार को जिला अतिथि गृह में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान कही। सर्वप्रथम बाल श्रमिक आयोग के उपाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह ने श्रम विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक किया और ईट भट्ठों, रेल्वे, दुकान सहित अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर बाल मजदूरी से बच्चों को कैसे रोका जाएं, इस पर चर्चा की गई। साथ ही बाल मजदूरी से बच्चों को मुक्त कर उन्हें मुख्य धारा से कैसे जोड़ा जाएं। श्री सिंह ने कहा कि सरकार गरीबों को अनाज, विद्युत पानी सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं को प्रदान कर रही हैं। बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने के लिए किताब, कॉपी, पोशाक, साइकिल भोजन इत्यादि की व्यवस्था प्रदान की जा रही हैं। श्री सिंह ने कहा कि बिहार के लोग अब ग़रीबी रेखा से ऊपर है। इसके वावजूद यदि कोई व्यक्ति अपने बच्चों को मजदूरी के लिए भेजता हैं तो उन्हें दंडित किया जाएगा। हमारी कोशिश है, अधिक से अधिक गरीब परिवारों को जागरूक किया जाएं ताकि वे अपने बच्चों को पढ़ने के लिए स्कूल भेजे। यदि उनके बच्चे पढ़ेंगे-लिखेंगे तो उनके परिवार के साथ- साथ प्रदेश का विकास होगा। बाल मजदूरी से मुक्ति के लिए सरकार जरूरी कदम उठाए उठाएगी। वहीं श्रमिकों को अधिक से अधिक मजदूरी कैसे मिले, इस पर भी सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के लंबे कार्यकाल के वावजूद वे निष्पाप और निष्कलंक है। आज तक उन पर कोई दाग नहीं लगा। लेकिन बिहार में पार्टी प्रमुखों पर भ्रष्टाचार के कई आरोप हैं। यदि हमारी सरकार जनता की जरूरतों को पूरी कर रही हैं तो एक बार फिर नीतीश कुमार को बहुमत के साथ मुख्यमंत्री बनाए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि आपसी मतभेद भुलाकर एनडीए की सरकार बनाएं। जात पर आधारित राजनीति करने वाले पार्टियों को वोट की चोट से हराए। इस अवसर पर पूर्व विधान परिषद सदस्य राजन सिंह, भाजपा नेता सतीश कुमार सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष मुकेश शर्मा, जिलाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह चंद्रवंशी, भाजपा कार्य समिति सदस्य अशोक सिंह, विवेक सिंह चौहान, आकाश सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।



# नाला में गिरने से बैंककर्मी की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के दाउदनगर शहर के दुर्गा क्लब के पास निर्माणाधीन नाले में गिरने से एक्सिस बैंक के क्लर्क की मौत हो गई। बताया जाता है कि वे लॉन्ड्री से कपड़ा लेकर घर लौट रहे थे तभी बैलेंस बिगड़ने से उनका पैर फिसल गिया और नाले में गिर गए। नाले में गिरने के कारण लगाये गये लोहे का रॉड पेट के आर-पार हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें बाहर निकाल आनन-फानन में अस्पताल लेकर पहुंचे।जहां उनकी मौत हो गई। मृतक की पहचान रंजन पांडेय के तौर पर हुई है। वे पिछले दो साल से दाउदनगर शाखा में तैनात थे। स्थानीय लोगों ने नगर परिषद और निर्माण एजेंसी पर लापरवाही का आरोप लगाया है। कहा कि नाले के पास न बैरिकेडिंग थी और न ही कोई चेतावनी बोर्ड लगाया गया था।



बारिश के चलते वहां पानी भी भरा था। लापरवाही के चलते यह हादसा हुआ है। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना दी गई है। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया जाएगा। पुलिस अपने स्तर से छानबीन कर रही है। मौत की खबर सुनते ही बैंक के मैनेजर पंकज प्रभाकर, स्टाफ ऋतु राज, जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि शैलेश यादव, पूर्व उपमुख पार्षद कौशलेंद्र कुमार सिंह, पार्षद डॉ. केदारनाथ सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष श्याम चाणक्य और युवा संघ अध्यक्ष भास्कर तिवारी भी अस्पताल पहुंचे।

# किसानों को दें कृषि योजनाओं की जानकारी : डीइओ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर( औरंगाबाद)।** प्रखंड कृषि कार्यालय के सभागार में स्थानांतरित जिला कृषि पदाधिकारी रामेश्वर प्रसाद एवं अनुमंडल कृषि पदाधिकारी संतोष कुमार के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने दोनों पदाधिकारी के कार्यकाल की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि जिला कृषि पदाधिकारी का कुशल मार्गदर्शन प्राप्त हुआ है, जिसके कारण बेहतर सफलता प्राप्त हुई है। अनुमंडल कृषि पदाधिकारी के सानिध्य में बेहतर कार्य करने का अवसर मिला है। बीडीओ मो जफर इमाम, सीओ शैलेंद्र कुमार यादव, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनिल कुमार, आत्मा अध्यक्ष योगेंद्र यादव समेत अन्य वक्ताओं ने दोनों पदाधिकारियों के कार्यकाल की सराहना की। इस अवसर पर बेहतर कार्य करने के लिए कृषि विभाग के कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। स्थानांतरित जिला कृषि पदाधिकारी रामेश्वर प्रसाद ने कहा कि पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कोई भी कार्य करना चाहिए। जब स्थानांतरित होकर औरंगाबाद जिले में आये थे, तो उस समय किसान सरकारी बीज लेने के लिए तैयार नहीं होते थे। बीज अनुदान का पैसा किसानों का बकाया था। किसानों का चार-पांच करोड़ का राशि बकाया था। उन्होंने वरीय पदाधिकारियों से आग्रह किया और सकारात्मक पहल किया। किसानों के बैंक खाते में पैसा पहुंचा। एकाध प्रतिशत ही किसान ही ऐसे बचे होंगे, जिनके एकाउंट नंबर की गड़बड़ी के कारण पैसा नहीं जा पाया होगा। आपको काम करने की इच्छा शक्ति विकसित करनी होती है, तभी काम होता है।

# सब्जी मंडी पर चला प्रशासन का बुलडोजर

## सब्जी विक्रेताओं और आढ़ितयों में नाराजगी, प्रशासन से नई जगह की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के मुख्य बाजार क्षेत्र में वर्षों से संचालित अस्थायी सब्जी मंडी को मंगलवार को जिला प्रशासन द्वारा अतिक्रमण मुक्त किया गया। यह कार्रवाई नगर परिषद और अंचल प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा की गयी। मौके पर पुलिस बल की तैनाती भी की गई थी ताकि कोई अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो। इस दौरान सब्जी विक्रेताओं और आढ़ितयों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि वे जल्द से जल्द अपने-अपने सामान को समेट लें और उस स्थल को खाली कर दें। नगर प्रशासन के अनुसार यह कार्रवाई नगर क्षेत्र को व्यवस्थित बनाने तथा अनधिकृत अतिक्रमण को हटाने के उद्देश्य से की गई है। हालांकि, इस कार्रवाई से सब्जी विक्रेताओं और आढ़ितयों में भारी नाराजगी तथा



मायूसी देखी गई। कई छोटे दुकानदारों का कहना था कि वे वर्षों से वहीं दुकान लगाकर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे लेकिन बिना वैकल्पिक व्यवस्था के मंडी को हटाना उनके रोज़गार पर सीधा आघात है। प्रभावित विक्रेताओं ने जिला प्रशासन से मांग की है कि उन्हें किसी उपयुक्त स्थान पर दुकान लगाने की अनुमति दी जाए जिससे उनका व्यापार फिर से शुरू हो सके। वहीं, थोक व्यापार से जुड़े आढ़ितयों ने भी प्रशासन से एक सुसंगठित होलसेल मंडी स्थल की मांग की है, जहां ट्रक पार्किंग, लोडिंग व अनलोडिंग की सुविधा उपलब्ध हो। एक आढ़ती ने बताया कि हम सब वर्षों से सब्जियों का थोक कारोबार यहीं से करते रहे हैं। ट्रकों से माल आता है, उतरता है और फिर ग्रामीण क्षेत्रों में जाता है। अगर सरकार हमें कहीं और शिफ्ट कर रही है तो हमें ऐसी जगह चाहिए जहां परिवहन और लोडिंग-अनलोडिंग की बेहतर सुविधा हो। मामले में प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई नगर के सुचारू ट्रैफिक प्रबंधन और स्वच्छता के लिहाज से आवश्यक थी। अधिकारियों ने यह भी संकेत दिए हैं कि वैकल्पिक व्यवस्था के संबंध में विचार किया जा रहा है और जल्द ही सभी प्रभावितों के साथ बैठक कर समाधान निकाला जाएगा।

# बिहार बंद के समर्थन में मशाल जुलूस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर( औरंगाबाद)।** 9 जुलाई बुधवार को ट्रेड यूनियन की हड़ताल के समर्थन और मतदाता गहण पुनरीक्षण के खिलाफ महागठबंधन द्वारा बिहार बंद को लेकर मशाल जुलूस निकाला गया। जुलूस का नेतृत्व राजद नेता रामेश्वर कुमार रौशन व प्रखंड अध्यक्ष सरोज कुमार ने किया। मशाल जुलूस शिवनाथ बिगहा से थाना रोड, अस्पताल रोड, मुख्य बाजार होते हुए पुनः शिवनाथ बिगहा मोड़ पहुंच सभा में परिणत हो गया। नेताओं ने कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों से अपील की कि 9 जुलाई को सुबह 6 बजे से बिहार बंद कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के इशारे पर निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान चलाया है। इससे गरीबों और पिछड़ों को मताधिकार से वंचित करने की साजिश की जा रही है।






# डकैती सहित अन्य मामलों में 24 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मादक प्रदार्थों की खरीद-ब्रिक्री पर रोक के साथ आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने को लेकर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में कई कार्रवाई की है। इस दौरान असामाजिक तत्वों, आरोपितों के साथ ही शराब का सेवन, बिक्री, भंडारण, निर्माण व परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने तथा देसी शराब भट्टी ध्वस्त करने के मामले में 24 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। इस क्रम में आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 12 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। डकैती कांड में 1, एससी-एसटी एक्ट में 8, हत्या का प्रयास में 1, शराब के शीर्ष कांडों में 7 एवं अन्य शीर्ष कांडों में 21 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 774 वाहनों की जांच की गई जिससे 45000 रूपये जुर्माना वसूला गया हैं। इसके अलावा वारंट निष्पादन की संख्या 3 एवं कुर्की निष्पादन संख्या 1 हैं। वहीं 226 लीटर देसी एवं 7.5 लीटर विदेशी शराब बरामद करने के साथ एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया हैं। विदित हो कि एसपी के आदेश पर जिला पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। इस अभियान का एसपी अम्बरीश राहुल खुद नेतृत्व करते हैं और पुलिस पदाधिकारी को दिशा निर्देश के बाद पुलिस छापेमारी कर बदमाशों की गिरफ्तारी करते हैं। एसपी की माने तो पुलिस पदाधिकारियों को लगातार दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं ताकि गंभीर मामलों में फरार बदमाशों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे लंबित मामलों की जांच में तेजी लाएं और समय रहते गंभीर अपराधों का खुलासा करें। एसपी ने आम जनता से भी अपील की कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें ताकि अपराध पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके और समाज में शांति व सुरक्षा का माहौल बना रहे।

# युवाओं ने कांग्रेस पर जताया भरोसा, ग्रहण की सदस्यता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मंगलवार को एक साथ कई युवाओं ने छात्र संगठन एनएसयूआई की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर सदर विधायक आनंद शंकर सिंह एवं एनएसयूआई के बिहार प्रभारी सत्यम कुशवाहा मौजूद रहे। उन्होंने पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले युवाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। यह कार्यक्रम सदर विधायक के आवास पर आयोजित की गयी। विधायक ने कहा कि कांग्रेस के विचारों से प्रभावित होकर आज राम लखन सिंह यादव कॉलेज के पूर्व विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पंकज यादव ने अपने दर्जनों साथियों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। समाज के विकास में युवाओं की



अहम भूमिका होती है। आज के युवा बिहार के भविष्य हैं, जरूरत सिर्फ एक नेक पहल और उचित मार्गदर्शन की है। बधाई देने वालों में कांग्रेस के कार्यकारी जिला अध्यक्ष महेंद्र यादव, छात्र नेता आशुतोष कुमार सिंह, एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष भीम चौहान, करण राणा, रोहित सिन्हा, दीपक कुमार, राकेश कुमार, मजहर साहिल, अजय कुमार सिंह, सोनू कुशवाहा, यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र पासवान, सागर कुमार, अजय सिंह, मोहम्मद सारिक सहित अन्य शामिल हैं।


नवबिहार टाइम्स बिहार व झारखंड संस्करण के 36वें स्थापना दिवस के मौके पर स्वस्थ्य पत्रकारिता के लिए नवबिहार टाइम्स परिवार व पाठकों व बिहारवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।



चंदन यादव
लोजपा (रा) के पटना जिलाध्यक्ष

नवबिहार टाइम्स के 36 वें स्थापना दिवस के मौके पर स्वस्थ्य पत्रकारिता के लिए नवबिहार टाइम्स परिवार व पाठकों व बिहार वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।



मौलवी हसन उर्फ मक्खन
इंतेजामिया कमिटी तकिया जमालशाह के सचिव


# कबड्डी में लड़कियों ने मारी बाजी, शिल्ड पर जमाया कब्जा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर( औरंगाबाद)।** मदनपुर खेल मैदान में राज्य सरकार द्वारा आयोजित मशाल खेल प्रतियोगिता में लड़कियों का जलवा रहा। बेहतर प्रदर्शन करते हुए शिल्ड पर कब्जा जमाया। सीआरसी सलैया के कन्या मध्य विद्यालय बेरी कलां की सोनी कुमारी पहले, रजंती कुमारी दूसरे एवं खुशी कुमारी तीसरे स्थान पर रही। संजना कुमारी, पीहू कुमारी,



मुस्कान कुमारी, ज्योति कुमारी, पल्लवी कुमारी, निशा कुमारी जबकि उपविजेता टीम उच्च माध्यमिक विद्यालय एरकी कला विद्यालय के बालिका वर्ग अंडर 14 के नेहा कुमारी, सलोनी कुमारी, रिंकी कुमारी, पूजा कुमारी, अणु कुमारी, फरीदा खातून, खुशी कुमारी एवं संध्या कुमारी शामिल थीं। वहीं विजेता टीम बालक वर्ग के अंडर 14 के जीतू कुमार, रिशु कुमार, कौशल कुमार, सन्नी कुमार, गोलू कुमार, शंकर कुमार, सौरव कुमार, वीरेंद्र कुमार, अमरेश कुमार जबकि उपविजेता टीम उच्च विद्यालय एरकी कला के प्रियांशु कुमार, प्रिंस कुमार, छोटू कुमार, साकेत कुमार, किशोर कुमार, उमाशंकर कुमार, अनीश कुमार शामिल हैं। उच्च माध्यमिक विद्यालय बेरी के छात्र-छात्राएं खेल प्रतियोगिता में शामिल थीं। बीईओ संजीव कुमार, लेखापाल श्याम कुमार, प्रखंड साधनसेवी विजय कुमार सिंह, दीपक कुमार , खेल नोडल शिक्षक मुकेश कुमार सहित अन्य शिक्षक शामिल थे।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269


# दलितों की जमीन पर कब्जा का आरोप, समाहरणालय का घेराव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के मदनपुर प्रखंड अंतर्गत महुलान गांव के दर्जनों की संख्या में महिला-पुरुषों ने मंगलवार को समाहरणालय का घेराव किया। लोगों ने समाहरणालय के मुख्य गेट पर मदनपुर सीओ और पूर्व मुखिया धनंजय यादव के खिलाफ नारेबाजी की। लोगों ने पूर्व मुखिया धनंजय यादव पर जबरन जमीन और मकान कब्जाने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि वे कई पीढ़ियों से गैरमजरूआ और मालिक गैरमजरूआ जमीन पर मकान बना कर रह रहे हैं। यह जमीन उनके पूर्वजों के समय से कब्जे में है। ग्रामीणों ने बताया कि महुलान गांव के निवासी धनंजय यादव दबंग प्रवृत्ति के व्यक्ति हैं। वे करीब बीस लोगों के साथ टोले में आते हैं। जाली कागज दिखाकर जमीन की नापी करते हैं। मकान और जमीन का माप लेते हैं। पैसे की मांग करते हैं। पैसा नहीं देने पर जातिसूचक गालियां देते हैं।



मारपीट और जान से मारने की धमकी देते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि धनंजय यादव मदनपुर अंचलाधिकारी को भी अपने पक्ष में कर चुके हैं। उनके सहयोग से दलित और महादलित परिवारों को जमीन से बेदखल करने की कोशिश की जा रही है। इससे पूरे टोले में डर और दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने जिला पदाधिकारी से जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि वे अपने पुश्तैनी जमीन पर रह रहे हैं। जबरन कब्जा और धमकी से उनका जीवन संकट में है। इसके पहले ग्रामीणों ने मदनपुर स्थित प्रखंड कार्यालय का घेराव किया। मामले की जानकारी मिलने पर सीओ मो. अकबर हुसैन ने दोनों पक्षों की बात सुनी। उन्होंने बताया कि आवेदन के आधार पर राजस्व कर्मचारी से जांच कराई जाएगी। कागजातों की गहन जांच होगी। उचित कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, दोनों पक्षों को जमीन पर कोई भी काम करने से रोक दिया गया है। शांति बनाए रखने का निर्देश दिया गया है।


BAYC Institute स्थापित 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7
नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
भारत का पहला कॉलेज
डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन




DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DEMS Electrohomeopathy Medicine
DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine | DNYS Naturopathy Yoga
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE
MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BEMS Electrohomeopathy Medicine
BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture | MBAS Medicine in ALT Science
अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2 | अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE
MD (Acu Yoga) MD (TM) | MD (EH)
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE
BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE
MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार
Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES



डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।
कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।



डा. अजय प्रकाश
सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in
Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com